ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26 पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

रोजा का समय
इफ्तार (01.04.24): शाम 06:06 बजे
सेहरी (02.04.2024) सुबह 04:18 बजे
Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

# प्रभात मंत्र

हिन्दी दैनिक

**सुविचार**

को उस विचार में डूब जाने दो और बाकी सभी विचार को किनारे रख दो। यही सफल होने का तरीका है।

रांची, सोमवार | 01.04.2024 | वर्ष 11, अंक 89 | RNI No. - JHAHIN/2014/59110

## क्विक न्यूज

### हरियाणा के प्रथम सीएम की पुत्रवधू आशा शर्मा भाजपा में शामिल

**झज्जर :** स्वतंत्रता सेनानी व प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पंडित भगवत दयाल शर्मा की पुत्रवधू आशा शर्मा रविवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गई। रोहतक से लोकसभा सांसद और चुनाव में क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार डॉ. अरविंद शर्मा ने उनको विधिवत रूप से पार्टी ज्वाइन करवाई। पंडित भगवत दयाल शर्मा ट्रस्ट की अध्यक्ष आशा शर्मा ने बताया कि वह पिछले काफी समय से समाजसेवा में लगी हुई थी और पंडित जबके सपनों को पूरा करने का प्रयास कर रही थी। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीति गरीब, मजदूर के हक की है। आशा शर्मा ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नायब सैनी के कार्यों की नीति में विश्वास रखते हुए भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन की है। आशा शर्मा ने बताया कि वो इस लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को जिताने के दिन-रात मेहनत करेगी और पार्टी का प्रचार प्रसार करेगी। इस मौके पर भाजपा रोहतक लोकसभा प्रभारी राजीव जैन, जिला अध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, मनीष चेयरमैन मौजूद रहे।

### कांग्रेस ने जारी की यूपी के 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट

**लखनऊः** देश भर में लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेज हो गई हैं। एक तरफ जहां निर्वाचन आयोग देश में लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने की तैयारियों में जुटा हुआ है तो वहीं सभी राजनीतिक दल भी अपनी-अपनी रणनीति बनाने में जुटे हुए हैं। इसी क्रम में आज रविवार को कांग्रेस पार्टी ने उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए यूपी के लिए 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी की है। कांग्रेस पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर इस लिस्ट को शेयर किया है। इसके साथ ही लिखा है कि %लोकसभा आम चुनाव का पहला चरण जो 19 अप्रैल 2024 से निर्धारित है उसके लिए प्रदेश के स्टार प्रचारकों की सूची निम्नलिखित है। सभी नेतागणों को बहुत बहुत बधाई। आपके मार्गदर्शन में प्रदेश इस बार जीत के सारे रिकॉर्ड तोड़ेगा और इंडिया गठबंधन सरकार बनाने का विजय मार्ग प्रशस्त करेगा।

### दिल्ली के पास 11 बच्चों से भरी एसयूवी डंपर और ट्रक से टकराई, तीन की मौत

**नई दिल्ली :** दिल्ली के उपनगर गाजियाबाद के पास मेरठ एक्सप्रेसवे पर एक कार की एक डंपर और एक ट्रक से टक्कर हुई जिससे एक ड्राइवर और दो बच्चों की मौत हो गई.घटना के दृश्य सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गए.इस नाटकीय घटना के वीडियो में दिख रहा है कि कई कारों को मल्टीलेन हाईवे पर एसयूवी दाहिनी ओर खड़े डंपर से टकराती है और घूमती हुई वहां से गुजर रहे एक ट्रक से टकरा जाती है. एसयूवी चकनाचूर होती हुई और ट्रक पलटता हुआ दिखता है. हादसे में कार का सामने का हिस्सा टूटी हुई मेटल के ढेर में बदल गया.पुलिस अधिकारी पूनम मिश्रा ने बताया,अमरोहा से 11 बच्चों को लेकर दिल्ली जा रही एक अर्टिगा कार एक डंपर और एक ट्रक से टकरा गई. अफरा-तफरी के बीच स्थानीय निवासियों ने 11 बच्चों और ड्राइवर को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया. पुलिस ने कहा कि डंपर खड़ा था क्योंकि उसमें गैस खत्म हो गई थी. उसके चालक सद्दाम को गिरफ्तार कर लिया गया है. एघायल हुए सभी बच्चों की उम्र 10 से 12 साल के बीच है. वे दिल्ली में जामिया में कक्षा 6 की परीक्षा देने जा रहे थे. मरने वालों में ड्राइवर अनस और बच्चे उनेश व आजम हैं.

### संघ प्रमुख भागवत ने अमरकंटक में की मां नर्मदा की पूजा

**भोपाल :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत रविवार को विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में स्थित पवित्र नगरी अमरकंटक पहुंचे। यहां उन्होंने मुख्य नर्मदा उद्गम स्थल पर मां नर्मदा की पूजा-अर्चना कर विश्व कल्याण के लिए प्रार्थना की। उन्होंने मंदिर परिसर का अवलोकन भी किया। इस दौरान सरसंघचालक डॉ. भागवत के साथ अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य भैयाजी जोशी भी मौजूद रहे।इसके बाद डॉ. भागवत अमरकंटक स्थित मृत्युंजय आश्रम पहुंचे और यहां शिव अभिषेक पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रमुख संतों, प्रचारकों के साथ उन्होंने यहां हवन और आरती में हिस्सा लिया। इसके बाद उन्होंने स्वामी एकरसानंद आश्रम के प्रमुख संत स्वामी हरिहरानंद सरस्वती महाराज के साथ सौजन्य भेंट की। यहां अतिथिद्वय को महाराज ने आश्रम परिवार की ओर से साल, श्रीफल और प्रतीक चिह्न से सम्मानित किया। लगभग एक घंटे तक यहां उनके बीच विविध महत्वपूर्ण विषयों पर बातचीत हुई। स्वामी हरिहरानंद ने सभी आश्रमवासियों सहित डॉ. भागवत का आभार प्रदर्शन किया।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 35° |
| न्युनतम | 20° |

## विपक्षी गठबंधन की रामलीला मैदान में हुई लोकतंत्र बचाओ महारैली

# झारखंड झुकेगा नहीं, इंडिया रुकेगा नहीं : कल्पना सोरेन

**कल्पना सोरेन ने कहा कि आपके यहां उपस्थित होने से सभी को ताकत मिलती है. आज संविधान में मिली बाबा साहेब की गरंटियों को खत्म किया जा रहा है.**

एजेंसी

**दिल्ली.** लोकसभा चुनाव से पहले इंडिया गुट के 27 दल रविवार को रामलीला मैदान में लोकतंत्र बचाओ रैली में शामिल हुए. इस रैली में राहुल गांधी, शरद पवार और शिवसेना के प्रमुख उद्धव ठाकरे, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन शामिल हुई. कल्पना सोरेन ने कहा कि हम आदिवासियों की कहानी संघर्षों की कहानी है. खून से लिखा हुआ इतिहास है जिस पर हम आदिवासियों को गर्व है. ये सैलाब इस बात की गवाही दे रहा है कि लोकतंत्र को खत्म करने के लिए तानाशाह ने अपना कदम बढ़ाया है. उसे खत्म करने केस लिए आपने संकल्प लिया है. कल्पना सोरेन ने कहा कि आपके यहां उपस्थित होने से सभी को ताकत मिलती है. आज संविधान में मिली बाबा साहेब की गरंटियों को खत्म किया जा रहा है. आज बेरोजगारी और महंगाई चरम सीमा पर है. नफरत की आग फैलाई जा रही है. क्या कोई भी इस देश में बड़ा नेता हो जाए तो वो बड़ा नहीं है बल्कि भारत की जनता सबसे बड़ी है. देश बचाना है, लोकतंत्र बचाना है और अपने हक के लिए अपने वोट का चुनाव सही ढंग से करने होगा.

### मोदी जी प्रियंका चोपड़ा से मिलेंगे, किसानों से नहीं : तेजस्वी यादव

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री व नेता तेजस्वी यादव ने कहा,हम लोगों ने पहली रैली पटना में की। दूसरी मुंबई में और तीसरी दिल्ली में हो रही है। देश के कोने-कोने में जहां भी हम जा रहे हैं, वहां जनता का साथ मिल रहा है। जिस हिसाब से देश को बांटने का काम किया जा रहा है, नफरत की राजनीति की जा रही है। हम चाहते हैं कि इस लड़ाई में हमें आपका साथ मिले। जो लोग नारा लगाते हैं कि अबकी बार 400 पार, उनका मुंह है, कुछ भी बोलेंगे। लेकिन एक बात तय है कि जनता ही मालिक है।



### लोकतंत्र को बचाना हमारी जिम्मेदारीः शरद पवार

एनसीपी-एससीपी प्रमुख शरद पवार ने कहा, इस सरकार (केंद्र सरकार) ने दिल्ली के सीएम, झारखंड के सीएम को गिरफ्तार किया है और विभिन्न राज्यों के कई अन्य नेताओं को भी जेल में डाल दिया है। यह कार्रवाई लोकतंत्र और संविधान पर हमला है।इसे (लोकतंत्र) बचाना हमारी जिम्मेदारी है।

### ऐसा भारत बनाएंगे, जहां दुनिया भर से छात्र पढ़ने आएंगे : सुनीता केजरीवाल

सुनीता केजरीवाल ने सीएम केजरीवाल का संदेश पढ़ते हुए कहा, मैं आपसे वोट नहीं मांग रहा. आज 140 करोड़ लोगों नया भारत बनाने के लिए आमंत्रित करता हूं. भारत एक महान देश है. भगवान का दिया सबकुछ है, फिर भी हम पिछड़े हैं. मैं आज जेल में हूं. मैं भारत मां के बारे में सोचता हूं. जब भारत मां के बच्चों को अच्छी शिक्षा नहीं मिलती तो पीड़ा होती है. कुछ नेता सुबह शाम शानो शौकत की जिंदगी जीते हैं. दोस्तो के साथ देश को लूटने में लगे हैं, तो भारत मां को बहुत गुस्सा आता है. आइए मिलकर एक नया भारत बनाते हैं, जहां कोई गरीब नहीं होगा, बेरोजगार नहीं होगा. हर बीमार को अच्छा इलाज मिलेगा. देश के कोने-कोने में बिजली होगी और शानदार सड़के होंगी.ईडी की रिमांड में चल रहे अरविंद केजरीवाल की पत्नी ने इंडी गठबंधन के मंच से दिल्ली के सीएम का संदेश पढ़ा. उन्होंने आगे कहा, एक ऐसा भारत होगा जहां दुनिया भर से छात्र पढ़ने आएंगे.

## मैच फिक्सिंग कर चुनाव जीतना चाह रहे पीएम मोदी : राहुल गांधी



**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी गठबंधन इंडिया की रामलीला मैदान में महारैली हुई। महारैली में विपक्षी गठबंधन का नारा तानाशाही हटाओ, लोकतंत्र बचाओ रहा। इस दौरान कई विपक्षी नेताओं ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। इंडिया गठबंधन की महारैली में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, आज कल आईपीएल के मैच चल रहे हैं। आप सबने मैच फिक्सिंग शब्द सुना है। जब बेइमानी से एम्पायर पर दबाव डालकर, खिलाड़ियों को खरीदकर मैच जीता जाता है, तो इसे मैच फिक्सिंग कहा जाता है। हमारे सामने लोकसभा का चुनाव है। हमारी टीम में से मैच शुरू होने से पहले दो खिलाड़ियों को गिरफ्तार करके अंदर कर दिया गया। पीएम मोदी इस चुनाव में मैच फिक्सिंग करने की कोशिश कर रहे हैं। ये जो उनका 400 पार का नारा है वो बिना मैच फिक्सिंग के 80 पार नहीं हो सकता है। उन्होंने आगे कहा, कांग्रेस पार्टी विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी है। हमारे सभी बैंक अकाउंट बंद कर दिए गए हैं। चुनाव के बीच में देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के बैंक अकाउंट बंद कर दिए। हमारे सारे संसाधनों को बंद कर दिया गया। ये कैसा चुनाव हो रहा है? नेताओं को जेल में डाला जाता है। ये मैच फिक्सिंग करने की कोशिश की जा रही है। ये मैच फिक्सिंग पीएम मोदी और हिंदुस्तान के तीन-चार सबसे बड़े अरबपति मिलकर कर रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि हिंदुस्तान के संविधान को हिंदुस्तान की गरीब जनता के हाथ से छीनने के लिए ये मैच फिक्सिंग की जा रही है। जिस दिन ये संविधान खत्म हो गया, उस दिन ये हिंदुस्तान नहीं बचेगा। ये जो संविधान है हिंदुस्तान की जनता की आवाज है। यही इनका (भाजपा) लक्ष्य है। ये सोचते हैं कि धमकाकर और डराकर पुलिस, सीबीआई, ईडी,आईटी के साथ देश चलाया जा सकता है। आप हिंदुस्तान की आवाज को नहीं दबा सकते हो। इस आवाज को कोई नहीं दबा सकता। ये लड़ाई संविधान को बचाने की लड़ाई है।



### नक्सलियों को आर्म्स सप्लाई करने वाले दो गिरफ्तार

**मेदिनीनगर (पलामू):** लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस लगातार सर्च अभियान चलाया रही है. इसी क्रम में पुलिस ने नक्सलियों को आर्म्स की सप्लाई करने वाले दो सप्लायर्स को गिरफ्तार किया है. पलामू पुलिस ने इन दोनों हथियार सप्लायरों को झारखंड-बिहार सीमा क्षेत्र से गिरफ्तार किया है. इनके पास से पुलिस ने एक लोकल करबाईन, आठ एसएलआर का पुराना मैगजीन, तीन एलएमजी मैगजीन, तीन जिंदा गोली और दो मोबाइल बरामद की है. पुलिस गिरफ्तार दोनों सप्लायरों से पूछताछ कर रही है. साथ ही कई इलाकों में सर्च ऑपरेशन चला रही है. जानकारी के मुताबिक, हथियार सप्लायर प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी को हथियारों की बड़ी खेप सप्लाई करने वाले थे. लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने दोनों गिरफ्तार कर लिया.पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि हरिहरगंज थाना क्षेत्र में कुछ लोग हथियार और मैगजीन रखे हैं. इसी के आधार पर पुलिस ने टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के समर्थक घनश्याम चौबे और गोबिंदा कुमार को गिरफ्तार कर लिया. मौके पर नौशाद आलम ,छतरपुर एसपीडीओ , चंदन कुमार, हरिहरगंज थाना प्रभारी, एसआई लाल बहादुर हरिजन ,संजय कुमार सिंह, मनोज दास, बीरू सिंह, शंकर उरांव और अन्य जवान मौजूद रहे.

**कई आधुनिक हथियारों की मैगजीन भी बरामद**

## सलीमा टेटे को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का मिला अवॉर्ड



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** हॉकी इंडिया के छठे वार्षिक पुरस्कार-2023 का आयोजन रविवार को दिल्ली में किया गया। इसमें झारखंड की सलीमा टेटे को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी के लिए हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सलीमा को हॉकी इंडिया की ओर से 25 लाख का चेक दिया गया। पुरुषों में हार्दिक सिंह को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी के रूप में सम्मानित किया गया।इस वर्ष हॉकी इंडिया की ओर से आठ श्रेणियों कुल 32 खिलाड़ियों को वार्षिक पुरस्कारों के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया, जिनके बीच कुल 7.56 करोड़ की राशि दी गई। सलीमा टेटे के अलावा झारखंड की दीपिका सोरेंग को अपकमिंग प्लेयर ऑफ द ईयर (अंडर-21 महिला) के लिए असुंता लकड़ा अवॉर्ड से सम्मानित किया गया, जिसके तहत हॉकी इंडिया की ओर से 10 लाख रुपये का चेक दिया गया। हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कार-2023 के लिए सम्मानित खिलाड़ी : वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (पुरुष) के लिए हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार-25 लाख का चेक- हार्दिक सिंह।वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (महिला) के लिए हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार-25 लाख का चेक-सलीमा टेटे।वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए हॉकी इंडिया बलजीत सिंह पुरस्कार-5 लाख का चेक-पीआर श्रीजेश।वर्ष के डिफेंडर के लिए हॉकी इंडिया परगट सिंह पुरस्कार-5 लाख का चेक-हरमनप्रीत सिंह।वर्ष के मिडफील्डर के लिए हॉकी इंडिया अजीत पाल सिंह पुरस्कार-5 लाख का चेक-हार्दिक सिंह।फॉरवर्ड ऑफ द ईयर के लिए हॉकी इंडिया धनराज पिल्लई पुरस्कार-5 लाख का चेक-अभिषेक।हॉकी इंडिया असुंता लकड़ा वर्ष के आगामी खिलाड़ी का पुरस्कार (महिला-21 वर्ष से कम)-10 लाख का चेक-दीपिका सोरेंग।हॉकी इंडिया जुगराज सिंह वर्ष के आगामी खिलाड़ी का पुरस्कार (पुरुष-21 वर्ष से कम)-10 लाख का चेक-अरजीत सिंह हुंदल।मेजर ध्यानचंद के नाम पर लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान उनके बेटे अशोक कुमार को मिला।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लालकृष्ण आडवाणी को दिया भारत रत्न



एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी को रविवार को भारत रत्न दिया गया। बता दें कि इस साल भारत रत्न के लिए 2023 में एमएस स्वामीनाथन, लाल कृष्ण आडवाणी, कर्पूरी ठाकुर, नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह के नाम का चयन किया गया है।भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी को रविवार को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों आडवाणी को ये सम्मान मिला। बता दें कि इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी लालकृष्ण आडवाणी के बगल में बैठे दिखाई दिए। इससे पहले लालकृष्ण आडवाणी के घर गृहमंत्री अमित शाह पहुचे थे। अमित शाह के अलावा रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी आडवाणी के घर पहुंचे थे।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को यहां राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में पूर्व प्रधानमंत्रियों पी वी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह, कृषि मंत्री एम एस स्वामीनाथन तथा बिहार के दो बार मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न मरणोपरांत प्रदान किया। राव, सिंह, ठाकुर और स्वामीनाथन को दिए गए पुरस्कार उनके परिवार के सदस्यों ने लिए।

## मेरठ से पीएम मोदी ने किया चुनाव प्रचार का शंखनाद

एजेंसी

**लखनऊ :** लोकसभा चुनाव का कार्यक्रम घोषित होने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने मेरठ से अपने चुनाव प्रचार का शंखनाद किया। पीएम मोदी ने मेरठ में चुनावी रैली को संबोधित किया और मंच से विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी एलायंस मिलकर देश की एकता और अखंडता को तोड़ने में लगे हुए हैं और आज एक बार इनका नया कारनामा सामने आया है। पीएम ने कहा मेरठ से मेरा विशेष रिश्ता है। मैंने 2014 और 2019 (लोकसभा) चुनावों के लिए अपना चुनाव अभियान मेरठ से ही शुरू किया था और अब, 2024 चुनावों के लिए पहली रैली भी मेरठ में आयोजित की जा रही है।2024 लोकसभा चुनाव सरकार चुनने का चुनाव नहीं है, बल्कि विकसित भारत बनाने का चुनाव है। मेरठ में पीएम मोदी ने कहा-पूरा देश कह रहा है- अबकी बार-400 पार। जब भारत दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था तब हर जगह गरीबी थी। जब भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना, तब तक 25 करोड़ लोग गरीबी से उबर चुके थे। मैं गारंटी देता हूं कि एक बार ऐसा होने पर देश में एक मजबूत और सक्षम मध्यम वर्ग होगा। भारत अब तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। इसलिए पूरा देश कह रहा है 4 जून को 400.एनडीए सरकार के 10 साल का रिपोर्ट कार्ड सबके सामने है। पिछले 10 साल में कई ऐसे काम हुए जो असंभव माने जाते थे। लोग अयोध्या में राम मंदिर निर्माण को असंभव मानते थे। हालांकि, अब मंदिर बन चुका है।वन रैंक, वन पेंशन को लेकर भी कई वादे किए गए। हालांकि, हमने इसे लागू किया। इसके अलावा, हम अपनी मुस्लिम बहनों के लिए तीन तलाक कानून भी लाए। यूपी के मेरठ में चुनावी रैली में पीएम मोदी ने कहा, कुछ लोग इसलिए परेशान हैं क्योंकि मैं भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई कर रहा हूं। आपने अभी तक विकास का ट्रेलर ही देखा है. हमें देश को बहुत आगे ले जाना है।



## चुनाव प्रचार के लिए चार्टर्ड प्लेन और चॉपर बुकिंग की मारामारी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** इस बार के लोकसभा चुनाव में प्रचार और चुनाव संबंधी अन्य कार्यों के लिए चार्टर्ड प्लेन और चॉपर बुकिंग की मारामारी है। बीजेपी और कांग्रेस समेत विभिन्न पार्टियां इन्हें बुक करा रही हैं। आरोप यह भी लग रहे हैं कि बीजेपी ने ज्यादातर चार्टर्ड प्लेन और हेलिकॉप्टर बुक करा लिए हैं। दूसरे दलों और उम्मीदवारों को बुकिंग के अवसर कम मिल रहे हैं।सरकारी और गैर-सरकारी कंपनियों और लोगों के लिए चार्टर्ड प्लेन और चॉपर की सेवाएं देने वाली कंपनियों का कहना है कि अभी तक के ट्रेंड को देखें तो इस बार के लोकसभा चुनावों में चार्टर्ड प्लेन और हेलिकॉप्टर की बुकिंग अधिक हो रही है। अधिकतर बुकिंग राजनीतिक पार्टियों ने कराई है। कुछ बुकिंग कंपनियों और निजी लोगों ने भी की है। इनमें कुछ उम्मीदवार भी हैं। आलम यह है कि बीजेपी, कांग्रेस और अन्य पार्टियों ने अभी अपने पूरे उम्मीदवार खड़े भी नहीं किए हैं और अडवांस में ही तमाम चार्टर्ड प्लेन और चॉपर की बुकिंग फुल हो चुकी है। मौजूदा समय में इक्का-दुक्का हेलिकॉप्टर ही बड़ी मुश्किल से गैर चुनाव प्रचार की बुकिंग के लिए उपलब्ध हैं।



जानकारों का कहना है कि पवन हंस कंपनी के हेलिकॉप्टर सबसे अधिक बुक किए गए हैं। इनमें से अधिकतर बीजेपी ने बुक किए हैं।पवनहंस से ही जुड़े सूत्रों का कहना है कि उनके बेड़े में करीब 45 हेलिकॉप्टर हैं। इनमें से 20 से अधिक चुनावों के लिए बुक किए जा चुके हैं। चॉपर की सेवाएं देने वाली अन्य कंपनियों का भी कहना है कि उनके भी तमाम हेलिकॉप्टर बुक हो चुके हैं।

चुनावी प्रचार के लिए बुकिंग अब भी आ रही हैं, लेकिन उनके पास अतिरिक्त चॉपर उपलब्धता बेहद कम है। चुनावों के दौरान चार्टर्ड प्लेन और हेलिकॉप्टर का इस्तेमाल करने की बात को देखते हुए भारतीय चुनाव आयोग भी इसके लिए अलर्ट है।

## भाजपा लोकसभा चुनाव में 200 सीटें भी नहीं जीत पाएगी : ममता बनर्जी

एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीट जीतने के लक्ष्य का मखौल उड़ाते हुए उसे 200 सीट का आंकड़ा पार करने की चुनौती दी। ममता ने यह भी कहा कि वह नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को बंगाल में लागू होने नहीं देंगी।तृणमूल सुप्रीमो ने कृष्णानगर इलाके में पार्टी उम्मीदवार महुआ मोइत्रा के लिए चुनाव प्रचार करते हुए कहा,भाजपा कह रही है 400 पार, मैं उन्हें पहले 200 सीट का आंकड़ा पार करने की चुनौती देती हूं। वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने 200 से अधिक सीट लाने का आह्वान किया था, लेकिन उसे महज 77 पर रुकना पड़ा। इन 77 सीटों पर जीतने वाले कुछ लोग हमारे साथ आ गए हैं।

असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद
अब ह्रदय का बाईपास सर्जरी, वाल्व रिप्लेसमेंट, फेफड़े इत्यादि का ऑपरेशन आयुष्मान भारत कार्ड से हो रहा है
78083 68888 www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

**संक्षिप्त खबरें**

### झरगाडा पंचायत में पासवान समाज की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** प्रखंड के झरगाडा पंचायत में स्थित न्यू वीर चौहरमल कल्याण समिति के बैनर तले पासवान समाज संगठन की हुई बैठक यह बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुखिया पति रविंद्र कुमार पासवान ने जब की मंच संचालन संयुक्त रूप से मोजीन्द्र पासवान ने किया मौके पर पासवान समाज संगठन के अध्यक्ष रवींद्र कुमार पासवान ने कहा कि अपने समाज को आगे बढ़ाने के लिए हमेशा तत्पर रहुगा उन्होंने कहा आगामी 4 अप्रैल को झरगाडा पंचायत स्थित न्यू वीर चौहरमल परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा उन्होंने कहा कि पासवान समाज आज भी प्रगति पर चलने से वंचित रह है चाहे शिक्षा हो या अन्य कार्य हो इस लिए वीर बाबा चौहरमल के मार्ग पर चलने की जरूरत है।

## अभिभावकों के उम्मीदों पर खरा उतरेगी संत मरियम स्कूल : अविनाश देव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिले के सुप्रसिद्ध संत मरियम आवासीय विद्यालय अपने स्थापना काल से ही विद्यार्थियों के उत्कृष्टता हेतु कटिबद्ध है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ तकनीकी कौशल व अन्य गतिविधियों पर भी विशेष नजर रखती है, जो कि इस विद्यालय के बच्चे विभिन्न क्षेत्रों में अवल आकर विद्यालय के साथ-साथ जिले के नाम का भी परचम लहरा रहे हैं। यही कारण है कि विद्यालय में नए सत्र प्रारंभ होते ही अभिभावकों की भीड़ उमड़ने लगती है। विदित हो की इस विद्यालय में नामांकन हेतु अब तक तीन चरण में परीक्षा आयोजित हो चुकी है और अंतिम चरण में नामांकन के लिए रविवार को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें 200 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। जिसका रिजल्ट आगामी 3 अप्रैल 2024 दिन बुधवार को



प्रकाशित किया जाएगा। इसके उपरांत मेरिट के अनुसार बच्चों का नामांकन लिया जाएगा। मौके पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने अभीभावकों व परीक्षार्थियों की हौसला अफजाई एंव उज्वल भविष्य की मंगलकामना करते हुए कहा जिस तरह से अभिभावक अपने बच्चों का नामांकन इस विद्यालय में जिस उम्मीद से करा रहे हैं। मैं उनके उम्मीदों पर खरा उतरने का काम करूंगा। इस विद्यालय के बच्चे शैक्षणिक ज्ञान के साथ- साथ उन्हें राष्ट्रवाद, समाजवाद आदर्शवाद, नैतिक मूल्य, सांस्कारिक ज्ञानों से परिपूर्ण करना बेहद आवश्यक है, जो की यह सभी गुण विद्यार्थियों के उत्कृष्ट व्यक्तित्व विकास के सहयोगी है। साथ ही साथ यह भी प्रयास रहेगा की इस विद्यालय के बच्चे परीक्षा में ही उत्तम नहीं बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में सर्वोत्तम स्थान प्राप्त कर अपने सपनों को उड़ान दे सकेंगे। साथ हीं इन्होंने कहा कि इस विद्यालय में नए सत्र की प्रारंभ 5 अप्रैल से हो रही है, जो कि बच्चे नए सिरे से जोश, जुनून और उमंग के साथ शिक्षा ग्रहण करेंगे और खासकर यह विद्यालय लड़को एवं लड़कियो के लिए बेहतर छात्रावास प्रदान कर देश के नव निर्माण में अपना योगदान दे रहा है।

## हुसैनाबाद नगर पंचायत में आधे से अधिक जलमिनार खराब, पीने के पानी का संकट गहराया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** नगर पंचायत के वार्ड नंबर नौ में छह माह से जलमिनार खराब पड़ा है। जिससे पीने के पानी के लिए वार्ड वासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोग आधा किलोमीटर दूर से.दूसरे वार्ड से पानी भरने के लिए विवश है।नगर पंचायत के निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार ने बताया कि हुसैनाबाद सिटी के 16 वर्डो मेंजल मिशन योजना के तहत 35 जलमिनार लगाया गया था, परंतु विभागीय देखरेख के अभाव में आधे अधिक खराब हो गया है। जबकि इसकी मरम्मती का कार्य संवेदक को ही देखना था। लेकिन जलमिनार लगाने के बाद ही खराब हो गये। जिसके कारण गर्मी में पेयजल संकट गहराने लगा हैं।यह जलमिनार छह माह से खराब पड़ा है। जबकि इससे वार्ड के अलावा राहगीर भी पानी पीते थे। उधर जेएमएम नेता सह सामाजिक कार्यकर्ता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान ने बताया कि इससे 500 की आबादी प्रभावित हो रही है। उन्होंने



बताया कि कार्यपालक पदाधिकारी विपुल शन्नी से कई बार जानकारी देकर इसकी मरम्मती कराने की बात कहीं गयी थी। बावजूद इसके अबतक इसकी मरम्मत कार्य नहीं नहीं हो सका हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि इसकी शीघ्र मरम्मत नहीं कराया गया तो वे पलामू डिसी से मिलकर शिकायत करेंगे।

### गढ़वा मण्डल कारा में डीसी-एसपी के नेतृत्व में हुई छापेमारी



**गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी लोक सभा चुनाव 2024 के मद्देनज़र निष्पक्ष चुनाव कराने के उद्देश्य से शनिवार को उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर एवं पुलिस अधीक्षक गढ़वा दीपक कुमार पांडेय के नेतृत्व में मण्डल कारा गढ़वा में संयुक्त रूप से छापामारी की गई। इस छापामारी में ज़िला प्रशासन तथा ज़िला पुलिस के वरीय पदाधिकारी एवं विभिन्न थाना के थाना प्रभारी शामिल थे। छापामारी के दौरान सभी वार्डो में सघन जांच की गई। हालांकि छापामारी में कोई भी आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं किया गया है।

### तूफान ने किया 220 केवी की लाइन में नुकसान मुख्यालय में बिजली आपूर्ति ठप



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार की देर शाम आये तेज तूफान ने मुख्यालय में तबाही मचाई है। कितनो घरों के छप्पर उड़ गए। कितने पेड़ पौधे उखड़ गए। कई जगहों पर विजली के पोल टूट गए। जिससे अनुमंडल मुख्यालय में ब्लैक आउट की स्थिति उतपन्न हो गई है। 220 केवी की लाइन में नुकसान होने से विजली आपूर्ति में बिलंब हो सकता है। जिससे वाटर सप्लाई भी नही हो पा रहा है।इस संबंध में सहायक अभियंता दीपक कुमार ने बताया कि लहलहे-भगोडीह ग्रिड लाइन पोल गिर जाने से विद्युत आपूर्ति ठप पड़ गई है।विभाग के लोग इसे ठीक करने में लगे हुए है।कितना समय लगेगा अभी कहा नही जा सकता।

## विद्यालय के छात्र-छात्राएं कुआं का गंदा पानी पीने के लिए है विवश छात्र-छात्राये

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौंधी :** प्रखंड अंतर्गत कुपा पंचायत के ग्राम चौरिया के बैगई टोला में नव प्राथमिक विद्यालय बैगइ चौरिया में कई वर्षो से चापाकल नहीं होने के कारण विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राये सहित वहां के स्थानीय लोगों को आज भी कुआं का गंदा पानी पानी के लिए विवश होना पड़ रहा है। वर्षो से यहां के टोले में रहने वाले लोग कुआं का गंदा पानी पी रहे हैं। जिससे वे बिमार भी पड़ते रहते हैं। किसी भी जनप्रतिनिधि की आज तक नज़र इस टोले पर नही पड़ी। यो यू कहे कि किसी को यहां एक जलमिनार या चापाकल लगाने का ख्याल तक नही आया। विद्यालय के प्राचार्य बिजय सिंह बताते है कि हमने चापाकल नहीं होने की सूचना



कई बार शिक्षा विभाग को एवं जनप्रतिनिधियों को भी दिया है। लेकिन अभी तक केवल आश्वासन ही मिलता रहा है। उन्होंने कहा की चपाकाल नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं को रसोईया के द्वारा कुआं से पानी निकाल कर दिया जाता है। अब तो गर्मी का मौसम आ गया। कुछ दिनों में कुआं का पानी भी सूख जाएगा। पुन ःशिक्षा विभाग एवं जनप्रतिनिधि से मांग करना चाहूंगा की जितना जल्द बन सके मेरे विद्यालय में चापाकल एवं जल मीनार की व्यवस्था की जाए ताकि सभी छात्र-छात्राएं को शुद्ध जल मिल सके।

## बूथों पर बैनर लगाकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धुरकी :** पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निर्देशानुसार आगमी लोकसभा चुनाव को लेकर धुरकी पुलिस ने शांतिपूर्ण और स्वतंत्र होकर मतदान करने के लिए धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने अपने पुलिस टीम के साथ शनिवार को थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रत्येक बूथों पर बैनर लगाकर जागरूकता अभियान चलाया, वही जागरूकता अभियान के साथ प्रत्येक बूथों पर सुरक्षा के मद्देनजर उन्होंने डोर टू - डोर निरीक्षण भी किया, वही थाना प्रभारी ने राज्य के सीमावर्तीय गावों का भी जायजा लिया,वही थाना प्रभारी ने लोगो को जागरूक करते हुए कहा की सभी लोग स्वतंत्र होकर कर मतदान करें, किसी तरह का चुनाव के दौरान डर -भय नही




रखें, किसी तरह का लालच में आकर मतदान न करें, मतदान स्वयं अपनी मन से करें, यदि कोई व्यक्ति या राजनीतिक दल के लोग डराता है या धमकी देता है तथा लालच देने की बात करता है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को करें, पुलिस निश्चित रूप से करवाई करेगी, थाना प्रभारी ने कहा की पुलिस शांतिपूर्ण तरीके से और निर्भीक होकर मतदान कराने के लिए सदैव तत्पर है, थाना प्रभारी ने लोगों से कहा की चुनाव के दौरान अधिकतर राजनीति दल के लोग दारू -मुर्गा -नोट का प्रलोभन देकर आपका वोट का गलत इस्तेमाल कराने का कोशिश करेंगे ,लेकिन इस तरह का करने वाले लोगो से सतर्क रहने का अपील किया है इस दौरान सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार राम सहित अन्य पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

### डालटनगंज से नगर उंटारी रोड के बीच चलाया गया विशेष चेकिंग अभियान



**पलामू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रेलवे धनबाद रेलखंड के वरीय अधिकारियों के निर्देश पर डालटनगंज स्टेशन से नगर उटारी रेलवे स्टेशन के विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों अहमदाबाद एक्सप्रेस, टाटा-जम्मू तवी, शक्तिपूँज, पलामू एक्सप्रेस गाड़ीयों में वित्तीय वर्ष को लेकर आरपीएफ, जीआरपी व टीटी स्टाफ के द्वारा अतिविशेष टिकट चेकिंग चलाया गया। सीआईटी बीएम पांडेय के नेतृत्व में चलाया गया विशेष चेकिंग अभियान में 163 बेटिकट यात्रियों को अनाधिकृत रूप से यात्रा करने के जुर्म में पकड़ा गया। पकड़े गए यात्रियों से राजस्व 1 लाख 18 हजार 480 रुपये बतौर जुर्माना वसूला गया। सीआईटी बीएम पांडेय ने बताया कि विशेष चेकिंग अभियान के सभी ऊर्जावान साथियों के अथक प्रयास से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। लोग जागरूक भी हो रहे है। ज्यादातर यात्री टिकट लेकर यात्रा कर रहे हैं यह बहुत अच्छी बात है। आलाधिकारियों के दिशा निर्देश पर शनिवार से रविवार तक लंबी दूरी के विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों में गहनता से जांच की गई। जिसमें इतनी बड़ी सफलता हाथ लगी। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि 2023—24 वित्तीय वर्ष में सीआईसी सेक्शन डालटनगंज स्क्वाड टीम के द्वारा टिकट चेकिंग में करोड़ों रुपए के राजस्व की प्राप्ति कर रेलवे को सौंपा गया है। विशेष चेकिंग अभियान में टीटीई कुमार अजय, भरतलाल, दिलीप कुमार, रविन्द्र कुमार दुबे, शशिकांत, बैकुंठ यादव, के अलावे आरपीएफ के कई जवान शामिल थे।

## जान दे देंगे पर जमीन नहीं देंगे : शिवनाथ महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीलांबर पितांबरपुर :** ओरिया कला पंचायत के ग्राम लोटवा में भूमिहीन दलित ग्रामीणों की बैठक रविवार को हुआ जिसकी अध्यक्षता इंद्रदेव राम ने किया इस कार्यक्रम में भाकपा माले के नीलांबर पितांबरपुर सतबरवा प्रखंड कमेटी सदस्य कामरेड शिवनाथ महतो ने कहा कि यहां के दलितों को जो एकदम गरीब और भूमिहीन है 1995-96 में प्रत्येक व्यक्ति को 20 डिसमिल 70 लोगों को सरकारी पर्चा मिला हुआ इसके बावजूद भी दबंग कांग्रेस नेता रुद्र शुक्ला दलितों को बेदखल करना चाहते हैं जिसको भाकपा माले कड़ी शब्दों में निंदा करते हुए प्रशासन से मांग करती है की समय रहते हुए गरीबों को न्याय अगर नहीं मिला तो आने वाले दिनों में इस भूमि लूट के खिलाफ शोषण दमन के खिलाफ भाकपा माले सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेगी उन्होंने कहा कि यह जमीन गैर मंजरूवा और दादा पर दादा से खेती करते आ रहे हैं हम लोग जान देंगे लेकिन जमीन नहीं देंगे उन्होंने कहा की लोकसभा चुनाव बाद धारावाहिक आंदोलन चलाएगी इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मनोज राम ईश्वरी राम संतु राम चंदन कुमार रमेश राम सहित सैकड़ो ग्राम लोटवा के ग्रामीण उपस्थित थे

## केंद्रीय सरना समिति ने जिला सरहुल पर भव्य शोभायात्रा निकालने को लेकर की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** रविवार को दोपहर 12 बजे से केन्द्रीय सरहुल पूजा समारोह को धूमधाम से मनाते हुए भव्य शोभा यात्रा निकालने को लेकर एक बैठक केन्द्रीय सरना समिति के अध्यक्ष श्री रघु उरांव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। सफल संचालन हेतु प्रयास कोष का निर्माण,सभी सामाजिक संगठन जैसे आदिवासी छात्र संघ लोहरदगा, जिला राजी पड़ हा सरना प्रार्थना लोहरदगा, कई गांवों की टीम, नदिया, जुरिया, गढ़ा टोली, सरना टोली जयनाथ पुर,बसार टोली, महादेव टोली हरमू, रघुटोली, करचा टोली, कुटमू, किस्को मोड़,सोबरन टोली का विशेष भूमिका रहेगी। चारों कॉलेज छात्रावास के सभी छात्र/छात्राओं की भूमिका अहम होगी। लोहरदगा शहर को सरना झंडा और तोरण द्वार से पट दिया जाएगा। झखारा कुंबा से पूजा अर्चना के बाद



नदिया मैना बगीचा में समापन समारोह आयोजित किया जाएगा। मैना बगीचा में भी भव्य रूप से सजाया जाएगा। आज के इस बैठक का संचालन पूर्व कोषाध्यक्ष श्री बिफै उरांव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से सरना समिति के मुख्य संरक्षक श्री मनी उरांव, जिला परिषद् श्री मती राधा तिर्की, सुखदेव उरांव, आदिवासी छात्र संघ अध्यक्ष श्री अवधेश उरांव, महासचिव श्री फूलचंद उरांव, सोमदेव उरांव अध्यक्ष सरना प्रार्थना सभा, बीएस कॉलेज प्रो श्री मती सरिता उरांव, संजय उरांव, वकील भगत, चोनहास उरांव, बिरी भगत,शशि कुमार भगत, बिनोद उरांव, गोसाई उरांव के अलावा काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे। अगली बैठक झाझरा कुंबा में 7/4/24 को दिन के 12 बजे से शुरू होगी।

### सड़क हादसा मे युवक की मौत, गांव में छाया मातम

**नौडीहा बाजार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौडीहा बाजार प्रखंड के नावाटांड पंचायत के युगल किशोर यादव के 31 वर्षीय पुत्र वरुण कुमार यादव की हरिहरगंज जाने के क्रम मे सुबह करीब 6 बजे दाब मे सड़क दुर्घटना मे मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि वरुण कुमार यादव अपने भाई के साथ ट्रेन पकड़ने के लिए अनुग्रह नारायण रेलवे स्टेशन जा रहा है। इसी बीच मे ऑटो



आई गई, और बाइक रुकवा कर ऑटो पकड़ने के लिए रुका। विपरीत दिशा मे आ रही हाइवा ने अपने चपेट ले लिया जिससे वरुण कुमार यादव की घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया। मृतक ने आर्मी मे कुक मैन के पद पर कार्यरत था। उन्होंने होली के पर्व मे अपने घर आया हुआ था और छुट्टी बिता कर डुयटी जॉइन करने जा रहा था। घटना के सूचना मिलते ही हरिहरगंज थाना के पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर शव का अपने कब्ज़ा मे लिया।

## बाल शिक्षा निकेतन विद्यालय में वार्षिक परिणाम घोषित, मेधावी छात्र हुए सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिशुनपुरा (गढ़वा) :** प्रखंड के मुख्य बाजार स्थित बाल शिक्षा निकेतन विद्यालय में कक्षा के.जी से पांचवीं तक के विद्यार्थियों का वार्षिक परीक्षा परिणाम शनिवार को घोषित किया गया। जिसमें सभी कक्षा के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्कूल प्रबंधन द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक रामेश्वर राम चंद्रवंशी ने विद्यालय का परीक्षाफल जारी किया। वे बच्चों की उपलब्धियां पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। वहीं के. जी से पांचवीं कक्षा तक स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सूची इस प्रकार है। के. जी क्लास में प्रथम प्रीति कुमारी यादव (455), द्वितीय संजना कुमारी पाण्डेय(452), तृतीय प्रिया कुमारी , तृषा कुमारी, अंकुश



कुमार(450), कक्षा एल. के. जी में प्रथम अमीषा कुमारी (476), द्वितीय स्थान रजनीकांत पासवान(475) एवं तृतीय स्थान अनुराग पाल(474), कक्षा यू. के. जी में प्रथम स्थान प्रियांशु कुमार(477), द्वितीय स्थान कंचन कुमारी (475), तृतीय स्थान ऋषि कुमार पाण्डेय (470) प्राप्त किए जो कुल 500 अंक में से प्राप्तांक प्राप्त कर स्थान प्राप्त किए। वहीं कक्षा एक में प्रथम स्थान लक्की चंद्रवंशी (697), द्वितीय स्थान दीपांजलि कुमारी(696), तृतीय स्थान आकांक्षा कुमारी(693), कक्षा दो में प्रथम अंश गुप्ता(754), द्वितीय स्थान मधु कुमारी गुप्ता(671), तृतीय स्थान दीपाली कुमार ी(664), कक्षा तीन में प्रथम स्थान आयुष कुमार चंद्रवंशी (735), द्वितीय स्थान उत्तम गुप्ता (733), तृतीय स्थान मयंक विश्वकर्मा (691), कक्षा चार में प्रथम स्थान सत्यम पाल (722), द्वितीय स्थान अराध्या पाण्डेय (667), तृतीय स्थान आरूही गुप्ता(658), कक्षा पांच में प्रथम स्थान रिशु गुप्ता(726), द्वितीय स्थान करुणा सोनी(700), तृतीय स्थान काजल गुप्ता(653) कुल 800 में से प्राप्तांक प्राप्त कर स्थान हासिल किया। के. जी से यू.के.जी में विद्यालय टॉपर प्रियांशु कुमार 500 में से 477 अंक प्राप्त किया तथा कक्षा 1 से 5 में विद्यालय टॉपर अंश गुप्ता 800 में से 754 अंक प्राप्त किया। वहीं विद्यालय का संचालन एक साल के दौरान 240 दिन हुआ जिसमें सबसे ज्यादा दिन विद्यालय उपस्थित होने वाले कक्षा 3 के छात्र उत्तम गुप्ता 231 दिन एवं कक्षा 5 के छात्र रिशु गुप्ता 231 दिन उपस्थित हुए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानध्यापक संजय विश्वकर्मा, शिक्षक प्रभु राम चंद्रवंशी, राजेंद्र प्रसाद चंद्रवंशी, रविंद्र प्रताप देव, लक्ष्मी गुप्ता, शिक्षिका दिव्या पाण्डेय एवं श्रेया गुप्ता सहित कई अभिभावक उपस्थित थे।

## गुलबाग स्टेडियम खेल मैदान में घटिया निर्माण को लेकर संवेदक व पार्टनर के विरुद्ध उपायुक्त एवं एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**हुसैनाबाद गुलबाग स्टेडियम खेल मैदान में गुणवत्ता से कार्य करें नहीं तो होगी उग्र आंदोलन : एस एम राजा**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद/पलामू :** हुसैनाबाद नगर पंचायत के अंतर्गत गुलबाग स्टेडियम खेल मैदान में चल रहे 73 लाख रुपए का कार्य निर्माण नगर पंचायत के द्वारा वहीं इस संदर्भ में हुसैनाबाद नगर पंचायत निवासी वार्ड नंबर 9 राज टोली मोहल्ला के स्थाई निवासी एस एम राजा ने संवेदक एवं पार्टनर के विरुद्ध प्रति लिपी लिखित आवेदन में पलामू उपायुक्त एसडीएम हुसैनाबाद कार्यपालक पदाधिकारी हुसैनाबाद मुख्य अभियंता झारखंड सरकार एवं नगर विकास एवं आवास विभाग सचिव झारखंड सरकार के पास प्रति लिपी लिखित आवेदन लिखा गुलबाग स्टेडियम खेल मैदान घटिया कार्य का निर्माण किया जा रहा है उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों से गुलबाग स्टेडियम खेल मैदान क्रिकेट अकादमी के नाम से शहर के सभी प्रतिभाशाली हैं लड़कों



और लड़कियों के लिए मुक्त प्रशिक्षण केंद्र चलाते हैं उन्होंने कहा कि हमारे प्रशिक्षण केंद्र से तीन लड़के राज्य के लिए एवं 15 लड़के अन्य उम्र वर्गों में जिला को रिप्रेजेंट कर रहे हैं यही गुलबाग स्टेडियम ही एक ऐसा मात्र स्टेडियम बच्चा है जो पूरे जिले में राज्यापी सर्वे राष्ट्रीय खेल करने की सुविधा प्राप्त है उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्ष से हम गुलबाग स्टेडियम की देखभाल कर रहे हैं परंतु नगर पंचायत के अंतर्गत चल रहे डेवलपमेंट आफ गुलबाग स्टेडियम वर्क में भारी मात्रा में एस्टीमेट के साथ ठेकेदार द्वारा छेड़छाड़ की जा रही है जब हम लोग ने काम रुकवाने की कोशिश की तो संवेदक के द्वारा धमकी देते हुए कहा जाता है कि जहां जाना है जा सकते जो मेरा कोई कुछ नहीं उखाड़ सकता है उन्हें कहा कि इसकी शिकायत नगर पंचायत के अभियंता से कितने बार गवगत करया गया फिर भी अभी तक कोई प्रक्रिया नहीं दिखाई गई है उन्होंने कहा कि एस्टीमेट में खराब कर कामों की संख्या निम्नलिखित है बाउंड्री वॉल का पुराना प्लास्टर बिना हटाए पेंट करके नया बनाया गया एवं निर्मित तीन गेट से बेहद कमजोर मटेरियल से बना हुआ है उन्होंने कहा कि ग्राउंड में स्थित प्लेयर ड्रेसिंग रूम जो की 20 साल पुराना है जो काफी जर्जर स्थिति में है उसे तोड़कर फिर नया बनाया जाए उन्होंने एसडीएम एवं प्रतिलिपि के द्वारा उक्त समस्या को निदान के लिए जांच जांच करने के लिए उच्च अधिकारियों को प्रतिलिपि आवेदन सौंप दिया गया है उन्होंने कहा की कार्रवाई करें जिसे मुझे और मेरे सभी खिलाड़ियों को भविष्य में कोई समस्या का सामना ना करना पड़े

संक्षिप्त खबरें

## शंकर दुबे को श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति का अध्यक्ष बनाया गया

**रांची :** श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति का एक बैठक की गई। श्री चैती दुर्गा मंदिर के प्रांगण में बैठक रखी गई जिसका अध्यक्षता राजकुमार गुप्ता ने किया। उसके बाद मुख्य संरक्षक किशोर साहू के द्वारा श्री महावीर मंडल के चुनाव पदाधिकारीयों को चुनड़ी एवं मोमेंटो दें कर सम्मानित किया गया। नई कमेटी की घोषणा की गई , जिसमें सर्वसम्मति से संरक्षक मंडलियों के द्वारा निर्णय लिया गया 2024 के लिए अध्यक्ष शंकर दुबे, महामंत्री गोपाल पारीक कोषाध्यक्ष संजय कुमार सिंह उर्फ लल्लू सिंह नई कमेटी का कार्यभार सौपा गया एवं मुख्य सयोजक कुमार राजा एवं सयोजक विशाल कृष्णा एवं मुख्य सलाहकार सत्यनारायण सिंह, महेश चन्द्रा को बनाया गया एवं पूरी कमिटी का विस्तार बहुत जल्द कर दिया जाएगा। मुख्य संरक्षक किशोर साहू के द्वारा महावीर मंडल के सफल चुनाव हेतु सभी चुनाव पदाधिकारी के नाम राजकुमार गुप्ता,कैलाश यादव,शंकर साहू जगदीश साहू, राजू पंडित, बिन्दुल वर्मा, विष्णु देव प्रसाद लीलू रोशन अग्रवाल,शंकर प्रसाद को सम्मानित किया गया।

## आईएएस अधिकारियों के नाम से फेक अकाउंट बना रहे हैं साइबर अपराधी

**रांची :** साइबर अपराधियों के जरिये राज्य के आईएएस अधिकारियों के नाम से व्हाट्सएप्प पर फेक अकाउंट बनाकर लोगों से पैसों की मांग की जा रही है। रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के नाम से व्हाट्सएप्प पर फेक अकाउंट बनाने के बाद साइबर अपराधियों ने उपायुक्त लातेहार गरिमा सिंह के नाम से भी फेक अकाउंट बनाया है।

# रविवार के दिन रांची पुलिस के विभिन्न थाना क्षेत्रों को मिली सफलता

### पीएलएफआई से लेकर ब्राउन शुगर विक्रेता,नकली शारब, मारपीट करने वाले को किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** रांची पुलिस को अलग-अलग थाना क्षेत्र में कई सफलताएं मिली है पिठौरिया थाना क्षेत्र से पीएलएफआई कमांडर कृष्ण यादव के साथ ही सूरज गोप गिरफ्तारी, तमाड़ थाना क्षेत्र से साढे चार करोड़ का डोडा जब्त , बरियातू थाना क्षेत्र में मारपीट करने वाले युवकों की गिरफ्तारी, असली बोतल में नकली शराब बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़ , कई थाना क्षेत्र में फरार वारंटी को भी गिरफ्तार किया गया।




**पीएलएफआई उग्रवादी गिरफ्तार:** पिठौरिया थाना क्षेत्र में पुलिस की नाक में दम कर रखने वाले पीएलएफआई उग्रवादियों के कृष्ण का साथी सूरज गोप को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने कहा बीते दिनों 01/03/2024 की रात्रि में ग्राम सांगा स्थित हकीम अंसारी के स्टोन प्लांट में आगजनी की घटना कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान के नेतृत्व में सूरज भी शामिल था। क्रशर मालिक से कृष्णा यादव के दस लाख रूपया की लेवी की माँग की गई थी, जिसे नहीं देने पर आगजनी की घटना में क्रशर प्लाट में खड़े। वाहन, लोडर एवं जेनेरेटर में आग लगा दिया गया था। फिर सूचना मिली की पिठौरिया थाना मुरैठा से उग्रवादी सूरज महतो उर्फ सूरज गोप जंगल की ओर है। पुलिस टीम गठित कर पूरे मामले कि उद्भेदन कर दिया। पूछताछ के क्रम में मुरैठा में अपने आपराधिक सहयोगियों में कृष्णा यादवा सुल्तान, रंजन महतो उर्फ रंजन गोप, बब्लु गंभु के उपस्थित रहने की बात बतायी गयी। बताया गया कि एरिया कमांडर कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान से जंगी ऐप के माध्यम से बातचीत करता है।

**जप्त किये गये सामानों की विवरणी :** पिस्टल - 01 अदद्,लोडेड मैगजीन - 02 (09 एम एम का 05 जिन्दा कारतूस), 5.56 जिन्दा गोली- 10 अदद्, मोबाईल - 02 अदद्,नक्सली पर्चा 10 अदद्,बंग - 01 अदद्,पर्स (वाहन रजिस्ट्रेशन कार्ड, पैन कार्ड एवं आधार कार्ड सहित) - 01 अदद्।

**छापामारी दल/ अनुसंधान में शामिल पदाधिकारियों/ कर्मियों का नाम :** सुमित कुमार अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), राँची, अमर कुमार पाण्डेय, पुलिस उपाधीक्षक (मु0) प्रथम, गौतम कुमार राय, थाना प्रभारी पिठौरिया, राँची, पु0अ0नि0 सत्यदेव प्रसाद, पु0अ0नि0 मो0 मोबिन शामिल हैं।

### ब्राउन शुगर बिक्री करने वाले दो गिरफ्तार

सुखदेव थाना क्षेत्र के हरमू पुल के पास पुलिस को सूचना मिली कि कुछ युवक ब्राउन शुगर खरीद बिक्री करने के लिए वहां पर खड़े हुए हैं। इसी सूचना के सत्यापन करते हुए सुखदेव नगर थाना प्रभारी घटना स्थल पर पहुंचे । पुलिस को देखकर सभी भागने लगे । जिसमें से दो युवक के पुलिस पकड़ लिया। और उससे पूछताछ किया गया । जिसके पास से ब्राउन शुगर की पुड़िया भी बरामद किया गया । इस पूरे मामले में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोएं, थाना प्रभारी साहकीर उरांव ,पुलिस अवर निरीक्षक विश्वजीत, विनोद शामिल थे। गिरफ्तार युवकों में अभिमन्यु मैक्लुस्कीगंज लपरा का रहने वाला है इसके पास से दो पुड़िया ब्राउन शुगर और मोबाइल बरामद किया गया वहीं अजय कच्छप के पास से भी तीन पुड़िया ब्राउन शुगर जो 26 ग्राम का है और मोबाइल बरामद किया गया है दोनों को एनडीपीएस के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### लोअर बाजार से वारंटी गिरफ्तार

वहीं लोअर बाजार थाना क्षेत्र से दो फरार वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया है लोअर बाजार थाना क्षेत्र में फरार वारंटी और पुराने गुंडे विधि व्यवस्था भंग कर सकते हैं। चुनाव को देखते हुए ऐसे अपराधियों की गिरफ्तारी की जा रही है। ऐसे अपराधियों के लिए पैरवी करने वाले को भी फटकार लगाते हुए चेतावनी दी गई है। खास कर आजाद बस्ती, डंगरा टोली, कुरैशी मुहल्ला, कर्बला चौक,कोनका रोड, सुल्तान ले शामिल है।

**असली बोतल में नकली शराब जब्त:** सदर थाना क्षेत्र के बूटी बस्ती में नकली शराब की खरीद बिक्री के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने बूटी मस्ती के पवन सिंह के एस्टेबेटस वाले घर में छापेमारी की। जहां से भारी मात्रा में शराब की खाली बोतलें,लेबल स्टीकर, नकली शराब और महंगे शराब की बोतल बरामद किया गया है। पुलिस ने सबको जप्त कर लिया है । वहीं चार युवकों को भी गिरफ्तार किया गया है । गिरफ्तार युवकों में संतोष, राजकुमार , आदर्श सिंह और निखिल शामिल है। इन लोगों के पास से हंड्रेड पाइपर 45 बोतलें , ब्लेंडर 165 बोतलें ,ब्लैक टाइगर 235 बोतलें , सिग्नेचर 20 बोतलें बरामद किया गया है। इस अभियान में थाना प्रभारी सदर कुलदीप कुमार, जमील अंसारी , दीपक नारायण शामिल थे।

### साढ़े चार करोड़ का डोडा जब्त

तमर थाना क्षेत्र से एक कंटेनर से करीब 4:30 करोड़ का डोडा जप्त किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि खूंटी रोड से एक कंटेनर आ रहा है जो राजस्थान के लिए जाएगा। पुलिस चेकिंग अभियान चलाई और जिसमें उन्हें सफलता मिली । पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है कि डोडा कहां से और कहां के लिए ले जा रही थी।

### मारपीट करने वाले तीन गिरफ्तार

बरियातू थाना क्षेत्र के रिम्स ट्रामा सेंटर के बाहर तालाब के पास जगतपति महतो के साथ मारपीट और छीनताई करने का प्रयास किया जा रहा था और उसे मारते पिटते डीआईजी ग्राउंड तक ले जाया गया । जहां पर उससे मोबाइल और पैसे भी छीन लिया गया। इस मामले बरियातू थाना में मामला दर्ज कराया गया। पुलिस छानबीन शुरू की, जिसमें पुलिस को सफलता मिली । तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया। शिव भगत, विशाल टोप्पो ,इंद्रजीत बड़ाइक शामिल है। इस पूरे मामले के उद्वेदन करने में बरियातू थाना प्रभारी सुरेश मंडल, पुलिस अवर निरीक्षक आफताब, प्रकाश आदि शामिल थे।

## मस्जिद जाफरिया से निकला हज़रत अली की शहादत की याद में मातमी जुलूस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मस्जिदे जाफरिया परिसर से निकाला गया हजरत अली की शहादत कि याद में मातमी जुलूस। हजरत अली की शहादत के याद में तीन दिवसीय मजलिस के अंतिम दिन आज रात्रि 9:00 मस्जिद जाफरिया से अलम और ताबूत निकाल गया। जिसमें लोग अपने सीने को पीट रहे थे और रो रो कर हजरत अली को याद कर रहे थे। हजरत अली की शहादत 1400 वर्ष पूर्व रमजान की 21 तारीख को मस्जिदे कुफा में हुई थी। उसी याद में पूरी दुनिया के शिया मुसलमान हजरत अली को याद करते हैं, और उनकी शहादत को अंजाम देने वाले इब्ने मुलजिम पर लानत करते हैं। जुलूस से पूर्व मजलिस को हाजी मौलाना सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने संबोधित करते हुए हजरत अली के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा के इंसान को अपने परिवार को चलाने के लिए मेहनत से कभी पीछे नहीं हटना चाहिए। यह हजरत अली का संदेश है। पूरा मस्जिद परिसर हाय अली की सदा से गुंज उठा। इस मजलिस में जमन गाजीपुरी, कासिम अली, आजाद हुसैन ने नोहा पेश किया। मर्सिया खानी आता इमाम, मोहम्मद इमाम, निहाल हुसैन, अमुद अब्बास ने पेश किया। जुलूस कर्बला चौक स्तिथ कर्बला मजार पर पहुंचकर संपन्न हुआ। इस जुलूस में काफी संख्या में लोग उपस्थित हुए इस कार्यक्रम का आयोजन अंजुमन जफरिया के तत्वाधान में किया गया।

# रांची में आलोक हत्याकांड का खुलासा, तीन गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राजधानी की सदर थाना पुलिस ने आलोक कुमार उर्फ कान्हा हत्याकांड का खुलासा करते हुए तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में सुंदर हेंब्रम उर्फ एसटी, अमन कुमार पासवान और अनिल ओहदार शामिल हैं। इनकी निशानदेही पर हत्या करने में प्रयुक्त पत्थर, मृतक का एक मोबाइल, अपराधियों का तीन मोबाइल और एफएसएल टीम के जरिये जब्त किया गया सामान बरामद किया गया है। डीएसपी अमर कुमार पांडेय ने रविवार को बताया कि 28 मार्च को रांची नर्सिंग होम के पीछे से पुलिस ने आलोक कुमार उर्फ कान्हा का शव बरामद किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। अनुसंधान के दौरान तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अपराधियों ने पूछताछ में बताया कि पूर्व में हुई मारपीट और शराब पीने के दौरान पैसे के लेन-देन के विवाद में हुई थी। पीएचईडी तालाब से मृतक का मोबाईल एवं घटनास्थल से हत्या करने में प्रयुक्त पत्थर को बरामद किया गया है।

## शिबू सोरेन परिवार की कठपुतली बने मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन : मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को एक्स के माध्यम से राज्य के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अफसोस है कि चम्पाई सोरेन पारिवारिक अंदरूनी महाभारत की परिस्थितिवश सोरेन परिवार की अनुकंपा पर मजबूरी में मुख्यमंत्री बनाए जाने के बाद इनके हाथों की कठपुतली बने हुए हैं। मरांडी ने कहा कि दिल्ली में स्वांग रचने से बेहतर होता कि वे झारखंड के छात्रों की समस्या का निदान करते। जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षा में धांधली करने वाले लोगों के साथ सख्ती बरतते, उन्हें जेल भेजते। राज्य के मरणासन्न कानून व्यवस्था



की समीक्षा कर उसे सुदृढ़ करते लेकिन वे भी हेमंत सोरेन के नक्शे कदम पर चलने की कसम खा रखे हैं।

उन्होंने कहा यदि मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने क्रिया-कलापों में सुधार नहीं किया और उसी राह पर चलते रहे तो वो दिन दूर नहीं जब उन्हें भी होटवार जाना पड़ सकता है।

## झारखंड में गर्मी का प्रकोप दिखते ही स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य में गर्मी का प्रकोप दिखने लगा है। अधिकतम तापमान 33 से 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जा रहा है। हीट स्ट्रोक (लू) की आशंका को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग भी एडवाइजरी जारी किया है। इसके मद्देनजर राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज व जिला अस्पतालों में भी तैयारी कर ली गयी है। अस्पतालों में ओआरएस और जीवन रक्षक दवाओं का प्रर्याप्त स्टॉक रखा जा रहा है। साथ ही जिन अस्पतालों में दवाओं की कमी है, वे स्थानीय स्तर पर इसकी खरीदारी भी कर रहे हैं। रिम्स प्रबंधन ने आइसोलेशन वार्ड में अलग से बेड भी आरक्षित



कर लिया है, जिसे आवश्यकतानुसार बढ़ाया जायेगा। फिलहाल, यहां अन्य बीमारी के मरीजों का इलाज चल रहा है। हीट स्ट्रोक के मरीज आने पर उनको वहां रखा जायेगा। सदर अस्पताल रांची में भी बेड और प्रर्याप्त दवाओं के इंतजाम कर लिये गये हैं। विभाग ने अस्पताल में सामान्य मरीजों को भी हीट स्ट्रोक के लिए जागरूक करने को कहा है। अस्पतालों को बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं और गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों का इलाज प्राथमिकता के आधार पर करने को कहा गया है। अलग से तैयार वार्ड में इन मरीजों के लिए इंट्रा वेनस फ्ल्यूड, ओआरएस और बुखार की दवाएं रखनी हैं। तत्काल सलाह के लिए 104 पर फोन पर परामर्श लिया जा सकता है।एनएचएम के अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी ने कहा कि मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पतालों को पूरी व्यवस्था रखने का निर्देश दिया गया है। इसकी मॉनिटरिंग भी की जा रही है। लोगों को भी जागरूक रहना होगा और समस्या होने पर तत्काल अस्पताल पहुंचना होगा।

## युवा महावीर मंडल रॉंची के आठवीं बार निर्विरोध अध्यक्ष बने नंद किशोर सिंह चंदेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** युवा रॉंची महानगर रामनवमी पूजा समिति (युवा महावीर मंडल रॉंची ) की बैठक श्री चैती दुर्गा पूजा मंदिर में हुई। जिसमें की हर साल कि भांति इस साल भी चुनाव के माध्यम से कमेटी चुनी गई, सर्वसम्मति से नंद किशोर सिंह चंदेल को आठवीं बार अध्यक्ष चुना गया और इसके बाद अध्यक्ष नन्द किशोर सिंह चंदेल ने सभी के सहमति से पूरी कमेटी की घोषणा की। इस साल भी नए कुछ कार्यक्रम करेगी रामनवमी के शुभ अवसर पर अल्बर्ट एक्का चौक के



निकट लगने वाले अपने मंच से अष्टमी के रात को आने वाले झांकी के बीच प्रथम, द्वितीय, तृतीय सहित अन्य पुरस्कार का वितरण के साथ सभी श्रीराम भक्तों का भव्य स्वागत करेगी।

**कमेटी इस प्रकार है:** अध्यक्ष- नंद किशोर सिंह चंदेल,मुख्य संरक्षक-विनय सरावगी ,मुख्य संयोजक-उज्जवल कुमार सिन्हा,मुख्य आयोजक-कुमार राजा,विजेंद्र सिंह,रमेंद्र कुमार मुख्य सलाहकार-शंकर दुबे,सोमवित माजी,श्रीकांत साहदेव,विनय सिंह,लखन कुमार,, वरिष्ठ संरक्षक-रवि कुमार पिंकू, ललित ओझा, हेम सिंह, संजय सिंह उर्फ लल्लू, अजय कुमार सिंह,डॉ मुकेश सिंह,शेरु सिंह, शैलेश्वर दयाल सिंह, भारतेंदु कुमार, संजीत सिंह, गुलशन मिढ्ढा, राजू काठपाल,जीतू अरोड़ा,नरेश मक्कड़,बंटी यादव,बबलू चौधरी, विक्रम सिंह सोनू,रवि सिंह सहित सदस्य-प्रकाश चंद्र सिन्हा, पप्पू कुमार वर्मा, सुमित चौधरी,अमन वर्मा, मोंटू वर्णमाला,विनय कुमार वर्मा शामिल हैं।

# जिमख़ाना में जीत कुने डो बेल्ट ग्रेडिंग का हुआ आयोजन



### इस प्रतियोगिता में 105 प्रतिभागी शामिल हुए

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** हटिया स्थित निफ्ट की जिमख़ाना में जीत कुने डो बेल्ट ग्रेडिंग का आयोजन संपन्न हुआ। इस ग्रेडिंग में 105 प्रतिभागी शामिल हुए, जिन्हें वाइट येलो से गोल्ड ब्लैक वर्गो में क्रमशः विभाजित किया गया।

ग्रेडिंग संस्था के अध्यक्ष ग़ुलाम अब्दुल क़ादिर और महासचिव सिफ़ू बिस्वजीत कर्माकर द्वारा इसे आयोजित किया गया। सहायक प्रशिक्षक के रूप में लखन उराव, असफ़ाक़ अंसारी, रविराज, और नीतेश उपस्थित थे।

## आरपीएफ ने यात्री को एप्पल आई पैड लौटाया

**रांची :** रांची रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ ) ने ऑपरेशन अमानत के तहत यात्री को एप्पल आई पैड लौटाया। रविवार को आरपीएफ से मिली जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 20840 नई दिल्ली रांची राजधानी एक्सप्रेस में यात्रा करके कोडरमा स्टेशन पर उतरे यात्री अमित अंबस्ट ने रेल मदद पर अपने एप्पल कंपनी के आई पैड मूल्य करीब 27 हजार रुपये के छूट जाने के सम्बंध में शिकायत दर्ज कराया। इसपर त्वरित कारवाई करते हुए आरपीएफ रांची ने आई पैड को ढूंढ निकाला और यात्री को आई पैड सौंपा।

# रांची नगर निगम ने संपत्ति कर के क्षेत्र में एक अद्वितीय उपलब्धि हासिल की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** प्रशासक अमीत कुमार, भाप्रसे के प्रयास एवं योजनाबद्ध कार्यो से रांची नगर निगम ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान संपत्ति कर के क्षेत्र में एक अद्वितीय उपलब्धि हासिल की है। रांची नगर निगम के परिश्रम और नागरिकों के सहयोग से, हमने इस वर्ष कुल 70,39,63,175 रुपए राशि का संग्रहण घृति कर के रूप में करते हुए झारखण्ड राज्य में सर्वाधिक राशि संग्रहण करने वाली निकाय बनी। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान, रांची नगर निगम ने संपत्ति कर के क्षेत्र में विशेष ध्यान दिया और शहर के विकास में सकारात्मक योगदान के लिए आवश्यक संग्रहण की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा किया। हम संग्रहण के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर चुके हैं और इस उपलब्धि का श्रेय नगर के सम्मानित नागरिकों और निगम प्रशासन के परिश्रम को जाता है। इस वित्तीय वर्ष में कुल 26,685 करदाताओं द्वारा डिजिटल पेमेंट के माध्यम से रुपए. 10,84,89,762 राशि की वसूली की गयी तथा 13,124 करदाताओं के द्वारा रुपए. 5, 18, 41, 398 राशि का भुगतान निगम कार्यालय एवं डोरंडा अंचल कार्यालय स्थित जन सुविधा केंद्रों पर की गई। शेष राशि की वसूली डोर-टू-डोर कलेक्शन के माध्यम से की गई। 31.03.2024 को 757 करदाताओं से कुल रुपए. 3,04,63,300 राशि वसूली की गई।रांची नगर निगम के तरफ से, हम इस सफलता के लिए सभी सम्मानित नागरिकों का हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। हम उन सभी नागरिकों को धन्यवाद करते हैं, जो शहर के विकास में अपना योगदान देने के लिए संपत्ति कर का नियमित एवं ससमय भुगतान करते हैं। रांची



नगर निगम द्वारा इस वसूल की गई राशि का उपयोग नागरिकों के जीवन को बेहतर करने, शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं रमणीक बनाने में खर्च किया जाएगा।

# 219 लाइसेंसी हथियारों का सत्यापन किया जा चुका है

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला में लाइसेंसी हथियारों का वेरिफिकेशन शुरू हो गयी है। पुलिस अलग-अलग क्राइटेरिया बनाकर हथियार का सत्यापन कर रही है। शनिवार को 219 लाइसेंसी हथियारों का सत्यापन किया जा चुका है। ऐसे लोकसभा चुनाव 2024 को पीसफुल गुजारने के ख्याल से किया जा रहा है। थाना स्तर पर पुलिस द्वारा लाइसेंसी हथियार जांचे जा रहे हैं, जिनकी जान को खतरा या थ्रेट मिला है, उनके हथियार जमा नहीं करवाये जा रहे हैं। ऐसे लोगों को रांची के डीसी के पास आवेदन देना होगा, वहीं इसके बाद डीसी ऑफिस से वह आवेदन थाना पहुंचेगा और उस व्यक्ति का हथियार चुनाव के दौरान जमा नहीं किया जायेगा। वहीं, बैंकों के सिक्योरिटी गार्ड, राइफल एसोसिएशन के सदस्यों का भी हथियार जमा नहीं होगा। जिन लोगों को फिलहाल लाइसेंसी हथियार रखने की जरूरत नहीं है, उन्हें हथियार थाना या बंदूक घर में जमा करने को कहा गया है।गौरतलब है कि लोकसभा और



विधानसभा चुनाव के दौरान अधिकांश लाइसेंसी हथियारों को पुलिस के द्वारा जमा करवा लिया जाता है। चुनाव खत्म होने के बाद लाइसेंस धारकों को उनके हथियार वापस किये जाते हैं। हथियारों के सत्यापन के दौरान यह भी देखा जाता है कि ऐसे किसी व्यक्ति के पास तो हथियार नहीं है जो अब काफी बूढ़ा हो चुका है और वह हथियार चलाने में अक्षम हो, ऐसे लोगों के लाइसेंस को रद्द करने के लिए पुलिस के द्वारा डीसी को लिखा जाता है। हालांकि बुजुर्ग व्यक्ति जो हथियार रखे हुए हैं, अगर उसे कोई धमकी मिला हुआ है तो वह उससे संबंधित आवेदन डीसी को देंगे। लाइसेंसी हथियार के साथ-साथ लाइसेंस नंबर की भी जांच की जाती है। इसका एक फायदा यह भी है कि अगर कोई गलत लाइसेंस पर हथियार रखे हुये है तो इसकी जानकारी मिल जायेगी और फिर उसका हथियार जब्त कर लिया जायेगा।

# भाकपा ने झारखंड में चार सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** लोकसभा चुनाव को देखते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कुछ अलग दिशा की ओर नजर आ रही है। वे अपनी बातों पर डटे हुए हैं । महागठबंधन झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, सीपीआईएम और राजद से अलग हटकर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर रहे हैं ।

फिलहाल अभी तक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने चार उम्मीदवारों



की घोषणा किए हैं। मुख्य रूप से पलामू से अभय भुइंया , लोहरदगा से महेंद्र उरांव , चतरा से अर्जुन कुमार .दुमका से राजेश कुमार किस्कू शामिल हैं।भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य कार्यालय पहली सूची पार्टी के राज्य सचिव महेन्द्र पाठक पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता राष्ट्रीय परिषद के सदस्य प्रमोद कुमार पांडेय सुजीत घोष जिला सचिव अजय कुमार सिंह नेजारी किया।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## श्री श्री महाबली हनुमान भक्त मंडल रातू रोड में नए कमेटी का गठन



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्री महाबली हनुमान भक्त मंडल रातु रोड कमेटी भंग कर कर नया कमेटी का गठन किया गया एवं इस वर्ष का आय व्याय दर्शाया गया एवं इस वर्ष ढोल नगाड़े के साथ भगवान पुरुषोत्तम राम जी का भव्य जुलूस एवं झांकी का दर्शाया जाएगा मुख्य संयोजक मंजीत सिंह मुख्य संरक्षक डॉक्टर आनंद, संरक्षक नीरज कुमार सुमित सिंह ,गौतम रीत राज, गुडन सिन्हा, रवि जायसवाल,मनीष सिंह,शंकर प्रशाद, सागर वर्मा, कुमार राजा, रवि कुमार पिंकू, रवि मुंडा,पवन मिश्रा,सबलू मुंडा, संतोष गुप्ता भोला चौधरी, पवन सिन्हा अध्यक्ष अमित सोनी कार्यकारी अध्यक्ष रंजीत सिँह मंत्री आयुष राज वर्मा कोषाध्यक्ष आयुष राज वर्मा वरिय उपध्यक्ष हरी गोप, विक्की सिंह उपध्यक्ष बंटी सोनी, सुंदरम सिंह, राहुल विश्वकर्मा, शिबू चौहान, करण पाठक, अभिषेक पासवान सह मंत्री अंशु तिर्की, मोहित सोनी, अंकित सिंह, किशन क्रमकर अंकित सोनी, प्रचार मंत्री रंजीत सोनी,सुजीत सोनी,उत्तम नायक, संघटन मंत्री अंकित तिवारी, अंकित गुप्ता मिडिया प्रभारी धीरज दयाल कुशवाहा, राजवीर चौधरी जुलुस प्रभारी समर सोनी इत्यादि

## बुढ़मू प्रशासन के द्वारा लागतार क्षेत्र में हो रहा वाहन जांच अभियान



**बुढ़मू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा चुनाव को लेकर बुढ़मू चौक में प्रखंड अंचल अधिकारी,प्रखंड विकास पदाधिकारी और पुलिस के द्वारा सघन रूप से वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। आपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने को लेकर बुढ़मू प्रखंड के अंचल अधिकारी सच्चिदान्द वर्मा, के निर्देश पर बुढ़मू प्रखंड के विभिन्न जगहों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया, इस चेकिंग में शामिल अंचल विकास पदाधिकारी धीरज कुमार, थाना प्रभारी रामजी कुमार, और बुढ़मू थाना पुलिस के द्वारा जांच अभियान चलाया गया. चेकिंग के दौरान कार का डिक्की बाइक का कागज, हेलमेट, लाइसेंस, ऑनर बुक का जांच किया गया,

## लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर हो रही वाहनों की सघन जांच



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के निर्देश पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान प्रतिनियुक्त उड़न दस्ता दल (एफएसटी) सभी छोटे ङ्क बड़े वाहनों की भी तलाशी कर रही है। लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव कराने को लेकर एफएसटी द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में दो पहिया/चार पहिया एवं छोटे - बड़े वाहनों की भी तलाशी ली जा रही है। वाहनों से संबंधित दस्तावेज की भी जांच किया जा रहा है। ताकि वाहनों के माध्यम से अवैध सामानों पर पूर्ण रूप से रोक लगाई जा सके।

## श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ सह श्रीमद्भागवतकथा पर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड के असुरकोड़ा गांव में श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ सह श्रीमद्भागवतकथा दूसरे दिन श्रद्धालुओं के भीड़ उमड़ी। जगद्गुरु वनांचलपीठा से जयंती शास्त्री ने संध्याकाल में श्रीमद्भागवत कथा में मैं दूसरे दिन राम जन्म से राम कथा का शुभारंभ किया गया। श्रीराम कथा के दूसरे दिन राम के जन्म होते ही पंडाल में प्रभु श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। कथावाचक जयंती शास्त्री ने कहा कि भगवान का जन्म असुरों और पापियों का नाश करने के लिए हुआ था। भगवान राम ने बाल्यावस्था से ही असुरों का नाश किया। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का जीवन चरित्र अनंत सदियों तक चलता रहेगा। राम कथा में पिता के प्रति मां के प्रति और भाई के प्रति प्रभु राम का जो स्नेह प्रेम रहा सदा सदा के लिए अमर है। अनिता शास्त्री ने कहा कि राजा दशरथ के संतान न होने के कारण अपने कुलगुरु वशिष्ठ के पास जाते हैं। जहां वशिष्ठ द्वारा श्रृंगी ऋषि से शुभ पुत्र कामेष्टि यज्ञ करवाते है। इस मौके पर आसपास गांव के काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## आंधी में टूटे तार, 16 घंटे बिजली आपूर्ति बाधित

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार रात आयी आंधी ने गर्मी से परेशान लोगों को भले ही कुछ राहत दी हो लेकिन बिजली व्यवस्था को छिन भिन्न कर गई। रात साढ़े आठ बजे आंधी के साथ गई बिजली आपूर्ति सोमवार को दोपहर बाद सामान्य हो सकी। इस बीच करीब 16 घंटे तक लोग गर्मी से बेहाल रहे। रविवार रात साढ़े आठ बजे के करीब आंधी के साथ हल्की बारिश हुई और सिल्ली ही क्या पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। इस संबंध में विभाग के विद्युत कर्मी करम सिंह महतो ने बताया कि हल्की आंधी बारिश के कारण जोन्हा बाजार के समीप 33 हजार बिजली पोल पर इंसुलेटर फटने के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो गई थी। जिसको ठीक कर लिया गया है। जिसके बाद सिल्ली ,मुरी , रामपुर, बंता , पतराहातु आदि क्षेत्र के गावों में दोपहर 2 बजे तक मरम्मत पूरा होने के बाद आपूर्ति सामान्य हो सकी। इस बीच लोगों को भारी संकट का सामना करना पड़ा।

# पानी को लेकर ग्रामीणों ने किया जमकर हंगामा, आश्वासन देने के बाद वापस लौटे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**मुरी :** सिल्ली प्रखंड के बांसारुली पंचायत सिंगपुर लोहरा ऊपर टोला में पानी की अव्यवस्था को लेकर ग्रामीणों ने रविवार को टुंगरी पहाड़ के समीप बनी पानी टंकी के पास पहुंच कर जमकर हंगामा किया। जानकारी के अनुसार हर घर जल नल योजना के तहत घर घर में नल लगाकर कनेक्शन किया गया है लेकिन कुछ महिने बितने के बावजूद भी सिंगपुर लोहरा बस्ती में पानी की सप्लाई नहीं हो रहा है। ग्रामीणों को कहना है की इसी पाइप लाइन से और भी गांव मे पानी की सप्लाई की जा रही है लेकिन हमारे यहां एक बुंद भी पानी को नसीब नहीं हो रहा है इससे पहले भी इस पानी की अव्यवस्था को लेकर पानी टंकी की देख रेख के अधिकारी एवं वहां के कर्मचारियों को शिकायत की गई थी। लेकिन किसी प्रकार का सहयोग नहीं मिल पाया। रविवार के दिन इसी समस्या को लेकर फिर से सप्लाई टंकी के पास जाकर महिलाओं ने जमकर हंगामा किया। वहां के कर्मचारियों ने आश्वासन दिया कि एक-दो दिन में पानी की सप्लाई ठीक कर दी जाएगी। जिसके बाद महिलाओं ने कहा की अगर समाधान नहीं हुआ तो इसकी शिकायत लेकर स्थानीय विधायक के पास जाएगी। जानकारी के अनुसार सिंगपुर लोहार बस्ती में एक सोलर पंप भी लगा हुआ है जो 2 साल से खराब पड़ी हुई है इसकी शिकायत मुखिया को करने के बाद भी किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया जा रहा है यहां के लोग एक-एक बूंद पानी के लिए तरस जाते हैं दुर दराज से पानी लाकर किसी तरह जिवन यापन कर रहे हैं।

## आस्था और विश्वास के साथ मनाया गया ईस्टर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**इटकी :** प्रखंड क्षेत्र में रविवार को मसीही धर्मावलंबियों के लिए प्रभु यीशु का पुनरुत्थान का पर्व ईस्टर पूरे विश्वास और आस्था के साथ मनाया गया। मौके पर कब्रिस्तानों में मृत परिजनों के कब्रों पर आस्था के फूल चढ़ाए गए व उनकी याद में मोमबत्तियां जलाई गई। मौके पर विशेष आराधना सभा भी किया गया । खोरखटोली स्थित कब्रिस्तान में आयोजित विशेष आराधना सभा में बिलसी कंडूलना ने मसीही विश्वासियों को संदेश देते हुए कहा की प्रभु यीशु का तीन दिन बाद जी उठने की घटना पूरे मानव जाति के लिए जीत है। यही जीत मसीही विश्वासियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। इधर सीएनआई चर्च में आयोजित आराधना सभा में सहायक पादरी जे तिर्की ने प्रभु के पुनरुत्थान की चर्चा की। कार्यक्रम में सीएनआई के मुख्य पादरी एन कंडूलना, एनडब्ल्यूजीईएल के कंदीदात् अनमोल बेक, प्रीतम खलखो, आशा खलखो, जैतून तिर्की, बिनय कच्छप, मनोरंजन मिंज, सुनीता खलखो, आराधना तिग्गा, अर्चना सपना तिग्गा सहित सैकड़ों मसीही परिवार शामिल थे।

## रनिया के बलंकेल में एक दिवसीय भागवत कथा का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**खूंटी :** रनिया के बलंकेल में बजरंग बली मंदिर परिसर में एक दिवसीय भागवत कथा का आयोजन हरे कृष्णा मन्दिर इस्कॉन परिवार खूंटी के द्वारा किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य प्रवचन कर्ता शुकामृत दास विराजमान हुए उन्होंने कथा का उदबोधन करते हुए कहा कि भगवान परम् हैं भगवान श्री कृष्णा की संतुष्टि जीवन है अपनी सन्तुष्टि मृत प्रायः है जो भोग वासना के साथ समाप्त होती है जिस तरह पेड़ के जड़ में जल डालकर पूरे पेड़ के शाखाओं टहनियों पतों को खुश किया जा सकता है उसी तरह भगवान जगदीश को संतुष्ट कर पूरे जगत को संतुष्ट किया जा सकता है परंतु मानव धन स्त्री भोग स्वार्थ के पीछे भाग कर भगवान हरि को भूल रहा है जिससे मनुष्य जीवन पशुतुल्य हो गया है इस मौके पर श्रद्धालु गणों के बीच भगवत गीता रामायण हरिनाम माला एवं महाप्रसाद बांटी गई और कार्यक्रम में शामिल इस्कॉन सन्त रामचन्द्र बिनोद कुमार रवि साहू चन्द्रिका कुमारी बजरंग बली मन्दिर समिति अध्यक्ष सीताराम नाग कुलदीप नाग शुरेश नाग शुरेखा देवी कोइली देवी मुश्कती देवी सहित आस पास गांव के काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## सिल्ली मारवाड़ी समाज ने राजस्थान स्थापना दिवस पर दी बधाई

**सिल्ली :** सिल्ली धर्मशाला में सिल्ली मारवाड़ी समाज की एक बैठक हुई बैठक में राजस्थान स्थापना दिवस पर बधाई दी गई। इस अवसर पर सिल्ली समाज के सचिव राम गोपाल केडिया ने कहा कि राजस्थान स्थापना दिवस मात्र एक दिवस नहीं है। यह दिवस सद्भाव की हमारी संस्कृति को सहेजने का है। संकल्पित होकर राजस्थान के सर्वांगीण विकास में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने का है। इस मौके पर दुर्गा प्रसाद अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, विजय जालान , अमर अग्रवाल विनोद कुमार अग्रवाल मदन सिंघानिया ,नटवर शर्मा दीपक अग्रवाल ,संदीप अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## डीएवी बचरा मे विदाई सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में रविवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस समारोह में स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई।इस समारोह में उपस्थित स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने बारी-बारी से माला और बुके देकर प्राचार्य राजीव रंजन झा का स्वागत किया,जिसके बाद शॉल और उपहार प्रदान कर उन्हें सम्मान के साथ विदाई दी गई।समारोह को संबोधित करते हुए स्कूल के शिक्षकों ने प्राचार्य राजीव रंजन झा के कार्यकाल की जमकर प्रशंसा की।शिक्षकों ने कहा कि प्राचार्य राजीव रंजन झा के कार्यकाल में स्कूल का विकास और बच्चों की बेहतर शिक्षा प्रगति पर रही।प्राचार्य राजीव रंजन झा ने स्कूल में टीम भावना के साथ बेहतर काम किया है। उनके कार्यों को स्कूल कभी भी भूला नहीं सकता।वहीं प्राचार्य राजीव रंजन झा ने भी अपने अनुभव के बारे में विस्तार से जानकारी दी और सभी से टीम भावना के साथ शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के लिए बेहतर प्रदर्शन करने की अपील की।इस मौके पर स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक आरबी प्रसाद को स्कूल का नया प्राचार्य बनाया गया।पूर्व प्राचार्य राजीव रंजन झा ने आरबी प्रसाद को प्राचार्य का कार्यभार सौंपा।इस मौके पर एके घोष,प्रेम सागर,आरआर दत्ता,ओपी यादव,बीएन पाण्डेय,आभा खन्ना,सुदिप्ता डे,निलिमा पाठक अनिता सोनी, जीएसपी शर्मा,एके द्विवेदी, एस भटटाचार्य,डीपी मिश्रा, सौरभ सिंह, मोहम्मद साहिद, सुरैश कुमार, फिरोज आलम, अकांक्षा, रागिनी सहित स्कूल के सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद थे। इधर एक अन्य कार्यक्रम में स्कूल के परीक्षा परिणाम में सफल बच्चों को सम्मानित किया गया।स्कूल के कक्षा तृतीय से नवम और ग्यारहवीं के कक्षा मे प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान लाने वाले बच्चों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# नामकुम प्रखण्ड के लाली पंचायत में आजसू पार्टी की ग्राम प्रभारी बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** लाली पंचायत मे आजसू पार्टी की बैठक पंचायत प्रभरी सोहन महतो के अध्यक्षता में की गयी। संचालन नामकोम प्रखण्ड उपाध्यक्ष दिलिप महतो ने किया।मुख्य अतिथि केन्द्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने अपने संबोधन में सभी ग्राम प्रभारीयों को दिशा निर्देशित देते हुऐ कहा कि आप सभी ग्राम प्रभारी हर दस घर में एक एक चूल्हा प्रमुख बनाएं और बूथ स्तर में काम करें एवं पूरे पंचायत में दस दिनों के अन्दर चूल्हा प्रमुख कंसेप्ट को पुरा कर आजसू पार्टी के संगठन को मजबूती प्रदान करें। इस मौके पर आजसू पार्टी केन्द्रीय सचिव जितेन्द्र सिंह,बिहारी प्रमाणिक,ग्राम प्रभारी रमेश लाल महतो,सहाबीर महतो, राजेन्द्र महतो,चन्द्र मोहन महतो ,अजय कुमार महतो,संजय बैठा, मंगल मुण्डा,किशन मुण्डा, बुधराम मुण्डा,सुरेश महतो, रामलाल महतो,संदीप लोहरा, मोहन महतो,आशा राम लोहरा महिला ग्राम प्रभारी राजो देवी,सुनीता देवी,आरती देवी,सुमित्रा देवी आदि दर्जनो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पारा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में मुकेश महतो ने लहराया परचम

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नेपाल में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय पारा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में भारतीय टीम के दोनों ही वर्गों ने स्वर्ण पदक पर किया कब्जा जमाया। मालूम हो कि पुरुष वर्ग भारतीय टीम में हमारे रांची जिला के टाटीसिलवे थानान्तर्गत मानकी ढ़ीपा ग्राम निवासी जे बी के एस एस सदस्य साथी भाई दिव्यांग स्वाभिमान मंच के सचिव श्री मुकेश कुमार महतो जी भी इस टीम के अहम सदस्य के रूप में शामिल रहें। जिन्हें नेपाल भेजने में सुमित महतो के नेतृत्व में जितेन्द्र दा , राजकिशोर भाई, सतीश मिश्रा, राज ओहदार दा, बिमल महतो सर, शिष्टीधर महतो दा एवं अमर महतो आदि के द्वारा आर्थिक सहयोग किया गया । मुझे कल भी गर्व था और आज भी फक्र हो रहा है कि जो काम हाथ-पैर सही रहने के वावजूद लोग कर नहीं पा रहे ।उस काम को मुकेश भाई बखुबी अंजाम देते आ रहें और क्षेत्र, जिला, राज्य और देश भर में नाम कमा कर गौरवानीत कर रहे है। आप निरंतर ऊर्जावान बने रहें भगवान से कामना करते है।

## 14 घंटे के बाद बिजली आपूर्ति बहाल

**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र में 14 घंटे के बाद बिजली आपूर्ति बहाल की गई. शनिवार को रात लगभग 11 बजे बिजली जाने के बाद रविवार को लगभग एक बजे बिजली आपूर्ति बहाल की गई. बिजली जाने से क्षेत्र में पानी की समस्या साथ अन्य समस्या उत्पन्न हो गई विशेष कर महिलाओं को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ा. मिली जानकारी के अनुसार शनिवार रात अचानक तेज हवा और तूफान चलने और गर्जन होने की वजह से 33 हजार लाइन में खराबी आने के बाद बिजली चली गई थी . रविवार को लाइन में आई खराबी को दूर करके 1 बजे बिजली आपूर्ति बहाल की गई

## खलारी में मसीहियों ने धूमधाम से मनाया ईस्टर पर्व

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी स्थित शांतिनगर स्थित चर्च में रविवार को ईस्टर पर्व( पाम संडे) धूमधाम से मनाया गया. सर्वप्रथम प्रवेश भजन गाया गया. ततपश्चात फादर हिलारियुस तिग्गा व फादर ऑस्कर टोपो ने मिस्सा पूजा कराया.मौके पर अपने संदेश में फादर हिलारियुस तिग्गा ने कहा कि ईस्टर का दिन प्रभु के पुनरूत्थान का पर्व है. उन्होने कहा कि गुडफ्राईडे के दूसरे दिन प्रभु यीशू जी उठते है और प्रभु यीशू के पुनर्जीवित होने का पर्व मसीही पूरे धुमधाम से मनाते है. उन्होने कहा कि इस दिन मृत्यु पर विजय प्राप्त करने वाले प्रभु यीशु ने समस्त मानव जाति को संदेश दिया था कि जो कोई परमेश्वर पर विश्वास करेगा वह मृत्यु से छुटकारा पायेगा और अनन्त जीवन प्राप्त करेगा. फादर ने कहा कि यीशु मसीह ने मनुष्य रूप में संपूर्ण जगत को श्राप से बचाने के लिए अपना बलिदान दिया और शिक्षा दी कि सभी लोभ, लालच, ईर्श्या का त्यागकर एक दूसरों की भलाई के लिए कार्य करें. अंत मे मसीही विश्वासियों के बीच परम प्रसाद का वितरण किया गया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से डीकन कंचन लकड़ा, सिस्टर जयन्ती , सिस्टर नेली, सिस्टर लुसिया , सिस्टर दिब्या,डॉ. ए. कुजूर, संगीता खलखो ,नरेश करमाली, बब्लू किस्कू, तानसो कुजूर,लिबीन तिग्गा,तेरेसा कुजूर , संगीता टोप्पो, रूमीला लिंडा , पूनम किस्कू,आध्या रानी,प्रकाश कुजूर, पारस उरांव, ज्ञान कुजूर, सी. कुजूर, रोबिन एक्का, अनमोल कुल्लू , चाल्स पेंटोनी,नितिन कुजूर, तेरेसा कुजूर, मटिल्डा,बासिल लकड़ा, तेरेसा तिग्गा, समीर लिंडा, विजय रुंडा, अनमोल डूंगडूँग, जेवियर तिग्गा,प्रीतम कुजूर, अंकित तिर्की, रोहित तिर्की, प्रीति कुजूर, एलीन लकड़ा, अंकिता लकड़ा, अन्ना खालखो, बीना कुजूर, अनुग्रह टोप्पो,रश्मि टोपोंनो, नेहा सोरेन, अनूप मुंडा,,तेरेसा कुजूर, कैरोलीना मिंज, सुनिता खलखो,जॉयसी कुजूर,आनंद किसपोट्टा, अंजली तिग्गा आदि उपस्थित थे.

## दर्सगाह इस्लामिया में इफ्तार पार्टी का किया गया आयोजन

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** इटकी गुलजार रोड स्थित दर्सगाह इस्लामी में जमात-ए-हिंद की ओर से रविवार को इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इफ्तार पार्टी में सैकड़ो रोजेदारों ने भाग लिया। इफ्तार के बाद मगरिब की नमाज अदा की और देश की एकता अखंडता, भाईचारे व खुशहाली की सामूहिक दुआ मांगी। इफ्तार पार्टी में हाजी मुर्शीद आलम, नुरुल हक, हाजी मुस्ताक अहमद, अंजुम जमाल, कौसर आलम, मो इरफान, नदीम सहित सैकड़ों रोजेदार शामिल हुए

## झारखंड आंदोलन अगुआ ऐनी होरो की जयंती मनाई गई



**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के रोलगुटू ग्राम में अबूआ झारखंड पार्टी केंद्रीय संगठन मंत्री फ्रैंकलिन धान के आवास में रविवार को अबुआ झारखंड पार्टी कार्यकर्ताओं ने झारखंड आंदोलन अगुआ ऐनी होरो की जयंती के अवसर पर उनकी तस्वीर में फूलमाला चढ़ा कर उनके द्वारा झारखंड अलग राज्य के लिए दिए गए बलिदान को याद किया. और सभी ने उनके मार्ग पर चलने और उनके सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया.मौके पर अबुआ झारखंड पार्टी केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सोमा मुंडा, केंद्रीय संगठन मंत्री फ्रैंकलिन धान, अमृता मुंडा, बेनेदिक धान सुलेमान धान, तस्लीम खान, फागु उरांव, पौलूस मुंडा, जेवियर मुंडा, बुधवा पाहन, बाहा लिंडा के अलावे अन्य कार्यकर्ता उपस्थित है।

## विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

**जयनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत लतभेदवा में स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य का विदाई समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां प्रधानाचार्य रामउत्गार यादव को भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं के द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विधायक ने रिटायर प्रधानाचार्य रामउत्गार यादव को शॉल ओढ़ा कर उनका सम्मान किया किया। शिक्षक रामउत्गार यादव पिछले 24 वर्षो से लगातार जयनगर प्लस टू विद्यालय में वे सेवा दिए। उसके उपरांत सढ़े छह वर्षो तक लगातार लतभेदवा हाई स्कूल में रहे। वे अपने पैतृक स्थल मिथला से कोडरमा जिला में पिछले 31 वर्षो से अपनी सेवा दे रहे थे। मौके पर विधायक ने कहा प्रधानाचार्य रामउत्गार यादव का वर्षो का कार्यकाल सकारात्मक रहा और इतने वर्षो के बाद उनकी विदाई इस विद्यालय से हो रही है। सेवानिवृत्त शिक्षक ने सभी को एकसूत्र में बांध कर चलने का जो काम किया है वही काम वर्तमान प्रधानाध्यापक को भी करनी चाहिए। वहीं उनकी लंबी उम्र की सभी ने कामना की।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## मोबाइल छिनतई गिरोह को 7 मोबाइल के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमशेदपुर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में विगत कुछ दिनों से मोबाइल छिनतई कर हंगामा मचाने वाले गिरोह को पुलिस ने बीती रात बर्मामाइंस में घेराबंदी कर धर दबोचा।पत्रकारों से बात करते हुए करते हुए एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि रात 9 बजे के लगभग बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक बर्मामाइंस में रहने वाले रवि कुमार शर्मा से बर्मामाइंस पोस्ट ऑफिस के समीप मोबाइल की छीनतई कर ली थी। इसकी लिखित शिकायत थाना में की गई।शिकायत के बाद पुलिस ने टीम गठित कर पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर दी। इसी बीच जेम्को के रहने वाले दोनों अभियुक्त संदीप दास और अभी सिंह उर्फ यशदीप सिंह पुलिस के हत्थे चढ़ गए। थाना लाकर सख्ती से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि वे दोनों विगत 15 दिनों से जमशेदपुर के विभिन्न थाना क्षेत्र में मोबाइल छीनतई कर रहे थे। पुलिस ने इन दोनों के पास से छीनी गई 7 मोबाइल बरामद की है।



## क्या गुंडे तय करेंगे कौन चुनाव लड़े : कुलविंदर

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय सिख सभा के संयोजक एवं अधिवक्ता कुलविंदर सिंह ने धनबाद के प्रिंस खान की धमकी को गंभीरता से लेते हुए कहा है कि क्या इस देश में अब गुंडे और असामाजिक तत्व तय करेंगे कि किसे चुनाव लड़ना है अथवा नहीं? इस अधिवक्ता ने कहा कि प्रिंस खान की धमकी की गहन जांच पड़ताल होनी चाहिए और धमकी देने वाले को उसके सही मुकाम पर भेजा जाना चाहिए।देश में लोकतंत्र है संविधान का राज है और देश के प्रत्येक नागरिक जिसने अपनी आयु 25 साल पूरी कर ली है वह लोकसभा और विधानसभा चुनाव में लड़ने का अधिकार रखता है।जो संस्थाएं इस चुनावी मौसम में अभी सामंतवाद और जातिवाद का आरोप लगा रही हैं, संस्थाएं से जुड़े लोग इनके आगे पीछे घूमते रहते थे।यहां धनबाद प्रशासन पर सवाल खड़ा होता है कि किस तरह से प्रिंस खान की इतनी हिम्मत हुई कि वह एक जनप्रतिनिधि को फोन पर धमका सके। प्रशासन के हाथ किसने बांध रखे हैं और कौन प्रिंस खान का संरक्षक है इसे बेनकाब किया जाना चाहिए।



## कलश यात्रा के साथ रामचरित मानस यज्ञ शुरू

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के हाड़ात सार्वजनिक मानस समिति द्वारा रविवार को कलश यात्रा कर तीन दिवसीय रामचरित मानस महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। सुवर्ण रेखा नदी घाट से कुमारी कन्याओं ने करीब 3 किलोमीटर पैदल चलकर हाड़ात के राम मंदिर पहुंचे। पुजारी राधा नाथ पांडे द्वारा नदी घाट पर पूजा अर्चना कर कलशों में जल भरकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। तीन दिवसीय राम चरित मानस पाठ महायज्ञ में बंगाल व झारखंड के कई प्रख्यात विद्वान वाचक व पाठक भाग ले रहे हैं। बंगाल के बाघमुंडी के भवानंद दास व सिल्ली के गीता देवी मुख्य कथा वाचक के रूप में भाग लेंगे। वहीं ग्राम प्रधान बुधु सिंह मुण्डा ने बताया कि 18वां राम चरित मानस पाठ महायज्ञ में आस पास के सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहते हैं। इस तरह का आयोजन 9 वर्षों तक नवान्न परायण महायज्ञ किया गया है और 9 वर्षो से तीन दिवसीय परायण महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। मौके पर निर्मल चन्द्र महतो, बुधु सिंह मुण्डा,तीमीर सिंह मुण्डा, मलखान महतो,अरूण महतो, सुभाष महतो आदि उपस्थित थे।



## न्युवोको ने जोजोबेरा सीमेंट प्लांट जमशेदपुर की 30वीं वर्षगांठ मनाई

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत के पांचवें सबसे बड़े सीमेंट समूह और पूर्वी भारत की प्रमुख कंपनी ने अपने जोजोबेरा सीमेंट प्लांट (जेसीपी) की 30वीं वर्षगांठ मनाई। 1994 में अपनी स्थापना के बाद से, जेसीपी का उत्पादन तेजी से बढ़ा है और न्युवोको की सफलता की कहानी में महत्वपूर्ण हिस्सेदारी रखती है। इस अवसर पर, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड के प्रबंध निदेशक जयकुमार कृष्णास्वामी ने कहा कि जोजोबेरा सीमेंट प्लांट की 30वीं वर्षगांठ का जश्न एक्सीलेंस और इनोवेशन के प्रति हमारी निरंतर प्रतिबद्धता का प्रतीक है। पूर्वी भारत में एक अग्रणी निर्माण सामग्री कंपनी के रूप में, जेसीपी प्रमुख पूर्वी राज्यों में न्युवोको की स्थिति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण है। प्लांट विविध बाजारों में सेवा प्रदान करते हुए कॉन्क्रीटो, कॉन्क्रीटो यूएनओ, ड्यूरागार्ड और डबल बुल जैसे प्रीमियम और हाई क्वालिटी ब्रांडों का एक विस्तृत स्पेक्ट्रम भी बनाता है। इस मौके पर, ईस्ट क्लस्टर मैन्युफैक्चरिंग के हेड उमा सूर्यम बोला ने कहा कि हम आज एक्सीलेंस के 30 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, लेकिन हमारा ध्यान दृढ़ता से भविष्य पर केंद्रित है।




## तैलिक साहू महासभा बागबेड़ा थाना क्षेत्रीय कमेटी की बैठक संपन्न

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा बागबेड़ा थाना क्षेत्रीय कमेटी की बैठक मैं 23 अप्रैल मंगलवार को महा दानवीर भामाशाह की जयंती समारोह को गौरव दिवस के रूप में मनाने एवं समाज को क्षेत्र में मजबूत करने पर विचार विमार्श किया गया। बैठक क्षेत्रीय कमेटी के अध्यक्ष संतोष गुप्ता की अध्यक्षता में बागबेड़ा रोड नंबर 4 में संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष राकेश साहू, जिला कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार एवं वरीय उपाध्यक्ष शिवलोचन शाह शामिल हुए। मौके पर राकेश साहू ने कहा कि समाज को पूरे जिला में एकजुट एवं मजबूत करने तथा मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य क्षेत्रीय कमेटी करेगी। इसी उद्देश्य को देखते हुए क्षेत्रीय कमेटी में कुछ लोगों को जिम्मेदारी भी दिया गया जो इस प्रकार है:- बागबेड़ा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष उमेश शाह, दीपक शाह, महासचिव अधिवक्ता विनोद कुमार साह, सचिव जितेंद्र प्रसाद, इंद्र नारायण शाह, कोषाध्यक्ष आकाश साह को मनोनीत किया गया। बैठक को सफल बनाने में मुख्य रूप से प्रमोद साहू, संजय साहू, सीमा देवी, रजनी देवी, अजय साहू, मनोज साहू, आदि मौजूद थे।



# टाटा स्टील के वेस्ट बोकारो डिवीजन ने मनाया इंटरनेशनल ट्रांसजेंडर डे ऑफ़ विजिबिलिटी

*- टाटा स्टील खदानों में ट्रांसजेंडर कर्मचारियों को नियुक्त करने वाली भारत की है पहली कंपनी*



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** इंटरनेशनल ट्रांसजेंडर डे ऑफ़ विजिबिलिटी के उपलक्ष्य में, टाटा स्टील के वेस्ट बोकारो डिवीजन ने आज एसईबी कॉन्फ्रेंस हॉल में एक समारोह के दौरान एचईएमएम ऑपरेटर प्रशिक्षुओं के रूप में 14 ट्रांसजेंडरों के एक नए समूह का स्वागत किया। इस नए बैच के साथ वेस्ट बोकारो डिवीज़न मे इनकी कुल संख्या अब 28 हो गई है। यह ऑनबोर्डिंग कंपनी की डाइवर्सिटी, इक्विटी और इंक्लूजन (डी ई एंड आइ) की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि अनुराग दीक्षित, महाप्रबंधक, वेस्ट बोकारो डिवीज़न, टाटा स्टील ने राजेश चिंतक, चीफ़, एचआरबीपी, आरएम, टाटा स्टील , महेश प्रसाद, अध्यक्ष, राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन, वेस्ट बोकारो डिवीज़न और पी के सिंह, सचिव, राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन, वेस्ट बोकारो डिवीज़न की उपस्थिती में केक काटकर इंटरनेशनल ट्रांसजेंडर डे ऑफ़ विजिबिलिटी मनाया।टाटा स्टील में अभी करीब 120 ट्रांसजेंडर कार्यरत है जिसमें से 14 ट्रांसजेंडर प्रशिक्षुओं ने आज ऑनबोर्ड किया गया है। इस अवसर पर अनुराग दीक्षित, महाप्रबंधक, वेस्ट बोकारो डिवीजन, टाटा स्टील ने कहा, हमें आज अपने नए ऑपरेटर प्रशिक्षुओं का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। यह एक महत्वपूर्ण अवसर है क्योंकि हम वेस्ट बोकारो डिवीजन में वास्तव में एक समावेशी कार्यस्थल का निर्माण जारी रख रहे हैं।इस अवसर पर उपस्थित राजेश चिंतक, चीफ़, एचआबीपी, आरएम, टाटा स्टील ने कहा की टाटा स्टील डाइवर्सिटी, इक्विटी और इंक्लूजन की दिशा में लगातार काम कर रहा है ।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में भाजपा की कामकाजी बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** भाजपा जिला कार्यालय सरायकेला में रविवार को भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में संगठन की एक बैठक संपन्न हुई।बैठक में उपस्थित पार्टीजनों को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा मतदान के दिन मतों का प्रतिशत कैसे बढ़े हमे इस बात का ख्याल रखना है। समाज के विभिन्न वर्गो में व्यापक जन संपर्क अभियान चलाते हुए सभी लाभार्थियों से संपर्क करना है। विगत एक वर्ष से भाजपा संगठन चुनावी तैयारियों में लगा हुआ है। किसी भी राजनैतिक कार्यकर्ता के लिए चुनाव इमर्जेंसी ड्यूटी होता है इसके लिए हम कार्यकर्ताओ को हमेशा तैयार रहना है।सिंहभूम लोकसभा के मौजूदा सांसद सह भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा ने कहा आपकी प्रत्याशी को आप जब भी ढूंढेंगे मौजूद रहेगी, हमे अफवाह पर ध्यान न देकर एकजुटता से चुनाव कार्य में जुट जाना है।आज बैठक में मधु कोड़ा, गीता बालमुचू, सुबोध कुमार गुड्डु, उदय सिंहदेव, बिनोद श्रीवास्तव, शैलेंद्र सिंह, मनोज चौधरी, बॉबी सिंह, गणेश महाली, अनंत राम टुडू, रमेश हांसदा, राकेश सिंह, मीनाक्षी पटनायक, राजा सिंहदेव, हरिकृष्ण प्रधान, कुबेर सारंगी,चामी मुर्मू, शंभू मंडल, रितिका मुखी,मनोज तिवारी, राकेश मिश्रा, ललन शुक्ला, सूर्या देवी, निरंजन मिश्रा, कृष्णा प्रधान, संजय सरदार, रश्मि साहू, पंकज कुमार, बिरेंदर सिंह, अमितेश अमर, अमित सिंहदेव, अमन प्रसाद सहित सभी मंडल के अध्यक्ष, महामंत्री सभी मोर्चा के अध्यक्ष मौजूद रहे।बैठक दो सत्र में संपूर्ण हुई दूसरे सत्र में सरायकेला विधानसभा के सभी बूथ अध्यक्षों की उपस्थिति रही।

## कदमा में नहीं है तेंदुआ आज से खुल जाएगा बायोडायवर्सिटी पार्क : डीएफओ

*- सोनारी में सूअर को चाकू से काटा गया था, कुत्तों ने नोचा जांच रिपोर्ट*

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** डीएफओ ममता प्रियदर्शी ने बताया कि कदमा में तेंदुआ नहीं है. कदमा के लोग अब बेखौफ रह सकते हैं. क्योंकि तेंदुआ के रहने का कोई निशान नहीं मिला. उन्होंने बताया कि बायोडायवर्सिटी पार्क को सोमवार को खोल दिया जाएगा. बता दें कि गुरुवार की रात लोगों में यह चर्चा चली की कदमा के बायोडायवर्सिटी पार्क में तेंदुआ है. इसके बाद वन विभाग के अधिकारियों ने बायोडायवर्सिटी पार्क को सील कर दिया था. अब यह साफ हो गया है कि कदमा के बायोडायवर्सिटी पार्क या अन्य किसी पार्क में तेंदुआ नहीं है. इसलिए अब बायोडायवर्सिटी पार्क की सील सोमवार को खोल दी जाएगी. वहीं सोनारी में शनिवार को एक मरा हुआ सूअर मिला था. लोग चर्चा कर रहे थे कि सूअर को तेंदुए ने मारा है. वन विभाग ने डेड बॉडी की जांच कराई. जांच में पता चला है कि सुअर को तेंदुए ने नहीं मारा. बल्कि इसे किसी ने चाकू से काटा था. धारदार हथियार से इसे काटने के निशान मिले हैं. इसके बाद इसे बाहर फेंक दिया गया था. इस पर कुत्तों ने इसे नोच दिया था. इस तरह यह साफ हो गया है कि सोनारी में भी तेंदुआ नहीं है. डीएफओ ने बताया कि पलामू टाइगर रिजर्व से आए वेटरनरी डॉक्टर सुनील कुमार और वर्ल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट आफ इंडिया से आए वन्य जीव विशेषज्ञ शहजादा इकबाल अभी कुछ दिन तक शहर में रहेंगे।



## सांस्कृतिक संगठन सौरव ने धूमधाम से मनाया 50वां वर्षगांठ समारोह, शामिल हुए शेखर डे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शहर की सांस्कृतिक संगठन सौरव ने आज अपनी स्थापना का 50वीं वर्षगांठ समारोह कॉलेज रोड, प्रमथनगर, परसुडीह में धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शहर के प्रसिद्ध समाजसेवी सह श्रीलेदर्स के पार्टनर शेखर डे शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर उपस्थित श्री शेखर डे ने सांस्कृतिक संगठन सौरव के कार्यो की प्रसंशा करते हुए कहा कि संगठन बेहतर कार्य कर रही है। सौरव संस्था के सदस्यों ने शेखर डे के द्वारा संस्था के ऑडिटोरियम निर्माण में उनके स्वर्गीय अभिभावकों के नाम से सहयोग देने के लिए आभार प्रकट किया। इस अवसर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मौके काफी संख्या में संस्था के सदस्यों के अलावा गणमान्य लोग उपस्थित थे।




## उत्साह के साथ क्षेत्र में मनाया गया ईस्टर संडे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** सरायकेला एवं सीनी में 31 मार्च रविवार को काफी उत्साह के साथ ईस्टर संडे मनाया गया। समुदाय के लोग विभिन्न चर्च में जाकर विशेष प्रे किया। बताया गया कि यह दिन ईसाई धर्म के अनुयायियों के लिए बेहद खास है। गुड फ्राइडे के तीन दिन बाद ईसाई धर्म के लोग ईस्टर संडे का पर्व मनाते हैं। गुड फ्राइडे ईसा मसीह के बलिदान व त्याग से जुड़ा दिन है। इस दिन लोग ईसा मसीह के बलिदान को याद करते हैं। वहीं गुड फ्राइडे के तीसरे दिन यानी रविवार को ईसा मसीह दोबारा जीवित हुए थे, इसलिए ईसा मसीह के जीवित होने की खुशी में ईस्टर संडे का पर्व मनाया जाता है। कहा जाता है कि पुनर्जीवित होने के बाद यानी ईस्टर संडे के बाद 40 दिन तक ईसा मसीह पृथ्वी पर रहे और अपने शिष्यों को प्रेम और करुणा का पाठ पढ़ाया, उसके बाद वे स्वर्ग चले गए। प्रभु यीशु प्रेम और शांति के मसीहा थे। धार्मिक कट्टरपंथियों को ये बात रास नहीं आती थी, इसलिए दुनिया को प्रेम और करुणा का संदेश देने वाले प्रभु यीशु को धार्मिक कट्टरपंथियों ने सूली पर चढ़ा दिया। जिस दिन प्रभु यीशु को सुली पर चढ़ाया गया उस दिन शुक्रवार था। जब प्रभु यीशु को शूली पर चढ़ाया गया तो उनके अनुयाई निराशा हो गए और उनके बलिदान दिवस को गुड फ्राइडे के रूप में मनाने लगे। हालांकि इसके तीन दिन बाद यानी रविवार को प्रभु यीशु फिर से जीवित हो उठे। इसके बाद उनके अनुयाइयों में खुशी की लहर दौड़ गई।



## बीआर चैरिटेबल मेडिकल ट्रस्ट के निःशुल्क चेक अप कैंप में 400 से अधिक मरीजों की हुई जांच

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** न्यू कालीमाटी रोड, गाड़ाबासा स्थित बी आर चैरिटेबल मेडिकल ट्रस्ट द्वारा झारखंड के प्रसिद्ध चर्म रोग विशेषज्ञ स्वर्गीय डॉक्टर आर पी ठाकुर के सातवी पुण्यतिथि के अवसर पर निशुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन एन एडवांस स्किन हॉस्पिटल, मानिफिट टी ओ पी के बगल मे संपन्न हुआ । जहाँ विभिन्न विभागों के डॉक्टर जैसे डॉक्टर राजीव ठाकुर, डॉक्टर पल्लवी ठाकुर, डॉक्टर विवेक केडिया, डॉक्टर ओ पी ठाकुर, डॉक्टर मेघा सिधेश, डॉक्टर अजित कुमार सिंह, डॉक्टर अक्षय कृति, डॉक्टर पियूष जैन, डॉक्टर आशीष कुमार, डॉक्टर रोहित कुमार झा, डॉक्टर राजीव शर्मा के अलावा सुपर स्पेसिलिस्ट यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर संजय जोहरी एवं हार्ट स्पेशलिस्ट डॉक्टर अजय अग्रवाल भी उपस्थित थे । जिन्होंने उक्त मरीजों की जाँच करने के पश्चात विभिन्न रोगों की रोकथाम एवं बचाव हेतु उपाय बताये । साथ ही उक्त अवसर पर मरीजों को यथासंभव निशुल्क दवाइयाँ भी उपलब्ध कराई गयी ।उक्त जानकारी देते हुए डॉक्टर राजीव ठाकुर ने कहा की इस निशुल्क मेगा हेल्थ कैंप मे शहर के कई नामी गिरामी डॉक्टरों के अलावा पूर्व विधायक कुणाल सारंगी, पूर्व विधायक सह मंत्री राम चंद्र साहिस, समाजसेवी शिव शंकर सिंह, भाजपा नेता भरत सिंह, राजकुमार सिंह, अरुण सिंह, मंजू सिंह, चिंटू, पप्पू सिंह, विकास सिंह के अलावा अन्य गण्यमान व्यक्ति उपस्थित थे ।



## आदिवासी प्लस टू हाई स्कूल बांगुड़दा के सेवानिवृत्त शिक्षक राजू सिंह को दी गई विदाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड अंतर्गत आदिवासी प्लस टू हाई स्कूल बांगुड़दा के शिक्षक राजू सिंह के सेवानिवृत्त होने पर रविवार को विद्यालय परिवार की ओर से स्कूल के सभागार में सम्मान सह विदाई समारोह आयोजित की गई। शिक्षक राजू सिंह 2001 से विद्यालय में सेवा दे रहे थे जो आज सेवानिवृत्त हो गए। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विश्वनाथ माझी ने शिक्षक राजू सिंह को अंगवस्त्र प्रदान करते हुए उन्हें सम्मानित किया और उनके लंबी उम्र व स्वस्थ जीवन की कामना की। प्रधान शिक्षक सुजीत कुमार सेठ ने कहा कि विद्यालय परिवार इनके सेवाकाल को हमेशा याद रखेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षक सेवानिवृत्त जरूर होते हैं लेकिन सेवा के दायित्यों से नहीं। इनके मार्गदर्शन की विद्यालय परिवार को हमेशा अपेक्षा रहेगी। सेवानिवृत्त शिक्षक राजू सिंह के कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान साथी शिक्षकों से जो मदद मिली है उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। मौके पर प्रधान अध्यापक सुजीत कुमार सेठ, विवेकानंद दरिपा, रथूनाथ महतो, संगीता मुर्मू, जयंत रजक, प्राणकृष्ण कुंभकार, तिलकतमा कुमारी, विजय कुमार, रवींद्र कुमार रवि, राहुल कुमार, किंशुक, अभिनव व कृष्ण कुमार आदि उपस्थित थे।

## सोनारी थाना शांति समिति की बैठक में जिला प्रशासन के निर्देशानुसार रामनवमी मनाने की अपील की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सोनारी थाना शांति समिति के सचिव और शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू के नेतृत्व में सोनारी शांति समिति के सदस्यों के साथ एक विचार गोष्ठी बैठक का आयोजन आगामी हिंदू नव वर्ष,चैत्र नवरात्रि, रामनवमी,रमजान और लोकसभा चुनाव को लेकर किया गया।बैठक में सोनारी शांति समिति के सदस्यों से आग्रह है कि किसी भी तरह से सोनारी में आचार संहिता उलंघन ना हो इसपर नज़र रखे और लोकतंत्र के महापर्व को शांति पूर्ण तरीके से जिला प्रशासन के साथ मिलकर संपन्न करवाये, बिगत दो चार दिनो से, केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति को लेकर भी असमंजस्य से बना हुआ है दोनों पक्ष अपने-अपने दावेदारी करके जमशेदपुर के तमाम रामनवमी अखाड़ा समिति से संपर्क कर अपना अपना मार्गदर्शन दे रहे हैं। सोनारी शांति समिति के सचिव सुधीर कुमार पप्पू ने सोनारी के सभी रामनवमी अखाड़ा समितियो से आग्रह किया है कि जिला प्रशासन, सोनारी थाना और सोनारी शांति समिति के माध्यम से बनाये गए दिशा निर्देशानुसार ही रामनवमी की जुलूस निकाले, किसी दूसरे के बहकावे में आकर अपने पावन पर्व की खुशियों को बर्बाद ना करें। सोनारी हमेशा ही शांति प्रिय और सौहार्दपूर्ण तरीके से हर पर्व को मानते आया है और इस बात का हम सोनारी के लोगोंको गर्व है। इस बैठक में त्रिभुवन यादव रवि ठाकुर कविंद्र सरिता लाल बीनू दुबे प्रदीप लाल राहुल भट्टाचार्य कृष्ण देव कुमार आजाद सुल्तान मोहम्मद ताहिर विनोद प्रसाद दीपक यादव प्रेम सिंह गणेश कुमार साहू मनोज गुप्ता समीर ठाकुर सरबजीत सिंह हर्ष नायडू नारायण प्रसाद एवं डी बोस ने धन्यवाद ज्ञापन की




## धालभुमगढ़ में आयोजित बाहा बोंगा उत्सव में शामिल हुए झामुमो नेता आस्तिक महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**घाटशिला :** धालभूमगढ़ प्रखंड के भाटीशाल दिशोम जाहेरगाढ़ में प्रकृति का महापर्व बाहा बोंगा के शुभ अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता आस्तिक महतो ने शिरकत की। इस दौरान उन्होंने श्रद्धापूर्वक जाहेरथान में प्राकृतिक देवता की प्रार्थना करते हुए समस्त झारखंडवासियों के सुख, समृद्धि, खुशहाली और शांति के लिए कामना की। उन्होंने उपस्थित लोगों को पर्व की शुभकामनाएं दी। कमिटी द्वारा उन्हें पगड़ी पहनाकर एवं सखुआ (साल) का फूल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर उनके साथ झामुमो के जिला सचिव घनश्याम महतो, जिला सदस्य रामदास हांसदा , करुणाकर महतो, जिला परिषद सदस्य हीरा दास, प्रोफेसर चंद्रशेखर महतो, नकुल चंद्र महतो के अलावा कमेटी की ओर से अध्यक्ष विक्रम सोरेन, सचिव चैतन मुर्मू, सकला हांसदा, गणपति मुर्मू, मुखिया मरांडी सुरई टुडू व सकला बास्के आदि मौजूद थे। उपस्थित सैकड़ों महिलाओं ने उत्सव के मौके पर पाता नाच करते हुए प्रकृति का आभार व्यक्त किया।

## पटमदा में शिरडी साईं चैरिटेबल ट्रस्ट ने बांटा राशन सामग्री



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** शिरडी साई चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से रविवार को पटमदा के खेरुआ टोला खाड़ियाडीह में 88 परिवारों के बीच राशन का वितरण किया गया। प्रत्येक राशन सामग्री के पैकेट में 7 किलो चावल,1 किलो मसूर दाल, 2 केला, एक बिस्कुट का पैकेट और साबुन आदि था। मौके पर उपस्थित साई चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन विजय मेहता ने लोगों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली और उनके बच्चों को शिक्षित करने की सलाह दी। इस दौरान 84 बच्चे भी मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में शरत चंद्रन, पूरबी घोष, एमएल अग्रवाल, हीरा प्रसाद, योगेंद्र प्रसाद, महेंद्र गुप्ता, संतोष शर्मा, चिंटू, एके गोपालन एवं विनय कुमार का सक्रिय योगदान रहा।

# झारखंड स्टेट योगसना स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 7 को

**-5 वर्ष से लेकर 60 वर्ष से अधिक उम्र के प्रतिभागी होंगे शामिल**
**-वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन ऑफ योगासना स्पोर्ट्स इंडिया का आयोजन**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन (डब्ल्यूएफएफ) ऑफ योगासना स्पोर्टस इंडिया के झारखंड चैप्टर द्वारा आगामी 7 अप्रैल को बिष्टुपुर मिलानी हॉल में एक दिवसीय झारखंड स्टेट योगसना स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा. इसके लिये संस्था द्वारा लगातार बैठकें कर इसकी तैयारी की समीक्षा की जा रही है. इसमें भाग लेने के लिये राज्यभर के स्कूल-कॉलेज व विभिन्न संस्थाओं से संपर्क साधा जा रहा है. संस्था को लोगों से बेहतर रिस्पांस भी मिल रहा है.इस संबंध में वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन (डब्ल्यूएफएफ) ऑफ योगासना स्पोर्टस इंडिया के अध्यक्ष सह सरकार योगा एकेडमी के संस्थापक योगगुरु अंशु सरकार ने बताया कि दिनभर चलनेवाले उक्त प्रतियोगिता में कई इवेंट आयोजित किये जाएंगे. सभी प्रतियोगिताएं अलग-अलग आयु वर्ग की श्रेणी (कुल 12) में होंगे. सभी प्रतिभागियों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना जरुरी है. सरकार ने बताया कि प्रतियोगिता में सब जूनियर (सभी मे बॉयज एंड गर्ल्स) ग्रुप ए (5 से 9 वर्ष) और बी (10 से 14 वर्ष), जूनियर ग्रुप (15 से 18 वर्ष), सीनियर (सभी मे पुरुष व महिला) ग्रुप ए (19 से 22 वर्ष), बी (23 से 26 वर्ष) और सी (27 से 30 वर्ष), सुपर सीनियर ग्रुप (31 से 40 वर्ष पुरुष व महिला), मास्टर्स (सभी मे पुरुष व महिला) ग्रुप ए (41 से 50 वर्ष), बी (51 से 60 वर्ष) और सी (60 वर्ष से अधिक), मॉम्स कैटेगरी (सिर्फ महिला-ओपन ग्रुप) तथा स्टार कैटेगरी (सिर्फ दिव्यांग-ओपन ग्रुप) शामिल है.




**अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष करेंगे प्रतियोगिता का उद्घाटन**

**उपायुक्त करेंगे विजेताओं को पुरस्कृत**

अंशु सरकार ने बताया कि चूंकि प्रतियोगिता में राज्य के अलग-अलग जिलों से प्रतिभागी शामिल होंगे, इसलिये इसका शुभारंभ पूर्वान्ह 8 बजे होगा तथा शाम 6 बजे से पुरस्कार वितरण समारोह शुरु होगा. उन्होंने बताया कि उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि डब्ल्यूएफएफ के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम भादुरिया उपस्थित होंगे. अन्य अतिथियों में जैपआईटी (झारखंड सरकार) के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर राज कुमार गुप्ता तथा टाटा स्टील के उपाध्यक्ष (शेयर्ड सर्विस) प्रोबाल घोष शामिल होंगे।वहीं पुरस्कार वितरण समारोह में जिले के उपायुक्त अनन्य मित्तल मुख्य अतिथि होंगे, जबकि अन्य अतिथियों में समय कंस्ट्रक्शन ग्रुप के निदेशक राजेश सिंह तथा संस्था डब्ल्यूएफएफ की रीतु रावत आदि शिरकत करेंगी।

संपादकीय

# दृढ़ संकल्प की जरूरत

रूस की राजधानी मास्को में एक बड़े समारोह स्थल पर आतंकी हमलावरों ने अंधाधुंध गोलीबारी करके 113 लोगों को मार डाला और बाद में तम्बू में आग लगाकर अपनी राक्षसी व्रूरता का परिचय दिया। रूस की पुलिस एवं सुरक्षा एजेंसियों ने जिन 11 लोगों को पकड़ा है उनमें 4 लोग तो ऐसे हैं जो सीधे-सीधे इस हमले से जुड़े हैं। आईएस ने भी इस हमले की जिम्मेदारी अपनी समाचार एजेंसी अमाक के माध्यम से दी है। इसलिए अब इस बात में तो कोई संदेह नहीं रह गया है कि हमलावर कौन थे। असल में रूस ने सीरिया में खुलकर वहां के राष्ट्रपति असद का साथ दिया था और आईएस को तबाह करने में काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। आईएस आतंकियों को रूस की इसी हरकत से शिकायत थी। अमेरिकी खुफिया एजेंसियों को आईएस के इस हमले की पूर्व जानकारी थी और उन्होंने शत्रुता को भूलकर रूसी खुफिया एजेंसी को इस हमले के बारे में सूचना भी दी थी। अमेरिकी खुफिया सूचना के आधार पर रूस की सुरक्षा एजेंसियां आईएस के माड्यूल को पकड़ नहीं सकी किन्तु हमले के बाद पुलिस की सविरायता के कारण आतंकी पकड़े जा रहे हैं। रूस में यह आतंकी हमला दशकों बाद हुआ है। पहले भी रूस आतंकियों का निशाना बना है। इसके पहले जिस वीभत्स हमले की चर्चा होती है, वह भी एक सिनेमा हाल में आतंकियों द्वारा दर्शकों को बंधक बनाने के बाद हुआ था। रूस सुरक्षा एजेंसियों में आतंकियों के प्राति शून्य प्रातिशत नरमी बरतने का संकेत हमेशा देता रहा है और सिनेमा हाल में भी रूसी एजेंसियों ने घेर कर आतंकियों को मारा। इस आपरेशन में वुछ दर्शक भी मारे गए और इसी को पुतिन कहते हैं कि जब आतंकियों से लड़कर जान बचानी है तो अपने वुछ नागरिकों की जान जानी भी स्वाभाविक है। बहरहाल आईएस की घटनाएं फिर एक बार सामने आई है। इस तरह की घटनाएं प्रांस में भी होती रही हैं। इस्लामिक कट्टरता से लड़ना किसी एक देश का दायित्व नहीं है। इसके खिलाफ सभी को एकजुट होना पड़ेगा। दुर्भाग्य से अपने गठन से लेकर अभी तक संयुक्त राष्ट्र संघ आतंकियों की परिभाषा तक नहीं तय कर पाया है। यही कारण है कि जो एक के लिए आतंकी होते हैं वही दूसरों के लिए स्वतंत्रता सेनानी। समय एक दिन उनका भी हिसाब करेगा जो आज इस घटना को मात्र रूस की मान रहे हैं। भारत के खिलाफ सविराय आतंकियों को जब भी अंतर्राष्ट्रीय संस्था द्वारा आतंकी घोषित किया जाता है तो चीन अपना वीटो लगाकर उन्हें बचा लेता है। अंतर्राष्ट्रीय आतंकियों के प्राति संबंध रखने वालों को एक बार फिर इस बात को सोचना पड़ेगा कि चीन जैसा जिम्मेदार देश अपने संकीर्ण स्वार्थ के लिए अंतर्राष्ट्रीय विघटनकारी प्रावृत्ति का साथ क्यों दे रहे हैं। चीन सहित सभी देशों में इस बात के लिए चर्चा होनी चाहिए कि आतंकियों को वूटनीतिक, आर्थिक और उनकी सुरक्षा के लिए जो भी देश सामने आएं उनके खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए। आईएस तो रक्तबीज है। इसके खत्म होने पर दूसरे आतंकी भी सामने आ जाएंगे। इसलिए जरूरत है, विश्व समुदाय असय और जलील आतंकियों के खिलाफ दृढ़ संकल्प हों।

आतंकी हमलावरों ने अंधाधुंध गोलीबारी करके 113 लोगों को मार डाला और बाद में तम्बू में आग लगाकर अपनी राक्षसी व्रूरता का परिचय दिया। रूस की पुलिस एवं सुरक्षा एजेंसियों ने जिन 11 लोगों को पकड़ा है उनमें 4 लोग तो ऐसे हैं जो सीधे-सीधे इस हमले से जुड़े हैं। आईएस ने भी इस हमले की जिम्मेदारी अपनी समाचार एजेंसी अमाक के माध्यम से दी है। इसलिए अब इस बात में तो कोई संदेह नहीं रह गया है कि हमलावर कौन थे। असल में रूस ने सीरिया में खुलकर वहां के राष्ट्रपति असद का साथ दिया था और आईएस को तबाह करने में काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। आईएस आतंकियों को रूस की इसी हरकत से शिकायत थी। अमेरिकी खुफिया एजेंसियों को आईएस के इस हमले की पूर्व जानकारी थी और उन्होंने शत्रुता को भूलकर रूसी खुफिया एजेंसी को इस हमले के बारे में सूचना भी दी थी। अमेरिकी खुफिया सूचना के आधार पर रूस की सुरक्षा एजेंसियां आईएस के माडूल को पकड़ नहीं सकी किन्तु हमले के बाद पुलिस की सविरायता के कारण आतंकी पकड़े जा रहे हैं। रूस में यह आतंकी हमला दशकों बाद हुआ है। पहले भी रूस आतंकियों का निशाना बना है। इसके पहले जिस वीभत्स हमले की चर्चा होती है, वह भी एक सिनेमा हाल में आतंकियों द्वारा दर्शकों को बंधक बनाने के बाद हुआ था। रूस सुरक्षा एजेंसियों में आतंकियों के प्राति शून्य प्रातिशत नरमी बरतने का संकेत हमेशा देता रहा है और सिनेमा हाल में भी रूसी एजेंसियों ने घेर कर आतंकियों को मारा।

## भारत के पुनरुत्थान के गौरवशाली अध्याय के प्रारम्भ का संकेत माना जा सकता है

# श्री अयोध्या धाम में नवनिर्मित प्रभु श्रीराम मंदिर ने भारतीय समाज को एक किया है

प्रहलाद सबनानी

22 जनवरी 2024 का दिन भारत के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों से लिखा जाएगा क्योंकि इस दिन श्री अयोध्या धाम में प्रभु श्रीरामलला के विग्रहों की एक भव्य मंदिर में समारोह पूर्वक प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न हुई थी। इस प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पूरे देश से धार्मिक, राजनैतिक एवं सामाजिक जीवन के प्रत्येक क्षेत्र के शीर्ष नेतृत्व तथा समस्त मत, पंथ, सम्प्रदाय के पूजनीय संत महात्माओं की गरिमामय उपस्थिति रही थी। इससे निश्चित ही यह आभास हुआ है कि प्रभु श्रीराम मंदिर ने भारत में समस्त समाज को एक कर दिया है। यह भारत के पुनरुत्थान के गौरवशाली अध्याय के प्रारम्भ का संकेत माना जा सकता है। सामान्यतः किसी भी भवन का ढांचा नीचे से ऊपर की ओर जाता दिखाई देता है परंतु प्रभु श्रीराम मंदिर के बारे में यह कहा जा रहा है कि प्रभु श्रीराम का यह मंदिर जैसे ऊपर से बनकर आया है और पृथ्वी पर स्थापित कर दिया गया है। इस भव्य मंदिर को त्रिभुवन का मंदिर भी कहा जा रहा है। तमिलनाडु के एक बड़े अधिकारी, जो कला के जानकार हैं, का तो यह भी कहना है कि इस प्रकार की नक्काशी से सज्जित मंदिर शायद पिछले 1000 वर्षों में तो बनता हुआ नहीं दिखाई दिया है। इस मंदिर में प्रभु श्रीराम के विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा के समय लगभग समस्त समाज के लोग पूजा सम्पन्न कराने के उद्देश्य से बिठाए गए थे। पूजा सम्पन्न कराने के लिए माननीय पंडितों को देश के लगभग समस्त राज्यों से लाया गया था। देश में लगभग 150 संत महात्माओं की परम्पराएं हैं जैसे गुरु परम्परा, दार्शनिक परम्परा आदि। ऐसी समस्त परम्पराओं के संत महात्माओं की भागीदारी प्राण प्रतिष्ठा समारोह में रही। साथ ही, सामाजिक जीवन के कई क्षेत्रों के प्रमुख नागरिकों की भी इस समारोह में भागीदारी रही, जैसे खेल, साहित्य, लेख, कला, मीडिया, प्रशासन, आदि। कुल 18 श्रेणियों के नागरिकों को इस समारोह में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया गया था। जिन लगभग 4000 श्रमिकों ने इस मंदिर के निर्माण में अपना योगदान दिया था उनमें से 600 श्रमिकों, इंजीनीयरों एवं सुपर्वायजर आदि की भी इस कार्यक्रम में भागीदारी करवाई गई। 22 जनवरी 2024 के पवित्र दिन श्रीअयोध्या धाम के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 60 चार्टर हवाई जहाज आए थे।



कुल मिलाकर व्यवस्थाएं इतनी अच्छी थीं कि किसी भी नागरिक को श्री अयोध्या धाम में प्रवेश करने में किसी भी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं हुई थी। मंदिर परिसर में भी समस्त नागरिकों को अपनत्व लगा था। ऐसा लगा कि स्वर्ग में पहुंच गए हैं एवं मंदिर परिसर में दैवीय अनुभूति हुई। आज भारत एवं अन्य देशों से लगभग 2 लाख श्रद्धालु प्रभु श्रीरामलला के दर्शन हेतु श्री अयोध्या धाम प्रतिदिन पहुंच रहे हैं। दिनांक 15 से 17 मार्च 2024 को नागपुर में सम्पन्न हुई राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक में प्रभु श्रीराम मंदिर के निर्माण पर एक प्रस्ताव पास किया गया है। इस प्रस्ताव में यह कहा गया है कि भारत में सम्पूर्ण समाज हिंदुत्व के भाव से ओतप्रोत होकर अपने "स्व" को जानने तथा उसके आधार पर जीने के लिए तत्पर हो रहा है। अब जब प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण हो चुका है अतः अब भारत के समस्त नागरिकों के संदर्भ में अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा का यह सुविचरित मत है कि सम्पूर्ण समाज अपने जीवन में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों को प्रतिष्ठित करने का संकल्प ले, इससे राम मंदिर के पुनर्निर्माण का उद्देश्य सार्थक होगा। प्रभु श्रीराम के जीवन में परिलक्षित त्याग, प्रेम, न्याय, शौर्य, सद्भाव एवं निष्पक्षता आदि धर्म के शाश्वत मूल्यों को आज समाज में पुनः प्रतिष्ठित करना आवश्यक है। सभी प्रकार के परस्पर वैमनस्य और भेदों को समाप्त कर समरसता से युक्त पुरुषार्थी समाज का निर्माण करना ही प्रभु श्रीराम की वास्तविक आराधना होगी। इसी दृष्टि से, अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा समस्त भारतीयों का आह्वान करती है कि बंधुत्व भाव से युक्त, कर्तव्य निष्ठ, मूल्य आधारित और सामाजिक न्याय की सुनिश्चितता करने वाले समर्थ भारत का निर्माण करें, जिसके आधार पर वह एक सर्व कल्याणकारी वैश्विक व्यवस्था का निर्माण करने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन कर सकेगा। यदि भारतीय समाज एक होगा तो भारत को पुनः एक बार विश्व गुरु के रूप में प्रतिष्ठित करने में आसानी होगी। श्री अयोध्या धाम में नव निर्मित प्रभु श्रीराम मंदिर ने न केवल भारतीय समाज को एक किया है बल्कि इससे भारत की आर्थिक प्रगति में चार चांद लग रहे हैं। देश में धार्मिक पर्यटन की जैसे बाढ़ ही आ गई है। न केवल भारतीय नागरिक बल्कि अन्य देशों में रह रहे भारतीय मूल के लोग भी प्रभु श्री राम के दर्शन करने हेतु श्री अयोध्या धाम पहुंच रहे हैं। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के लाखों नए अवसर विकसित हो रहे हैं। भारतीय समाज में एकरसता आने से भारत में मनाए जाने वाले विभिन्न त्यौहारों को भी बहुत ही उत्साह के साथ मनाया जा रहा है जिससे आपस में भाईचारा बढ़ता दिखाई दे रहा है। यदि मां भारती को विश्व गुरु बनाना है तो भारत में निवास कर रहे समस्त नागरिकों में एकजुटता स्थापित करनी ही होगी। भारत में मजबूत राजनैतिक स्थिति, मजबूत लोकतंत्र, मजबूत सामाजिक स्थिति, मजबूत सांस्कृतिक धरोहर होने के चलते विश्व के अन्य देशों का भारतीय सनातन संस्कृति पर विश्वास बढ़ रहा है जिसे भारत के वैश्विक स्तर पर पुनरुत्थान के रूप में देखा जा सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के परम पूज्य सर संघचालक मोहन भागवत जी भी अपने एक उदबोधन में कहते हैं कि राम राज्य के सामान्य नागरिकों का जो वर्णन शास्त्रों में मिलता है, उसी का आचरण आज हमें करना चाहिए क्योंकि हम भी इस गौरवमय भारतवर्ष की संताने हैं। आज हमें राम राज्य के समय नागरिकों द्वारा किए जाने वाले आचरण को अपनाने हेतु तप करना पड़ेगा, हमको समस्त प्रकार के कलह को विदाई देनी पड़ेगी। समाज में आपस में अलग अलग मत हो सकते हैं, छोटे छोटे विवाद हो सकते हैं, इन्हें लेकर आपस में लड़ाई करने की आदत छोड़ देनी पड़ेगी। राम राज्य के समय नागरिकों में अहंकार नहीं हुआ करता था वे बगैर अहंकार के आपस में मिलजुलकर काम करते थे।

भारत के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों से लिखा जाएगा क्योंकि इस दिन श्री अयोध्या धाम में प्रभु श्रीरामलला के विग्रहों की एक भव्य मंदिर में समारोह पूर्वक प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न हुई थी। इस प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पूरे देश से धार्मिक, राजनैतिक एवं सामाजिक जीवन के प्रत्येक क्षेत्र के शीर्ष नेतृत्व तथा समस्त मत, पंथ, सम्प्रदाय के पूजनीय संत महात्माओं की गरिमामय उपस्थिति रही थी।

दृष्टि कोण

# इलेक्ट्रोरल बॉण्ड मामले में हेरापेरी की आशंका

इलेक्ट्रोरल बॉण्ड मामले में हेरापेरी की आशंका पिछले दिनों माननीय सर्वोच्चन्यायालय ने इलेक्ट्रोरल बॉण्ड के माध्यम से देश की सभी बड़ी राजनीतिक परटियों को गुप्त चंदा देने और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा इन बाँडों के सहारे जो पैसा मिला है उसकी सही जानकारी न देने के कारण सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाई है वह दुर्भाग्य पूर्ण है। दरअसल इस समय ऐसा शब्द बन गया है जिसकी चर्चा हर ओर हो रही हैं क्योंकि देश के अधिकांश दलों को इन बॉण्डो के माध्यम से मिलने वाले चंदे को सार्वजनिक कराने के लिए देश की सर्वोच्च अदालत को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया पर टिप्पड़ी करने और अवश्यक निर्देश देना पड़ा। और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन करते हुए डेटा शेयर किया जिसे चुनाव आयोग ने 14 मार्च को सार्वजनिक किया पर इस डेटा मे कई कमिया थी और अधूरा था और इस डेटा मे पारदर्शिता न होने के कारण तरह तरह के प्रश्न खड़े किये जा रहे है। इस सेट मे आधी अधूरी जानकारी देने से बवाल मच गया था क्योंकि इसमें हर बॉण्ड का यूनिक कोड नही दिया गया था, जिससे बॉण्ड खरीदने वाले और उसे वैश कराने वाली पाटा का मिलान कराया जा सके। इसके अलावा इसमें 12 अप्रैल 2019 से पहले खरीदे गए बाँड्स की जानकारी नही दी गयी थी जबकि इस अवधि मे खरीदे गए बॉण्डो की कीमत 4000 करोड़ रुपए से अधिक थी और इलेक्ट्रोरल बॉण्ड खरीदने और इसके माध्यम से राजनीतिक दलों को चंदा देने का धंधा वर्ष 2017 से ही शुरू हो गया था जबकि जिस यूनिक कोड को पहले दिये गये सेट मे छिपाया गया था उस यूनिक कोड से यह पता चल जाता कि डोनर और चंदा लेने वाली पाटा के बीच संबंध क्या है और किस तरह से इन कम्पनियो को राजनीतिक दलों द्वारा पेवर किया गया है। चुनाव आयोग द्वारा इलेक्ट्रोरल बाँड्स का दूसरा डेटा 17 मार्च को शेयर किया गया और इलेक्ट्रोरल बाँड्स से संबंधित मामले की सुनवाई कर रही पीठ के प्रमुख मुख्य न्यायाधीश डी वाई चन्द्रचुड़ ने ये डेटा एक साथ न शेयर करने पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को भी फटकार लगाई, पर चुनाव आयोग की वेब साइट पर यह डेटा पूरी तरह अपलोड होने पर यह सार्वजनिक हो गया कि इलेक्ट्रोरल बॉण्ड के जरिये किस वंपनी ने किस राजनीतिक दल को कितना पैसा दिया और यह भी सही है कि इन इलेक्ट्रोरल बाँड्स के जरिये सत्ता धारी परटियों को अधिक पैसा मिला और वेंद्र में सत्ता धारी पाटा भाजपा के अलावा बंगाल मे सत्ता में रह रही टीएमसी और उड़िशा में सत्ता मे रह रही बीजेडी जैसी परटियों ने भी खूब पैसा बटोरा। पर सबसे अधिक आर्यं जनक बात यह है कि तमिलनाडु मे शासन कर रही डी एम के को सबसे अधिक चंदा फ्यूचर गेमिग एंड होटल स्रविसेस के मालिक सैंटियागो मरटिन जिसे लॉटरी किंग के नाम से जाना जाता है की वंपनी ने वुल 1300 करोड़ से ज्यादा के मूल्य के बाँड्स खरीदे और डी एम के को सबसे अधिक 656.5 करोड़ के बॉण्ड खरीदकर दिये, इससे स्वयं समझा जा सकता हैं कि पेरियार के सामाजिक न्याय का दंभ भरने वाली पाटा जब सटोरियों से इतना अधिक डोनेसन ले रही है तो वह पेरियार के आदशरे को वैसे पूरा करेगी, फ्यूचर गेमिग के अलावा डी एम के को कई बड़ी वंपनियों ने डोनेसन दिये। मेधा इंजिनियरिग 105 करोड़, इंडिया सीमेंट्स 14 करोड़ और सन्टीवी ने 10 करोड़ दिये। नई जानकारी के अनुसार लाटरी किग की फ्यूचर गेमिग से ममता बनजा की टीएमसी को कम से कम 540 करोड़ के चुनाव बॉण्ड मिले। फ्यूचर गेमिग ने डीएमके ऐं भाजपा, कांग्रेस को भी इलेक्ट्रोरल बॉण्ड के माध्यम से डोनेट किये, इसने टीएमसी और डीएमके अलावा वाईएसआर कांग्रेस को 160 करोड़, भाजपा को 100 करोड़ और कांग्रेस को 50 करोड़ दिये, दूसरा इलेक्ट्रोरल बॉण्ड का सबसे बड़ा खरीददार हैदराबाद की मेधा इंजिनियरिग है जिसने भाजपा, बीआरएस और डीएमके सहित कई दलों को 966 करोड़ दिये, इसके अलावा वेदांता ग्रुप ने भाजपा, कांग्रेस, बीजेडी को चंदा दिया जबकि भारती एयर टेल ने बीजेपी, अकाली दल, आरजेडी और कांग्रेस को चंदा दिया इनके अलावा न जाने कितनी वंपनिया है जिन्होंने पक्ष विपक्ष की सभी परटियों को चंदा दिया। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने उस आदेश जिसमे यह जानकारी, 6 मार्च 2024 तक देने की बात कही गयी थी उसे 30 जून 2024 तक बढ़ाने के लिए सुप्रीम कोर्ट मे 30 जून तक बढ़ाने के लिए अपील की थी और इस अपील पर ही कोर्ट ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को फटकार लगाई थी और बैंक को ये डेटा मार्च महीने में शेयर करने के लिए कहा, जबकि बैंक की मंसा यह थी कि मामले को लोकसभा चुनाव तक लटकाया जाए जिससे लोगो को चुनाव के पहले इस गोरख धंधे मे किस पाटा को कितना पैसा मिला पता चल सके। पर सुप्रीम कोर्ट के इस कड़े रुख मे की परिणति चुनावी पंडिग के मामले मे एक सकरात्मक पहल के रूप मे हुई।

कुछ अलग

# मतदाता का वक्त

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के महापर्व की घड़ी करीब आ गई है। देश में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ नयी सरकार बनने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। निस्संदेह, चुनाव कार्यक्रम बेहद लंबा है और 19 अप्रैल से शुरू होकर एक जून तक चलेगा। बेशक, 18वीं लोकसभा के लिये चुनाव की प्रक्रिया बहुत लंबी है। एक अरब के करीब पहुंचते मतदाताओं के लिये सुचारू-शांतिपूर्ण मतदान की व्यवस्था करना आसान भी नहीं है। भौगोलिक जटिलताओं, बड़ी आबादी और कानून व्यवस्था के प्रश्न चुनावी प्रक्रिया को लंबा बनाते हैं। निस्संदेह, यह नेताओं व सरकार का पांच साल का रिपोर्ट कार्ड पेश करने का वक्त है। यह आसमान से तारे तोड़ लाने के वायदे करने का वक्त है।



खामियों को दबाने और उपलब्धियों के बखान का वक्त है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण वक्त मतदाता के लिये है कि वह अच्छे-बुरे का फर्क करके तार्किक आधार पर अपने बेशकीमती मत का उपयोग करे। विडंबना ही है कि अमृतकाल से गुजरते देश में मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग विष और अमृत के भेद को पूरी तरह महसूस नहीं कर पाया है। भारतीय राजनीति में दागियों का दखल और धनबल का बढ़ता वर्चस्व यही बताता है कि हमारा मतदाता इन संवेदनशील मुद्दों के प्रति जागरूक नहीं हो पाया है। निश्चित रूप से मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग ऐसा भी है जो वोट डालने घर से नहीं निकलता। जो बड़ा तबका निकलता भी है वह भी धर्म, जाति, क्षेत्र और धनबल से रचे सम्मोहन से मुक्त नहीं हो पाता। विचारणीय प्रश्न यह भी कि क्यों आज भी मतदाता मुफ्त की रेवड़ियों के मोहपाश में जकड़ा हुआ है। मतदाता अपने बेशकीमती वोट को छोटे प्रलोभनों के लिये क्यों जाया कर देता है। देश में पिछले दशकों में साक्षरता का स्तर ऊंचा हुआ है। निस्संदेह, गरीबी के आंकड़ों में काट-छांट के दावे सरकारों की तरफ से किये जाते रहे हैं। देश में गरीबी की उपस्थिति भी एक सत्य है। लेकिन साधनविहीनता का यह मतलब कदापि नहीं है कि हम छोटे-छोटे प्रलोभनों में फंसकर विवेकशील ढंग से मतदान न कर सकें। देश में उत्तर, दक्षिण में मतदाताओं के रुझान में भिन्नता भी एक मुद्दा रहा है, लेकिन लोकतंत्र में पारदर्शिता, शुचिता और योग्य प्रतिनिधियों का चयन एक सर्वकालिक सत्य है। सही मायनों में यह लोकतंत्र का महोत्सव राजनेताओं का नहीं, जनता का है। मतदाता को अपने वोट की कीमत समझकर इसे बदलाव के अस्त्र के रूप में प्रयोग करना चाहिए। उसे जातीय, धार्मिकता, क्षेत्रवाद और आर्थिक प्रलोभनों को सिरे से खारिज करके लोकतंत्र को समृद्ध बनाना चाहिए। उसे विचार करना चाहिए कि देश की जनप्रतिनिधि संस्थाओं में क्यों धनबलियों का वर्चस्व हो रहा है। क्यों आम आदमी अब चुनाव लड़ने की स्थिति में नहीं है? क्यों जनप्रतिनिधि चुनाव जीतते ही अरबों में खेलने लगते हैं? यह विडंबना है कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान उपहारों, शराब और नकदी के अंबार की बरामदगी इस संकट की ओर इशारा करती है कि अल्पकालिक लाभ के लिये कमजोर वर्ग के मतदाताओं को लुभाने के लिये सारे दांव चले जाते हैं। निस्संदेह, इक्कीसवीं सदी के भारतीय लोकतंत्र में इन प्रवृत्तियों पर अंकुश लगना चाहिए।

देश दुनीया से

# केजरीवाल अब अपने को करें निदरेष साबित

कौन नहीं जानता कि दिल्ली में आम आदमी पाटा की सरकार के सत्ता पर आते ही अराजकता पैलने लगी। हद तो तब हो गई जब दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव अंशु प्रकाश की मुख्यमंत्री ने अपने निजी सहायकों द्वारा सरकारी आवास पर मध्य रात्रि में बुलवाकर गुंडे किस्म के हिस्ट्रीशीटर विधायकों द्वारा लात-घूँसों से पिटाई करवा दी। अरविद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली की शराब नीति के जिन आरोपों के आधार पर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है, उन्हें साबित होना भर ही बाकी है। हां, पर इतना तो कहना ही होगा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में अरविद केजरीवाल अपने को बार-बार अराजक मुख्यमंत्री के रूप में साबित करने में सफल रहे । वे लगातार केन्द्र सरकार और सरकारी अफसरों से लड़ने-झगड़ने के मूड में ही रहे। उन्होंने एक तरह से मान लिया कि देश भर में वह ही अकेले ईमानदार है। बाकी दुनिया भ्रष्ट है। उनसे उम्मीद थी कि वह देश में साफ-सुथरी और वैकल्पिक राजनीति का रास्ता साफ करेंगे। पर उन्होंने अपने खोखले दावोंवादों और कारनामों से देश को निराश ही किया। दिल्ली में अरविद केजरीवाल से पहले भी सरकारें और मुख्यमंत्री रहे, पर कभी कोई ऐसा मसला नहीं आया। दिल्ली की चुनी हुई सरकारों और केन्द्र सरकारों के बीच मजे मजे में विकास के सब काम होते रहे। पर सन 2015 में दिल्ली में आम आदमी पाटा ( आप ) की सरकार बनते ही हंगामा शुरू हो गा और होने लगा रोज का क्लेश, तकरार और आरोप - प्रत्यारोप का दौर। दिल्ली में 1951-52 में पहली बार विधानसभा के चुनाव हुए। दिल्ली के पहले मुख्यमंत्री कांग्रेस के चौधरी ब्रा्र प्रकाश बने। चौधरी साहब 1952 से 1955 तक मुख्यमंत्री रहे। उन्हें कांग्रेस ने हटाया और यहां का दूसरा मुख्यमंत्री बनाया सरदार गुरुमुख निहाल सिह मुसाफिर को। गुस्ताखी माफ, कम ही दिल्ली वालों को पता है कि दिल्ली के दूसरे मुख्यमनंत्री एक सिख सज्जन थे। वे पहली दिल्ली विधानसभा के स्पीकर थे। वे 13 फरवरी, 1955 से 31 अक्टूबर, 1956 तक दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे। उसके बाद विधानसभा का अस्तित्व समाप्त कर दिया गया। मुसाफिर जी ने मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए दिल्ली में शराब की दुकानें खोलने नहीं दीं। अजीब इत्तेफाक है कि अरविद केजरीवाल दिल्ली में शराब की दुकानें खोलने में सदैव अति उत्साह दिखाते रहे। उन्हें दिल्ली की शराब नीति में कथित घोटाले के कारण ही गिरफ्तार किया गया है। मुसाफिर जी के पुत्र एस. निहाल सिह प्रख्यात पत्रकार थे। वे इंडियन एक्सप्रेस अखबार के संपादक भी रहे। बहरहाल, 1966 में दिल्ली को एक महानगर परिषद मिली। यह विधान सभा के समकक्ष थी। महानगर परिषद का मुखिया मुखिया कार्यकारी पार्षद होता था। इस पद पर विजय वुमार मल्होत्रा और जग प्रवेश चंद्र जैसे नेता भी रहे। दिल्ली को 1991 में फिर से संविधान में संशोधन करके राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र घोषित किया गया। नए परिसीमन के तहत विधानसभा का 1993 में चुनाव हुआ। उसके बाद मदनलाल खुराना, साहिब सिह वर्मा, सुषमा स्वराज और शीला दीक्षित जैसे दिग्गज नेता दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे। इस दौरान केन्द्र में कभी कांग्रेस के नेतृत्व वाली और कभी भाजपा के नेतृत्व वाली सरकारें काम करती रहीं। पर दिल्ली में विकास का पहिया कभी थमा नहीं। जब मदन लाल खुराना मंख्यमंत्री बने तब देश के प्रधानमंत्री पी.वी.नरसिह राव थे। कहीं कोई दिक्कत नहीं आई। जब शीला दीक्षित मुख्यमंत्री थीं, तब प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी थे। तब भी दिल्ली का भरपूर विकास हो रहा था। कहीं कोई विवाद ही नहीं था। सारे विवाद आपसी बातचीत से हल हो रहे थे। अटल जी और शीला दीक्षित ने दिल्ली में मेट्रो रेल का विस्तार और बिजली की समस्या का स्थायी समाधान किया। यह बात अलग है कि अरविद केजरीवाल हमेशा कहते रहे कि दिल्ली में बिजली की 24 घंटे सप्लाई उनकी वजह से मुमकिन हुई। हालांकि, उन्होंने कभी यह नहीं बताया कि दिल्ली में पेयजल संकट का वह हल क्यों नहीं कर सके। क्यों यमुना मैली ही होती रही? वैसे दिल्ली बन गई दुनिया की सबसे ज्यादा प्रदूषित राजधानी? अरविद केजरीवाल ने इन सवालों के जवाब देने की कभी जरूरत महसूस नहीं की। अरविद केजरीवाल को यही लगता रहा कि अखबारों में बड़ेबड़े खचाले विज्ञापन देकर वे अपने को महान साबित करते रहेंगे।



अरविद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली की शराब नीति के जिन आरोपों के आधार पर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है, उन्हें साबित होना भर ही बाकी है। हां, पर इतना तो कहना ही होगा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में अरविद केजरीवाल अपने को बार-बार अराजक मुख्यमंत्री के रूप में साबित करने में सफल रहे । वे लगातार केन्द्र सरकार और सरकारी अफसरों से लड़ने-झगड़ने के मूड में ही रहे। उन्होंने एक तरह से मान लिया कि देश भर में वह ही अकेले ईमानदार है। बाकी दुनिया भ्रष्ट है। उनसे उम्मीद थी कि वह देश में साफ-सुथरी और वैकल्पिक राजनीति का रास्ता साफ करेंगे। पर उन्होंने अपने खोखले दावोंवादों और कारनामों से देश को निराश ही किया। दिल्ली में अरविद केजरीवाल से पहले भी सरकारें और मुख्यमंत्री रहे, पर कभी कोई ऐसा मसला नहीं आया।

आप का नजरीया

# उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनावों के सात चरणों का चक्रव्यूह पार करना नहीं होगा आसान

उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों को लेकर पूरे देश मे कौतुहल दिखाई दे रहा है। लोकसभा सीटों के हिसाब से सबसे बड़े राज्य यूपी में मुकाबला त्रिकोणीय होता नजर आ रहा है। त्रिकोणीय मुकाबले में एक तरफ एनडीए के तले मोदी की 'सेना' जीत की हुंकार भर रही है तो दूसरी ओर राहुल गांधी के अगुवाई में 'इंडी' गठबंधन ताल ठोक रहा है। दोनों गठबंधनों में बस फर्क इतना है कि जहां एनडीए की ओर से मोदी पुनः प्रधानमंत्री पद के दावेदार हैं, वहीं इंडी गठबंधन ने कौन होगा पीएम पर पत्ते नहीं खोले हैं, लेकिन लगता यही है कि यदि इंडी गठबंधन के लिये सत्ता की राह बनी तो राहुल गांधी प्रधानमंत्री पद के सबसे बड़े दावेदार होंगे। खैर, अभी किसी निष्कर्ष पर पहुंचना सही नहीं है। कौन होगा अगल प्रधानमंत्री ? यह सात चरणों के मतदान के बाद 04 जून को पता चलेगा, जब वोटों की काउंटिंग होगी। इसी लिये फिलहाल तो सात चरणों के चक्रव्यूह को भेदने के लिये ही सभी पार्टियो मैदान में ताल ठोंक रही हैं। 19 और 26 अप्रैल को प्रथम चरण एवं द्वितीय चरण का मतदान होगा। इन दोनों चरणो में पश्चिमी यूपी की 16 सीटों पर वोटिंग होगी। प्रथम चरण और दूसरे चरण के मतदान में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की क्रमशः आठ-आठ सीटों के उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। 07 मई को भी तीसरे चरण में दस सीटों पर मतदान होगा इसमें भी दस में से पश्चिमी यूपी की चार सीटें शामिल होंगी। इसके बाद 13 मई को चौथे, 20 मई को पांचवें, 25 मई को छठे और 01 जून को सातवें चरण का मतदान होना होगा। शुरू के तीन चरणों में जो राजनैतिक जंग पश्चिमी यूपी से शुरू होगी वह चौथे और पांचवे चरण में रूहेलखंड, अवध की सीटों पर तो छठे और सातवें चरण में पूर्वांचल में पहुंच कर समाप्त हो जायेगी। चार जून को नतीजे आयेंगे। 2024 लोकसभा चुनावों की शुरुआत पश्चिमी यूपी की आठ लोकसभा सीटों पर से होगा। पहले चरण में चुनाव के लिए आठ सीटों में से, भाजपा ने 2014 के चुनावों में सभी सीटें जीती थीं। 2014 में पार्टी ने अकेले प्रदेश भर में 71 सीटें जीतीं थीं। जबकि एनडीए गठबंधन के पास कुल 73 सीटें थीं। 2019 के चुनाव में इन सीटों पर सपा-रालोद और बसपा गठबंधन के खिलाफ लड़ाई में बीजेपी का प्रदर्शन खराब रहा। उन्होंने 8 में से केवल तीन सीटें जीतीं। ऐसे में सपा और बसपा को पूर्वांचल में कई सीटें मिलीं, जबकि बीजेपी को पूरे प्रदेश में सिर्फ 62 सीटें मिलीं थीं। 2024 का चुनाव संग्राम भी फिर पश्चिम यूपी से शुरू होगा। शुरुआत में पश्चिमी यूपी की 8 लोकसभा सीटों पर चुनाव होंगे। पिछले लोकसभा चुनाव के बाद से यहां के राजनीतिक हालात में काफी बदलाव आया है, जिसका असर चुनाव में दिख रहा है। यह चुनाव क्षेत्र में एक प्रमुख व्यक्ति रालोद नेता जयंत चौधरी की स्थिति भी तय करेगा। केंद्रीय मंत्री संजय बालियान की हैट्रिक कोशिशों की परीक्षा होगी। यह चुनाव तय करेगा कि बीजेपी नेता वरुण गांधी का राजनीतिक भविष्य क्या होगा।

# प्रखंड में ईस्टर पास्का परंपरागत तरीके से मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** प्रखंड भर मे मसीह विश्वासीओ ने रविवार को ईस्टर(पास्का) का त्यौहार परंपरागत तरीके से मनाया गया।इस अवसर पर संत जोसेफ बड़े गिरजाघर समेत महुआडांड़ के अन्य पल्लीयो में विशेष मिस्सा पूजा, बाइबल पाठ और अनुष्ठान की गई।संत जोसेफ बड़े गिरिजाघर में मुख्य अनुष्ठानकर्ता मनजीत लकड़ा थे।इस मौके पर फादर मनजीत ने कहा कि ईस्टर(पास्का) पर्व हमारे लिए आस्था और विश्वास का पर्व है।इस दिन प्रभु यीशु ने पाप, दुख और तकलीफ से पार पाया।प्रभु यीशु ने अपने बहुमूल्य जीवन को लोगो की भलाई और खुशी के लिए कुर्बान कर दी और मृत्यु के तीसरे दिन पुनः जी उठे।ईस्टर के मौके पर गिरजाघरो मे फादर रौशन, फादर बरथोलोमी समेत मसीह विश्वासी उपस्थित रहे।

**ईस्टर अंधकार से प्रकाश में आना : फा.सुरेश** ईस्टर रविवार मिस्सा के दौरान अपने संदेश में मुख्य फादर सुरेश ने कहा कि प्रभु यीशु पुण्य शुक्रवार क्रूस पर अपना बलिदान देकर समस्त मानव जाति को उसके पापों से उद्धार किया। उनका यह बलिदान ईश्वर के प्रति सर्वोच्च बलिदान का प्रतीक है।रविवार की रात वह जी उठे । इसी याद में ईस्टर मनाया जाता है।यह ज्योति का पर्व है।मृत्यु के बाद जीवन है।क्योकि प्रभु यीशु प्रकाश की तरह पुनः जी उठे थे।हम रात्रि जागरण मिस्सा के माध्यम से ज्योति (मोमबत्ती) जलाकर ज्योति की गुनगान करते हैं।ईस्टर का शाब्दिक अर्थ है गुलामी से आजाद होना, अंधकार से प्रकाश में आना। **समाज से जुड़कर करें सेवा :** इस मौके पर फादर बार्थो ने विश्वासीयो के बीच अपने संदेश में कहा कि जिस प्रकार ईश्वर ने प्रभु यीशु के क्रूस पर बलिदान से मनुष्यों को अपने से जोड़ने का काम किया।प्रभु यीशु काफी दुख तकलीफ सहे.क्रूस मृत्यु से उन्होंने समस्त मानव जाति के पापों का उद्धार किया। आज हमें प्रभु की उपासना के साथ यह संकल्प लेने की आवश्यकता है ,कि हम आपस के झगड़े- झंझट, ईष्या-द्वेष आदि कुरीतियों को भूलकर समाज सेवा का कार्य करें। कोयल दल व नाच दल में बरटोली गांव के युवा युवती सहित महिला-पुरुष भाग लिए। मिस्सा का संचालन हेड प्रचार आनंद व सिस्टर स्वाति का योगदान सराहनीय रहा।

# पुलिस ने अफीम के साथ दो तस्करों को किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** पुलिस को नशे के सौदागरों के विरुद्ध इन दिनों लगातार सफलता हाथ लग रही है। एसपी विकास पांडे को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सदर थाना पुलिस की टीम को एक और कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस की टीम ने सदर थाना क्षेत्र के कोशीलवा गांव के बैजनाथ साव, झबर गंझू और यदुनंदन यादव नामक तीन व्यक्तियों के घर में छापेमारी अभियान चलाकर 126 किलो अवैध डोडा के अलावे 4.3 किलो अफीम भी बरामद किया है। इस दौरान पुलिस की कार्रवाई को देखकर यदुनंदन यादव घर छोड़कर फरार हो गया। जबकि बैजनाथ साव और झबर गंझू को पुलिस की टीम ने मौके से गिरफ्तार कर लिया। मामले को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर डीएसपी मुख्यालय रोहित कुमार रजवार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर गठित टीम को यह सफलता हाथ लगी है।

## स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को किया जा रहा है जागरूक



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिले अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। रविवार को बरियातू प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में सखी मंडल की दीदियों, आंगनबाड़ी सेविकायें, सहिया द्वारा स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता रैली, मतदाता शपथ कार्यक्रम के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही अधिक से अधिक संख्या में 20 मई को अपने घरों से निकलकर वोट करने की अपील की गई।

## चोरों का आतंक बढ़ा, ताला तोड़ उड़ाए लाखों की संपत्ति

**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के कांग्रेस नेता चंद्रदेव दांगी के घर का ताला तोड़कर शनिवार की देर रात अज्ञात चोरों ने जेवरात सहित नगदी की चोरी कर लिया।बताया गया की जिस घर से चोरी की गई। उस घर में कोई नहीं था। चोरी की घटना की जानकारी रविवार की सुबह मिला। जब घर से कोई समान घर के सदस्य निकालने गया। तब चोरी होने की जानकारी मिला। बक्सा का ताला तोड़कर सोना व चांदी की जेवरात सहित नगदी की चोरी कर लिया। इस बाबत चंद्रदेव दांगी ने थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग किया है।

## आंधी तूफान से आंगनबाड़ी भवन हुआ ध्वस्त



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखंड के डीही पंचायत के मंगरा में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र जो बीते रात आई जोरदार आंधी तूफान से पुरी तरह से ध्वस्त हो गया प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि आंगनबाड़ी केंद्र पिछले 5 सालों से जर्जर अवस्था में पड़ा हुआ था। जर्जर स्थिति को देखते हुए आंगनबाड़ी सेविका कबूतरी देवी के द्वारा बच्चों को अपने घर में ही पढ़ाती थी वहीं कुछ लोगों ने बताया कि आंगनबाड़ी की मरम्मत को लेकर हम लोगों ने कई बार विभाग को भी लिखित आवेदन दिया था लेकिन इसमें कोई पहल नहीं की गई।जिसका नतीजा है कि जर्जर अवस्था में होने के कारण बीते रात पूरी तरह से भवन ध्वस्त हो गया। गनीमत है कि यह घटना रात के समय हुई अगर सुबह में होती तो अनहोनी होने की संभावना बन सकती थी क्योंकि आसपास के लोगों का उठना बैठना लगा रहता था।

# आचार्य कार्यशाला समापन समारोह कार्यक्रम में भाग लिए हरिकृष्ण सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** 31 मार्च 2024 दिन रविवार को लातेहार रेलवे स्टेशन स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रांगण में आचार्य कार्यशाला समापन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में मनिका के पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुरुआत मुख्य अतिथि हरिकृष्ण सिंह विद्यालय के अध्यक्ष कृष्णकांत दुबे सचिव विवेक कुमार गुप्ता उपाध्यक्ष तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं वरिष्ठ आचार्य विनय कुमार विश्वकर्मा के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। तथा मंच का संचालन विद्यालय के आचार्य विनय कुमार विश्वकर्मा ने किया एवं वंदना के पश्चात मुख्य अतिथि श्री सिंह को अंग वस्त्र तथा श्रीफल देकर विद्यालय के सचिव द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय के अध्यक्ष श्री दुबे ने आचार्य समापन समारोह में अपने वाणी से विद्यालय परिवार को संबोधित किया। एवं कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के आचार्य जय नारायण सिंह चंदन कुमार आकाश कुमार रमेश कुमार मुकेश कुमार तथा विद्यालय के आचार्य ज्योति कुमारी नेहा कुमारी प्रीति कुमारी खुशबू राठौर एवं पूजा कुमारी तथा विद्यालय के समस्त आचार्यगण एवं कर्मचारी गण का कार्य सराहनीय रहा।अंत में शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# चतरा प्रेस क्लब का चुनाव सम्पन्न, नतीजा बाकी, प्रत्याशियों का धड़कन बढ़ी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** चतरा प्रेस क्लब का चुनाव 31 मार्च को निर्धारित की गई दिन व समय पर वोटिंग प्रारम्भ की गई। जिसे लेकर रविवार को सुबह से हीं होटल सेलिब्रेशन इन में गहमा गहमी के बीच चुनाव सम्पन्न की गई। जहां अध्यक्ष पद के लिए सुनील साहू, धीरेंद्र ठाकुर, सचिव पद के लिए सूर्यकांत कमल और जितेंद्र तिवारी, संयुक्त सचिव के लिए बीरेंद्र साहू, धर्मेंद्र कुमार गुप्ता, कोषा अध्यक्ष पद के लिए घमश्याम कुमार उर्फ बंटी, सतेंद्र मित्तल, सनफराज अहमद के अलावे कार्यकारणी सदस्य में अजय कुमार, मो हेलाल, शैलेश कुमार, रणधीर सिंह, अजित कुमार पांडेय, कुलदीप राम, मो तस्लीम, संतोष प्रसाद केशरी, जितेंद्र कुमार, नवीन कुमार पांडेय, लक्ष्मण दांगी, अजित कुमार सिंह, श्रीकांत राणा ने किस्मत आजमा रहे हैं। चुनाव सम्पन्न के बाद लोगों में अपने अपने मतों की गिनती का इंतजार में लगे हुए हैं हलाकि खबर लिखे जाने तक परिणाम घोषित नहीं कि गयी है। चुकी मतों का गिनती 4 बजे से प्रारम्भ की गई थी। जिसके कारण परिणाम आने में रात्रि लगभग 8 बजने की संभावना जताई जा रही है। आपको बता दें कि कुल सदस्यों की संख्या 156 है जहां 153 मत मतपेटी में डाले गए। वहीं 3 मतदाता अपना मत का उपयोग किसी कारण वश नहीं कर पाए। अब देखना यह होगा कि अध्यक्ष पद के लिए जिनके सर पर सजेगी ताज वही होगा विनर आज। चुनाव के नतीजे सामने आने के बाद नवनिर्मित जिला प्रेस क्लब को सभी निर्वाचित अध्यक्ष एवं सभी लोगों को जिला प्रशासन चाभी देकर सौपेगी।

## आदिम जनजाति परिवारों को नहीं मिला मार्च महीने का राशन

**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह प्रखंड के लगभग एक हजार से ज्यादा आदिम जनजाति परिवारों को मार्च महीने का राशन अबतक नहीं मिल पाया है। इस संबंध में प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अरविंद रवि ने बताया कि विभागीय स्तर से खाद्यान्न आपूर्ति के लिए 1200 बोरे की मांग की गई है। उन्होंने बताया कि हमारे पास राशन मौजूद है पर बोरे की आपूर्ति नहीं होने की वजह से खाद्यान्न वितरण की समस्या आ रही है। महज बोरे की वजह से राशन वितरण नहीं होना दुर्भाग्य है । दुसरी तरफ राशन वितरण नहीं किए जाने पर आदिम जनजाति परिवारों में आक्रोश व्याप्त है। जहां अंतिम पायदान पर खड़े विलुप्त परिवार के लिए राशन वितरण में देरी होना उनके सामने भुखमरी की स्थिति पैदा करने जैसा है। बता दें कि लातेहार जिले के मनिका,गारु और महुआडांड़ प्रखंड के संबंधित एमओ द्वारा मार्च महीने का राशन उठाव कर लिया गया है जबकि आवंटन होने के बावजूद बरवाडीह प्रभारी एम ओ द्वारा बोरे की कमी का हवाला देकर मार्च महीने के आवंटित राशन का उठाव नहीं किया गया है। ऐसे में यह सवाल खड़ा होता है कि क्या बोरे की कमी सिर्फ बरवाडीह प्रखंड में है या बोरे की आपूर्ति नहीं होने का बहाना बनाकर आदिम जनजाति परिवारों को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे में जिले के उपायुक्त गरिमा सिंह को संज्ञान लेने की जरूरत है।

## सोशल मीडिया के माध्यम से ठगी से बचाव के लिए सजग एवं सचेत रहें : उपायुक्त




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त गरिमा सिंह के नाम और तस्वीर का उपयोग कर फेक मोबाइल नंबर 7874086569 से किसी भी प्रकार का व्हाट्सएप मैसेज आने पर सावधान रहें और तुरंत इसकी सूचना साइबर थाना या निकटतम थानें को दें, ताकि साइबर सेल की ओर से त्वरित कार्रवाई की जा सके। जिला प्रशासन आमजनों से अपील है कि किसी नये या अनजाने नम्बर से कॉल या मैसेज के माध्यम से राशि की मांग किये जाने पर विशेष सावधानी बरतें। मोबाइल फोन/सोशल मीडिया के माध्यम से ठगी का प्रयास किये जाने पर अविलंब इसकी सूचना नजदीकी थाने में दें।

# भाईचारे के साथ रामनवमी मनाने का लिया निर्णय : मुकेश अग्रवाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** रामनवमी पूजा हर्षो उल्लास एवं शांति वातावरण में मानने को लेकर महावीर नवयुवक दल जेनरल शाहपुर के द्वारा रविवार को बिरसा नगर स्थित एस एल ए के प्रांगण में शाहपुर के गण्यमान्य बुद्धिजीवी समाज सेवी एवं महावीर नवयुवक दल चैनपुर के पदाधिकारी लोगों के साथ-साथ 2023 में रामनवमी पूजा के दौरान साउंड, झांकी ,रथ निकाल कर अच्छा प्रदर्शन करने में सहयोग वाले संघ के पदाधिकारीयों को पगड़ी बांधकर अंग वस्त्र एवं तलवार देकर सम्मानित किया गया एवं बैठक के दौरान महावीर ने युवक दल के द्वारा बताया गया कि इस वर्ष चुनाव के मद्देनजर रखते हुए रामनवमी पूजा को सरकार द्वारा दिए जाने वाले गाइड लाइन के साथ ही मनाया जाएगा। एवं सभी रथ साउंड निकलने वाले महावीर नवयुवक दल जनरल द्वारा बताए गए गाइडलाइन पर ही चलेंगे ताकि जुलूस के दौरान किसी भी तरह की कोई परेशानी ना हो।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित एवं श्री राम के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई एवं उपस्थित लोगों का सम्मान में स्कूली बच्चियों के द्वारा राष्ट्रीय गीत गाकर किया गया एवं जय जय श्री राम के नारे लगाए गए इस कार्यक्रम के अध्यक्षता महावीर नवयुवक दल जेनरल अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने किया जबकि संचालन सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे ने की। सम्मान पाने वालों में बाल विकास संघ, जीवन ज्योति संघ, सत्य प्रेम संघ, शिवसेना संघ, चंद्रशेखर आजाद क्लब, विद्यार्थी संघ, वीर बजरंग संघ का नाम शामिल है।

## कोयला लेकर जा रही ट्रक पलटा, बाल-बाल बचे चालक उपचालक

**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के रांची-चतरा मुख्य मार्ग गोनिया मे मगध से कोयला लेकर बिहार की ओर जा रही ट्रक बीआर 02 टी 4797 गोनिया चौक मे पलट गया। जिससे चालक उपचालक बाल-बाल बच गए. ट्रक पलटने की सूचना मिलते ही बारियातू पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर तहिकीकात किया। घटना के सम्बन्ध मे आसपास के ग्रामीणों ने बातया की मगध से कोयला लेकर बिहार की ओर ट्रक जा रही थी गोनिया पुल के पास तीखा मोड़ होने के कारण तेज गति से आ रही ट्रक गोनिया चौक पर पलट गया। ट्रक पलटने से चौक मे रहने वाले लोगो मे आफरा तफरी मच गई। चालक वउपचालक को हल्का फुल्की चोटे लगी है दोनों को खतरे से बाहर बातया जा रहा है।

## सरस्वती शिशु मंदिर बड़की चांपी में त्रिदिवसीय कार्यशाला कार्यक्रम का हुआ समापन



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के कुडु प्रखंड स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चाँपी में त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला के द्वितीय दिवस का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना के साथ किया गया। कार्य योजना में बाल विकास,आचार्य विकास,समिति विकास तथा अन्य प्रकार के कार्यक्रमों का निर्धारण प्रांत की कार्य योजना के आलोक में पूर्ण चर्चा करते हुए की गई। हमारे शैक्षणिक एवं सह शैक्षिक क्रियाकलापों की उत्कृष्टता पर चर्चा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिपेक्ष्य में की गई। प्रधानाचार्य मनोहर मोदी ने पाठ्यक्रम क्रियान्वयन पर आचार्यों को निर्देशित किया। उन्होंने स्पोकन इंग्लिश एवं संस्कृत संभाषण की व्यवस्था के लिए आचार्यों को दायित्व सौंपा। यह कार्य योजना पांच सत्रों में विभाजित थीं,तृतीय सत्र के उपरांत सामूहिक भोजन में विद्यालय प्रबंध कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष,उपाध्यक्ष, सदस्यगण आचार्य आचार्या संग बैठकर भोजन ग्रहण कर आचार्यों को उर्जान्वित किया। चौथे एवं पांचवें सत्र में गृह कार्य एवं कक्षा कार्य के निष्पादन पर चर्चा किया गया एवं अध्यापन कौशल विकास पर चिंतन मंथन करते हुए, कल्याण मंत्र के साथ द्वितीय दिवस की कार्यशाला का समापन सफलता पूर्वक की गई। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य वृन्द उपस्थित थें।

# खलिहान में रखा सरसो व एक झोपड़ी जलने से लगभग 90 हजार रूपये का हुआ नुकसान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातु :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पंचायत + ग्राम साल्वे के टोला गजुआ निवासी मजदूर किसान फुलचंद गंझू पिता स्वर्गीय पुनु गंझु का खलिहान मे रखा हुआ लगभग अस्सी हजार रूपये का सरसो जलकर राख हो गया. घटना विते रात लगभग साढे दस बजे घटि, जब क्षेत्र मे तेज हवाए चल रही थी. अचानक बहुत तेज हवा चलने के कारण लोग घर से बाहर निकले. आग की लपटो को देखकर शोर मचाए,शोर सुनकर ग्रामीण रामचंद्र ठाकुर, जगदिश गंझु, दसरथ गंझु, प्रभुवन गंझु, भुनेश्वर गंझु, महेश गंझु सुरेश ठाकुर सहित दर्जनों लोग पहुंचे और आग को बुझाने का प्रयास किया, बगल के जलमिनार से पाईप जोडकर पानी की व्यवस्था की ,लेकिन आग की तेज लपटो और तेज हवा के चलते सफलता नही मिली। और देखते ही देखते सारा सरसो जलकर राख हो गया । इस संबंध मे पुछे जाने पर मजदूर किसान फुलचंद गंझू ने बताया कि उन्होंने एक एकड़ भुमि पर सरसो का उत्पादन किया था। पैदावार भी अच्छी हुई थी.इस सरसो से लगभग उन्नीस क्विंटल दाना निकलता. मौजुदा सरसो के बजार भाव के हिसाब से लगभग 80,000 रुपये का नुकसान हुआ है.वहीं दुसरी तरफ गोनिया पंचायत के नावाडीह मे आज दोपहर को आम के पेड़ पर लगी आग के चिंगारी से मो.इस्लाम पिता मो.इब्राहिम झोपडी जल गयी, जिससे मो.इस्लाम को लगभग दस हजार रूपये का नुकसान हुआ. इस संबंध मे मो इस्लाम ने बताया कि वह अपने घर के पास झोपडी लगाकर बिस्कुट, चाकलेट, कुरकुरे सहित अन्य समान बेचता था। झोपडी सहित अन्य समान जलने से लगभग दस हजार रूपये का नुकसान हुआ बताते चलें कि पिछले तीन चार साल पहले से मो .इस्लाम के घर के पास आम का पेड़ गिरा हुआ था, जिसमें किसी व्यक्ति ने रविवार को आग लगा दिया, आग देखते ही देखते पलास्टिक व लकड़ी से बने झोपड़ी मे पकड़ लिया. जिसकी सुचना बारियातु थाना में दी गयी सुचना पाकर एएसआई नीरज कुमार दुबे नावाडिह पहुँच कर मो.मो इस्लाम से आग लगने के संबंध मे पुछताछ कर, आगे की छनबीन मे जुट गए।

# धूमधाम से मनाया गया हुसैनाबाद के समता स्कूल का वार्षिकोत्सव समारोह




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** हुसैनाबाद शहर के अमन चैन मुहल्ला स्थित समता स्कूल की वर्षगांठ रविवार को हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के सचिव संतोष मिश्रा ने किया। इस मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा कई तरह के रंगारंग एवं मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जीसा के केंद्रीय अध्यक्ष अविनाश वर्मा, पलामू जिला अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, जिला सचिव दिवेन्दु गुप्ता, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार, विद्यालय के निदेशक सह प्राचार्य अक्षय कुमार चौहान व पत्रकार सतेंद्र कुमार चंदेल आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया। बच्चों ने अतिथियों के अभिवादन में सुंदर स्वागत गान की प्रस्तुति की। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के मंच से बाल कलाकारों ने क्षेत्रीय एवं विविध तरह गीत-संगीत व नाटक के माध्यम से सामाजिक सरोकार से संबंधित प्रेरणादायी संदेश दिए। मौके पर शिक्षिका किरण देवी, अंजली सिंह, सुधांशु कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह, ओम प्रकाश सिंह, राहुल चौहान, बेबी शेख, विकास कुमार, दशरथ कुमार, कार्तिक कुमार, सलोनी कुमारी, शिल्पा कुमारी, रेशमा सैयद, रिमझिम देवी, उम्म सैयद, अर्जुन कुमार, गार्ड नंदू प्रजापति, अनूप पांडे एवं परिचारिका जनक दुलारी देवी समेत सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## अवैध महुआ शराब पर बरही पुलिस की बड़ी कार्रवाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** रामनवमी महापर्व और आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए बरही पुलिस ने उपायुक्त हजारीबाग व पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के निर्देश पर बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत धनवार पंचायत के ग्राम कोरियाडीह में अवैध महुआ शराब के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान अवैध देसी शराब भट्ठियों को ध्वस्त कर निर्मित जावा को भी बहा दिया और शराब निर्माण के लिए प्रयोग में लाए जा रहे महुआ सहित महुआ निर्माण के लिए प्रयोग किए जा रहे भट्ठी को नष्ट कर दिया। कार्रवाई बरही इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार के निर्देश पर पुलिस अवर निरीक्षक सुशील कुमार समेत पुलिस बल के जवानों ने कार्रवाई की। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद अवैध दारू भट्ठी के संचालकों में हड़कंप मच गया है। पुलिस को देखकर तस्कर भाग खड़े हुए। पुलिस के इस कार्रवाई से ग्रामीण और महिलाएं काफी खुश हैं। बताते चलें कि महुआ शराब का अवैध धंधा बड़े पैमाने पर कोरियाडीह में आयोजित किया जा रहा था। कोरियाडीह के अलावा बरही के केदारुत, गौरियाकरमा, पड़रिया, कोल्हुआकला, करसो सहित अन्य जगहों पर अवैध महुआ शराब की भट्ठी संचालित है। इस दौरान पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि उक्त छापेमारी अभियान लगातार चलाई जाएगी, ऐसे अवैध कार्यों में लिप्त लोगो की खैर नहीं है। उन्होंने अवैध शराब बनाने वाले लोगों से कहा कि वह इस धंधे को छोड़कर कोई दूसरा काम करें, अन्यथा उनके ऊपर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# शांति एवं अहिंसा को बढ़ावा देने के लिए हुई दौड़ प्रतियोगिता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जीतो लेडीज विंग के द्वारा झील परिसर स्थितओपन थिएटर के सभागार में शांति एवं अहिंसा का संदेश देने के लिए एक भव्य अहिंसा दौड़ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सदर विधायक सह भाजपा लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल, युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा,मुन्ना सिंह,भैया अभिमन्यु प्रसाद,बटेश्वर मेहता,छवि गोप, धीरेंद्र सेठी, पवन अजमेरा,अरुण जैन,कपिल जैन सहित कई गणमान्य लोगों की उपस्थिति में कार्यक्रम विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ। इस कार्यक्रम 5 सौ से भी अधिक महिलाएं,पुरुष एवं बच्चे शामिल हुए। सभी को संस्था के द्वारा टी शर्ट, टोपी भेंट किया गया। आयोजन छ भाग में आयोजित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ओलंपिक संघ के पदाधिकारियों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान 3 किलोमीटर आयु 15 से 49 वर्ष में प्रथम पुरस्कार प्रदीप कुमार, द्वितीय पुरस्कार डब्लू कुमार और तृतीय पुरस्कार शिवम कुमार को प्राप्त हुआ। वहीं महिला 3 किलोमीटर 15 से 49 वर्ष में प्रथम पुरस्कार सोनाली कुमारी, द्वितीय पुरस्कार अनुप्रिया कुमारी और तृतीय पुरस्कार रानी कुमारी को प्राप्त हुआ। 50 वर्ष से अधिक आयु में पुरुष वर्ग में श्यामा दास को प्रथम पुरस्कार, द्वितीय पुरस्कार सुभ्रांगशु साहू वहीं तीसरा पुरस्कार सतीश चंद्र प्रसाद को प्राप्त हुआ। महिला वर्ग में 50 वर्ष से अधिक आयु में ब्यूटी बारीक प्रथम पुरस्कार, द्वितीय पुरस्कार रेणु देवी और तृतीय पुरस्कार मीनाक्षी लुहारिया को प्राप्त हुआ। 5 किलोमीटर में पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार टिंकू कुमार द्वितीय पुरस्कार मोतीलाल महतो तृतीय पुरस्कार कामेश्वर कुमार को प्राप्त हुआ। महिला वर्ग में 3 किलोमीटर में प्रथम पुरस्कार डोली कुमारी द्वितीय पुरस्कार अनु कुमारी अतृत्य पुरस्कार रजनी कुमारी यादव को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में हजारीबाग जीतो विंग की सदस्यों और पदाधिकारियों का विशेष सहयोग रहा।

## रामनवमी पर्व को लेकर लुंदरू में शांति समिति की बैठक का आयोजन



**टाटीझरिया।** बरकट्ठा विधानसभा सभा क्षेत्र के लुंदरू गांव में हरेक वर्ष कि भांति इस वर्ष भी चैत्र महीने में मनाए जाने वाले हिंदुओ का प्रमुख त्यौहार रामनवमी (रामजनमोत्सव ) सह बसंती दुर्गा पूजा नवरात्र पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक की गई।बैठक के दौरान मौजूद प्रबुद्ध बुद्धि जीवी ग्रामीणों संग समिति पदाधिकारियों ने पूजा को सफल बनाने , झांकी प्रदर्शन ,शांति व्यवस्था आदि अन्य कई महत्व पूर्ण बिंदुओं पर चर्चा किया। मौके पर समिति अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद यादव,उपाध्यक्ष सत्येंद्र प्रसाद कुशवाहा,सचिव जितेंद्र पासवान, उप सचिव मनोज प्रसाद कुशवाहा,कोषाध्यक्ष चंद्रदेव महतो,गौतम राणा,आचार्य आदित्य कु.पांडेय,कार्यकारणी सदस्यो में खगेंद्र प्रसाद कुशवाहा,बिरेंदे यादव,उपेंद्र प्रजापति, प्रकाश साहू,पिंटू राणा,सुधीर प्रसाद कुशवाहा,मनोज यादव,रिंकू साहू,अनिल पांडेय,हरी प्रसाद,मुकेश प्रसाद,बंशीधर पांडेय समेत अन्य लोग शामिल थे।

## कल्लू चौक के पास फैमिली फैशन प्रतिष्ठान का हुआ उद्धाटन



**हजारीबाग :** शहर के कल्लू चौक के समीप अवस्थित अरीब कॉम्प्लेक्स में रविवार को फैमिली फैशन प्रतिष्ठान का उद्घाटन किया गया।मुख्य अतिथि कुरेशा खातून के द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया।प्रतिष्ठान के संचालक चांद खान.ने इस बाबत बताया कि प्रतिष्ठान में महिला, पुरुष और बच्चो के परिधान वाजिब दाम पर उपलब्ध हैं।जिसमे लहंगा चुनरी साड़ी,सलवार, सूट,कुर्ता पजामा,शेरवानी और जींस उपलब्ध है।कहा कि ग्राहकों को ईद एवं रामनवमी के अवसर पर कपड़ों की खरीददारी पर 30 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। मौके पर मतीन उल हसन, सैयद तनवीर अहमद,प्रवीण मेहता, जुलकरनैन, सिराजुद्दीन, आफताब मलिक मोहम्मद,मुकीम मलिक,अमीर कैसर, संजर मलिक, अरबाज खान, सरफराज खान, शाहबाज खान एवं शहाबुद्दीन हुसैन समेत कई अन्य गणमान्य मौजूद थें।

## तेज हवा मे किसी का घर टूटा तो किसी का दुकान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारु।** मौसम ने शनिवार की रात्रि को अचानक करवट लिया और मध्य रात्रि के आसपास काफी तेज हवा चलने लगी। इस हवा मे बिजली बत्ती गुल हो गयी और तेज हवा और गर्जन् कि आवाज सुनकर ज़्यदातर लोगों की नींद खुल गयी और लोग अपने घरों की खिड़कियां खोलकर देखने लगे। इस तेज हवा मे कई घरों एयर दुकानों को भारी क्षति हुई। दिगवार बगीचा टोला अशोक अगरिया के घर पर विशाल आम का पेड़ गिर जाने से उसका घर को काफी क्षति पहुंची है।दारु चौक मे बासुदेव जनरल स्टोर की गुमटी मे करोंज का पेड़ गिर जाने से काफी नुक्सान हुआ।

## भाजपा के बड़कागांव विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण समारोह का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** भारतीय जनता पार्टी का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन बादल जयसवाल के आवास में किया गया। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय के पत्र के आधार पर लोकसभा संयोजक विधानसभा प्रवास का बैठक विधानसभा स्तर पर किया गया। बड़कागांव, उरीमरी, केरेडारी, पिपरवार मंडल का कार्यकर्ता प्रशिक्षण समारोह का आयोजन बड़कागांव मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी जी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष कर्मचारी साव एवं धन्यवाद ज्ञापन उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो ने किया। मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष सह लोकसभा संयोजक टुनू गोप और पूर्व विधायक व विधानसभा प्रभारी लोकनाथ महतो ने अधिकतम वोट प्राप्त करने के मूल मंत्र दिया। पूर्व मंडल अध्यक्ष जुगनू सिंह, उपेंद्र सिंह, बेचन साव, सांसद प्रतिनिधि रामपतिराम, मनीष पांडेय, बालेश्वर महतो, किसान मोर्चा से बैजनाथ साव, ओबीसी जिला उपाध्यक्ष बालेश्वर महतो, बड़कागांव महिला मोर्चा अध्यक्ष ललिता देवी, केरेडारी महिला मोर्चा अध्यक्ष सावित्री देवी, बड़कागांव मंडल महामंत्री इंद्रभूषण, नरसिंह प्रसाद, उरीमारी मंडल महामंत्री सुमन गिरी, दिनेश करमाली, केरेडारी युवा मोर्चा अध्यक्ष शेर सिंह, बड़कागांव युवा मोर्चा अध्यक्ष राजेश यादव, पूर्व प्रमुख जिला परिषद सदस्य टूकेश्वर प्रसाद, बिनोद महतो, मेवलालनाग, शिबू मेहता, सत्यजित, विद्या अलंकार, अरुण मालाकार, किशोर राणा, अनुज यादव, नंदकिशोर कुमार, नौशाद आलम, अर्जुन पांडेय, नकुल साहू सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## करमा में शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा निमित किया गया ध्वजा रोहन सह वैदिक पूजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया ।** प्रखंड के खैरा पंचायत के करमा गांव में शनिवार को मंदिर उद्घाटन शिव पंच परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर आचार्य पुरोहितों में संजय पांडेय,विजय पांडेय,अभिषेक पांडेय ,गोपाल पांडेय,प्रेम पांडेय के मुखारविंद से विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण कर श्रद्धालुओ द्वारा हनुमत ध्वज की पूजन अर्चना कर श्रधायुक्त होकर ध्वज रोहन किया गया। क्षेत्रीय ब्राह्मण विजय पांडेय खैरा निवासी ने कहा कि पूजा के दौरान आस पास के कई गांवों से लोग जुटे थे आस पास के संपूर्ण क्षेत्र में हर हर महादेव,जय माता दी, जय श्री राम ,जय हनुमान के जयघोष से गुंजायमान हो गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति अध्यक्ष तुलेश्वर राणा ,सचिव लखन पासवान,कोषाध्यक्ष शंकरदयाल राणा,उपाध्यक्ष बिरेंद्र राणा,बालदेव शर्मा,किशोरी राणा,महेंद्र,नरेश ,भोला ठाकुर,शंभू यादव, कृष्णदेव राणा, जयप्रकाश नारायण समेत अन्य सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भक्त गण मौजूद थे।

## जेएलकेएम ने सिरैय पंचायत कमिटी गठित की, जितेंद्र बने अध्यक्ष



**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत सिरय पंचायत में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा का कमिटी विस्तार उप प्रमुख सह प्रखण्ड प्रभारी सरयू साव की उपस्तिथि में पंचायत कमिटी गठन किया गया। कमिटि गठन बैठक की अध्यक्षता मोहन महतो ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए सिरय पंचायत कमिटी अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद महतो,उपाध्यक्ष तालेश्वर महतो,मुकेश महतो, गोविंद महतो,रोहित रविदास,सचिव अशोक महतो, सह सचिव मंजूर आलम,पवन महतो, ताहिर अंसारी, बलदेव राज मेहता,मोहन महतो, कोषाध्यक्ष परमेश्वर महतो,उप कोषाध्यक्ष महादेव महतो, मिडिया प्रभारी पंकज प्रसाद,सह मिडिया प्रभारी संतोष एवं राजेंद्र महतो समेत 26 लोगों को कार्यकारिणी सदस्य को नियुक्त किया गया । बारी बारी से सभी वक्ताओं ने संगठन मजबूती एवं जेएलकेएम केंद्रीय अध्यक्ष टाईगर जयराम महतो के विचारों को जन जन तक पहुंचाने की बाते कहीं। वही उप प्रमुख सरयू साव ने कहा कि झारखंड अलग हुए 24 वर्ष होने को है,लेकिन यहां का स्थानीय कौन है,यह अब तक परिभाषित नहीं हो पाया है। झारखंड खनिज संपदा से परिपूर्ण होने के बावजूद यहां लोग मजदूरी के लिए दूसरे राज्यों में पलायन करते हैं।साथ ही उन्होंने कहा की लोकतंत्र के कारण हमें सुअवसर प्राप्त हुआ है,हमसब को मिलकर जेएलकेएम प्रत्याशी संजय मेहता के पक्ष में वोट देकर संसद भवन दिल्ली भेजने का काम करना है। पूर्वी जिप सदस्य सरयू पटेल ने कहा कि जितने भी सांसद या विधायक बने सबों ने यहां के जनता को ठगने का काम किया है।स्थानीय नीति,नियोजन नीति, 1932 खतियान,शिक्षा,स्वास्थ्य किसी भी क्षेत्र में कार्य नही हुआ है। केवल सड़क,राशन,पानी के नाम पर वोट लेकर ठगने का काम किया जा रहा है। इस बार बदलाव होकर रहेगा। बैठक में सुरेश कुमार,देवनाथ महतो,प्रदीप,खेमलाल,रोहित,घनश्याम,विनोद,कामेश्वर, पवन,रोहित,मुकेश,तालेबर महतो समेत सैकड़ों की संख्या में जेएलकेएम के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जन आशीर्वाद के बल पर हम जीतेंगे, बदलाव को आतुर है जनता : संजय मेहता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** लोकसभा का चुनाव जैसे - जैसे आगे बढ़ रहा है। सरगर्मी बढ़ रही है। अपने नेतृत्व कौशल से संजय मेहता ने हज़ारीबाग लोकसभा में एक अलग छवि बनायी है। यूँ तो उन्हें राज्य स्तर, राष्ट्रीय स्तर का चेहरा माना जाता है। इस बार के लोकसभा चुनाव में अपने भाषणों एवं जनसंपर्क से संजय मेहता की चर्चा हर तरफ हो रही है। संजय मेहता इन दिनों हज़ारीबाग लोकसभा में सबसे ज्यादा राजनीतिक चर्चा में रहने वाला नाम है। क्योंकि बिल्कुल साधारण परिवेश से वे चुनाव लड़ रहे हैं। लोकसभा का चुनाव आसान नहीं होता। उनके जज्बे को सब सलाम कर रहे हैं। झारखण्डी भाषा खतियान संघर्ष समिति के राजनीतिक दल झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के प्रत्याशी के तौर पर वे लगातार हर तरफ दौरा कर रहे हैं। दौरा के दौरान उनका गजब का स्वागत किया जा रहा है। उन्हें गाँव - गाँव में लोग प्यार दे रहे हैं। सब उन्हें गले से लगा रहे हैं। महिलाएँ उन्हें असीम आशीर्वाद दे रही है। जहाँ जा रहे हैं ढोल नगाड़े से स्वागत हो रहा है। महिलाएँ उन्हें अपने आँचल से पैसा और चावल दान दे रही है। संजय मेहता का स्वागत बिल्कुल माटी के बेटा के तौर पर झारखण्डी अंदाज में किया जा रहा है। उन्हें सखुआ के पत्ते की टोपी, आम के पत्ते की टोपी, पलाश के फूल से बने माला, गुड़हल के फूलों से बने माला, प्राकृतिक अंदाज में स्वागत किया जा रहा है। संजय मेहता ने बताया कि जनता के प्यार ने मुझे भावुक किया है। दिनभर - देर रात के जनसम्पर्क के दौरान लगभग 120 से ज्यादा स्थानों पर स्वागत एवं प्यार मिल रहा है। उन्होंने बताया की मैं क्षेत्र में ही रात्रि विश्राम करता हूँ फिर अपने सफर की शुरुआत सुबह 7 बजे से करता हूँ। जनता के ही घर में खाना खाता हूँ। मेरी अपनी गाड़ी, संसाधन कुछ नहीं है। सब कुछ जनता ने दिया है। जनता का यह प्यार कर्ज है। जिसे सूद समेत हम सब वापस करेंगे। सामूहिक संघर्ष से हमलोग यह लड़ाई जीतेंगे। हज़ारीबाग लोकसभा की जनता परिवर्तन के मूड में है। संजय मेहता इन दिनों मांडू विधानसभा के विष्णुगढ़, डाडी, चुरचू प्रखंड के दौरे पर हैं। उन्होंने बताया की पूरे लोकसभा क्षेत्र के हर पंचायत तक घूमेंगे। हमलोग 18 घंटे से ज्यादा काम कर रहे हैं। सभी कार्यकर्ता जोश में हैं। इस लड़ाई को 5 लाख वोट के ज्यादा अंतर से हमलोग जीतेंगे। हज़ारीबाग की लड़ाई फिलहाल एक तरफा है।

## पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट ने पूर्व सैनिक परिवार को सौपा 10 हजार का चेक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** बीते दिनों उरुका, इचाक प्रखंड हजारीबाग के रहने वाले पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन झारखंड के सदस्य पूर्व सैनिक अखिलेश कुमार सिंह, 21 बिहार रेजीमेंट का देहांत ब्रेन हेमरेज की वजह से 19 फरवरी को हो गया था,रविवार को संगठन के सदस्यों ने उनके घर जाकर संगठन के नियमानुसार 10 हजार का चेक उनकी माता को सौपा और भविष्य में भी हमेशा साथ खड़ा रहने का वादा किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा, उप कोषाध्यक्ष वासुदेव साहू, मीडिया प्रभारी मनोरंजन कुमार, हजारीबाग जिला अध्यक्ष शंकर सिंह, पूर्व जिला सचिव अजीत सिंह, सदस्य जागेश्वर मेहता एवं वीरेंद्र सिंह शामिल थे।

## संस्कृति के अनुरूप बच्चों को शिक्षा देना विद्या भारती का लक्ष्य : ब्रजेश कुमार सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली, हजारीबाग में चल रहे तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला में विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह ने आचार्यो को संबोधित करते हुए बाल विकास, आचार्य विकास एवं अभिभावक विकास पर विस्तार से मार्गदर्शन किया द्य उन्होंने कहा आप सभी आचार्य बंधु- भगिनी भैया- बहनों को क्रिया आधारित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें द्य कहा कि आप सभी विभिन्न शिक्षण विधियों का प्रयोग कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बच्चों को देंद्य आप उनका मूल्यांकन अवश्य करें द्यबच्चों का स्किल डेवलपमेंट करेंद्य उन्होंने कहा सरस्वती के इस मंदिर में शिशु भगवान के समान हैं द्यआप अपने अध्यापन से उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर बच्चों का सर्वांगीण विकास कराएं द्य मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ राजीव रंजन ने कहा- आप सभी आचार्यो के सतत प्रयास से भैया -बहनों का सर्वांगीण विकास होगा द्यआप अपने दायित्व का निर्वहन पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ करे द्य कार्यशाला में धन्यवाद ज्ञापन प्रभारी प्राचार्य डॉ राजीव रंजन ने कियाद्य कार्यशाला में विद्यालय के आचार्य बंधु भगिनी पूनम सिंह,तारकेश्वर राय ,अनिल कुमार, रूबी वाला राजीव रंजन ने भी अपने अनुभव साझा किया।

## झामुमों के 44 वें स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर बनासो में बैठक



**विष्णुगढ़ :** झामुमों युवा नेता गौरव पटेल के आह्वान पर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के 44 वें स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर बनासो स्थित आवासीय कार्यालय में बैठक आहूत की गई हैं। जिसकी विस्तृत जानकारी देते हुए झामुमो प्रखण्ड सचिव संजय कुमार प्रजापति बताया कि 04 अप्रैल 2024 को हज़ारीबाग में झामुमो के 44 वाँ स्थापना दिवस मनाया जायेगा। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर 02 अप्रैल 2024 को 10 बजे बनासो में कार्यकर्ताओं संग झामुमों प्रखण्ड अध्यक्ष कपिलदेव चौधरी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक रखी गई है। बैठक में सभी नए पुराने कार्यकर्ता सादर आमंत्रित है।

## मलकोको रविदास टोला के ग्रामीणों ने तीर्थ स्थल बौद्ध गया का भ्रमण किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही के मलकोको पंचायत के रविदास टोला के श्रद्धालुओं ने भगवान बुद्ध से संबंधित तीर्थस्थल बौद्ध गया और राजगीर का भ्रमण किया। बौद्ध गया में बोधि वृक्ष, बुद्ध मंदिर,पार्क,बुद्ध प्रतिमा का दर्शन कर लोग आनंदित हुए वहीं राजगीर स्थित विश्व शांति स्तूप का दर्शन भ्रमण किया। बौद्ध गया जाने वाले दल में एआईएमआईएम के बरही विधानसभा प्रभारी सूरज दास, डॉ भीमराव अंबेडकर पब्लिक स्कूल के प्राचार्य गुलाब कुमार दास, शिक्षक शंकर दास, लक्ष्मण दास,गणेश दास,नागेश्वर रविदास,दिनेश दास,बिरजू दास, मंटू दास, संतोष दास समेत सैकड़ों महिला पुरुष शामिल थे।

## पूर्व रामनवमी महासमिति अध्यक्ष कुणाल यादव ने प्रस्तुत किया लेखा जोखा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** इस वर्ष की रामनवमी को लेकर अध्यक्ष पद के चुनाव हेतु अध्यक्ष चुनने को लेकर बड़ा अखाड़ा मे हुए बैठक का आयोजन हुआ जिसमे पिछले वर्ष के अध्यक्ष रहे कुणाल यादव ने सबो के सामने उनकी अध्यक्षता मे किये गए कार्यों व आय- व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया. उन्होंने इस संबंध मे बताया की पिछले वर्ष 17 मार्च 2023 को वोट के माध्यम से उन्हें उन्हें अध्यक्ष पद का दायित्व सौपा गया था. कोरोना काल में रामनवमी जुलूस में हुए व्यवधान के बाद पहली बार वोट के माध्यम से अध्यक्ष पद का चुनाव हुआ जिससे अखाड़ाधारी, पूर्व अध्यक्षों व अन्य रामनवमी प्रेमियों की उम्मीदें काफी बढ़ गई थी. सभी के आशाओं व उम्मीदों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने रामनवमी के सफल संचालन हेतु पूर्व महासमिति अध्यक्ष व शहर के गणमान्य लोगों के मार्गदर्शन में कमेटी का गठन किया. उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता थी की जो रामनवमी की पुरानी परंपरा है उसे अछून्न रखा जाए साथ ही साथ कई अन्य नई चीजों का समावेश हो ताकि रामनवमी की भव्यता और बढ़ाई जा सके. इसी क्रम में रामनवमी को नशामुक्त व भक्तिमय वातावरण में संपन्न करने के लिए उन्होंने जागरूकता रथ रवाना कर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया. सप्तमी के दिन बड़ा अखाड़ा के प्रांगण में अस्त्र-शस्त्र परिचालन प्रतियोगिता करवाया, सभी अखाड़ो में परंपरागत हथियार जैसे लाठी व तलवार का वितरण किया. हजारीबाग के रामनवमी के इतिहास में पहली बार नवमी के दिन रामलीला का आयोजन बड़ा अखाड़ा के प्रांगण में किया गया जिसमें हजारों महिलाएं व पुरुष दर्शक के रूप में शामिल हुए. पिछले वर्ष रामनवमी जुलूस के दौरान कई अखाड़ाधारी व कई अन्य लोगों पर प्रशासन के द्वारा केस कर दिया गया था जिसको लेकर उन्होंने एक अधिवक्ता होने के नाते कानूनी सहायता मुफ्त में देने की घोषणा की थी उस पर भी उन्होंने कार्य किया. उन्होंने अपने आय - व्यय का लेखा जोखा देते हुए बताया कि पिछले वर्ष रामनवमी महासमिति को विभिन्न माध्यमों के द्वारा 359150 रुपए कि आय हुई वही 357500 व्यय हुए शेष बची हुई राशि को उन्होंने महंत विजयानंद दास को सौंप दिया. हजारीबाग के रामनवमी के इतिहास में कई वर्षो के बाद ऐसा हुआ है कि किसी महासमिति अध्यक्ष ने सर प्लस बजट दिखाते हुए बची हुई राशि को सौंपा है. उन्होंने आगे कहा कि चूंकि इस वर्ष अयोध्या में हुए रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के कारण सभी सनातन धर्मावलंबियों के लिए एक विशेष वर्ष था और यह सौभाग्य था कि रामनवमी महासमिति का वे अध्यक्ष थे इस अवसर को भव्य बनाने हेतु उन्होंने अध्यक्ष होने के नाते सभी अखाड़ों में घूम-घूम कर दिया ,घी, झंडा व हनुमान चालीसा का वितरण किया . कुणाल यादव के कार्यकाल की सराहना करते हुए महंत विजययानंद दास ने अपने संबोधन में कहा कि इनके कार्यकाल में रामनवमी सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. इन्होंने पिछले वर्ष की रामनवमी में पुरानी परंपरा को अच्छी रखते हुए कई नई चीजों का समावेश भी किया. उन्होंने आगे कहा कि हम आशा करते हैं कि आगे आने वाले दिनों में जो भी अध्यक्ष बनेंगे वह इसे बेहतर करने का प्रयास करेंगे.

## राज्य के 64 सीआई सह कानूनगो को मिली प्रोन्नति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रदेश सरकार के राजस्व निबंधन व भूमि सुधार विभाग के प्रोन्नति समिति ने राज्य के 64 अंचल निरीक्षक सह कानूनगो को प्रोन्नति का निर्देश जारी किया है। इसके तहत सभी को अंचलाधिकारी या बंदोबस्त पदाधिकारी के रूप में पदोन्नति दी गई है। इसके लिए प्रोन्नति की सूची जारी जारी किए जा चुके है. जारी सूची में बरही अंचल के सतीश कुमार सिन्हा भी सम्मिलित है। इस संबंध में श्री सिन्हा ने बताया कि प्रोन्नति से संबंधित सूचना पत्र प्राप्त हुआ है। पत्र के अनुसार उन्हें बंदोबस्त/अंचल अधिकारी के रूप में प्रोन्नति दी गई है। फिलहाल पदस्थापना का पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि इसके पूर्व उन्हे 2019 में सीआई के रूप में प्रोन्नति मिली थी। बरही आने के पूर्व वह विष्णुगढ़ अंचल में सीआई के रूप में पदस्थापित थे। विदित हो कि मृदुलभाषी श्री सिन्हा ने सितंबर 2022 में बरही अंचल में अपना योगदान सीआई के रूप में दिया था। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपनी सरकारी सेवा गृह जिला पलामू से बतौर आरएसआई प्रारंभ की थी। अपने निःस्वार्थ व समर्पित सेवा के कारण काफी कम समय में उन्होंने बरही अंचल में अपनी विशेष पहचान बना ली है। विदित हो कि वर्षो बाद बरही अंचल को सीआई मिला था। कई वर्षो से यह पद राजस्व कर्मचारी बतौर प्रभारी निर्वहन कर रहे थे।

## बेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र में 20 वर्षों से फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉ विमल कुमार को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि मांडू (वेस्ट बोकारो) थाना कांड संख्या 96/2004, दिनांक 08/03/2004 , धारा-302/34 भा0द0वि0 एवं 17 सीएलए एक्ट एवं जीआर-612/04 में 20 वर्षों से फरार चल रहे डेगलाल महतो , पिता-बुधन महतो , सा0- खरना थाना चतरोचट्टी, जिला बोकारो चोरी छिपे अपने घर में रहकर किसी जघन्य अपराध को अंजाम देने के फिराक में है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के द्वारा अनु0पु0पदा0 रामगढ़ प्रमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। छापामारी टीम के द्वारा चतरोचट्टी पुलिस, जिला बोकारो के सहयोग से 20 वर्षो से फरार चल रहे अभियुक्त डेगलाल महतो के घर छापामारी कर उक्त अभियुक्त को विधिवत् गिरफ्तार किया गया। उक्त अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। इस छापामारी दाल में मुख्य रूप से अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ परमेश्वर प्रसाद पु.अ.नि. सदानंद कुमार ओपी प्रभारी बेस्ट बोकारो, चतरोचट्टी थाना (बोकारो जिला अंतर्गत) पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल, बेस्ट बोकारो ओ.पी. सशस्त्र बल शामिल थे।

## रामगढ़ जिले के मांडू प्रखंड में रोजगार सेवकों की तानाशाही जारी है

**मांडू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले के मांडू प्रखंड एक ऐसा प्रखंड है जहां मनरेगा के रोजगार सेव एक पंचायत में लागभग मनमाने तरीके से 10 से 12 साल से एक ही स्थान पर जमे हुए है सुत्र बतालतें हैं कि कई रोजगार सेवकों का प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा पद हस्तांतरण किया गया था लेकिन मनरेगा के रोजगार




सेवकों का पहुंच कुछ सफेद पोश नेताओं तक है। जिससे तुरंत अपनी ट्रांसफर को स्थगित करवा लिया इससे आप अंदाजा लगा सकते हैं की इन रोजगार सेवकों का मनोबल कितना बढ़ा हुआ है सूत्र यह भी बदलते हैं कि मनमाने तरीके से लोगों को लाभ दिलाने का काम करते हैं उसके बदले मोटी रकम कि वसूली करते हैं। बाहर हाल सूत्रों के हवाले से यह भी बताया जाता है कि मुर्गी शेड,बकरी शेड, शुकर शेड, में तीन हजार रुपए कुआं (कुप) योजना दिलाने के लिए दस हजार रुपए की उगाई की जाती है वहीं कई ऐसे योजना है जो धरातल पर नहीं उतरा है और उसका पैसे का निकासी कर लिया गया है।निष्पक्ष रूप से अगर इसकी जांच की जाए तो कई चौंकाने वाले मामला सामने आ सकता है बाहरहाल इस संबंध में मांडू प्रखंड के बीपीओ से संपर्क करने का कोशिश किया गया जो नहीं हो पाया।

## श्री श्री महादेव मंडा मंदिर निर्माण समिति कैथा द्वारा आयोजित लक्की ड्रा लॉटरी पुरस्कार वितरण आज

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्री महादेव मंडा मंदिर निर्माण समिति कैथा द्वारा आयोजित लक्की ड्रा लॉटरी पुरस्कार वितरण 01-04 2024 दिन सोमवार को सुबह 10ः00 बजे से कैथा महादेव मंडा मंदिर परिसर में निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न होगा। लक्की ड्रा में बंम्पर पुरस्कार बुलेट टिकट संख्या -8248, प्रथम पुरस्कार टिकट संख्या -3962, द्वितीय पुरस्कार टिकट संख्या -2124, तृतीय पुरस्कार टिकट संख्या -10496, चतुर्थ पुरस्कार टिकट संख्या -9054, पंचम पुरस्कार - टिकट संख्या -10586 धारक विजेता बनें। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष राजेश महतो ने कहा कि कैथा महादेव मंडा मंदिर निर्माण को लेकर आयोजन समिति द्वारा लक्की ड्रा आयोजित की गई। लक्की ड्रा निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न हुआ। लक्की ड्रा को संपन्न करने में कैथा ग्राम के सभी सम्मानित ग्रामवासियों और क्षेत्र के लोगों का सहयोग रहा। लक्की ड्रा संपन्न कराने में सचिव राजकुमार महतो, कोषाध्यक्ष देवधारी महतो,सह कोषाध्यक्ष चुन्नीलाल महतो, संरक्षक सुदर्शन महतो आदि का महत्ती भूमिका रहीं। कमेटी कोषाध्यक्ष सह वार्ड पार्षद देवधारी महतो ने कहा कि लक्की ड्रा में क्षेत्र के लोग को विभिन्न प्रकार के पुरस्कार पाकर आनंदित दिखें तथा सोमवार को बाबा भोलेनाथ मंदिर परिसर में ही पुरस्कार का वितरण किया जाएगा ।जिसमें सभी ग्रामवासियों क्षेत्रवासी तथा शिवभक्त उपस्थित होंगे।

## प्राचीन हनुमान मंदिर में रामनवमी पूजा को लेकर कमेटी की हुई बैठक

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामनवमी पूजा को लेकर श्री प्राचीन हनुमान मंदिर नई सराय के प्रांगण में श्री श्री रामनवमी पूजा के शुभ अवसर पर झांकी एवं ताशा पार्टी जुलूस निकालने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम को पूर्ण रूप से सफल बनाने के लिए समिति का गठन किया गया जो इस प्रकार है



अध्यक्ष पवन करमाली उपाध्यक्ष अशोक ठाकुर एवं रिंकू करमाली सचिव प्रकाश महतो उपसचिव रूपेश गुप्ता एवं मुन्ना ठाकुर कोषाध्यक्ष संतोष गुप्ता को बनाया गया इसके संरक्षक समिति अरविंद जायसवाल नरेश महतो बालेश्वर ठाकुर विजय सिंह सूरज शर्मा अनमोल सिंह आनंद करमाली प्रमोद तिवारी रविंद्र तिवारी जनक तिवारी सक्रिय सदस्य सूरज करमाली राजेश करमाली आकाश तिवारी भोला यादव बादल करमाली दीपक राय ऋतिक करमाली दीपक गुप्ता चंदन करमाली राहुल गुप्ता एवं सोनू करमाली को बनाया गया।

## सरहुल पूजा महोत्सव मनाने को लेकर आदिवासी क्लब हेसला में बैठक संपन्न

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आदिवासी क्लब हेसला में सरहुल पुजा मनाने को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता युगेश बेदिया एवं संचालन सरयू बेदिया ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 11 अप्रैल 2024 को ग्राम हेसला सरना सरहुल स्थल पर पूरी



हर्षोल्लास के साथ सरहुल पूजा महोत्सव मनाया जाएगा।इसके लेकर सरहुल स्थल के साफ- सफाई एवं चाहरदीवारी का रंग-रोगन, रंगाई-पुताई का कार्य करने,गांव के सभी मुहल्लों से घर-घर कोष संग्रह करने,पूजा सामग्री जुटाने आदि विभिन्न सदस्यों की टीमों का गठन किया गया है। साथ ही सरहुल पूजा समिति की गठन भी की गई। जिसमें अध्यक्ष युगेश बेदिया, उपाध्यक्ष मनोज बेदिया,सचिव गोपाल मुण्डा,सहसचिव प्रदीप बेदिया, कोषाध्यक्ष मिथिलेश मुण्डा सहयोगी गंगा बेदिया चुने गए । इस बैठक में हेसला ग्राम के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## स्वीप अंतर्गत वोटर अवेयरनेस को लेकर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की के द्वारा रविवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आंगनबड़ी सहिया, सेविका (बीएलओ) के द्वारा आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मतदाता जागरूकता को लेकर बनाए गए मतदाता जागरूकता को लेकर रंगोली व मेहंदी प्रतियोगिता आयोजन व पोस्टर के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्र में वोट करेगा रामगढ़, 20 मई चुनाव का पर्व देश का गर्व÷ आई एम रेडी टू वोट थीम के तहत मतदाता जागरूकता के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही उपस्थित सभी मतदाताओं को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में जो रामगढ़ जिलें में 20 मई को मतदान करने हेतु मतदाता शपथ कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी सहिया सेविका ने अपने-अपने क्षेत्र में सभी मतदाताओं को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में सभी मतदाताओं को जागरुक करते हुए बिना लोग लालच या दबाव में आए हुए 20 मई को अपने नजदीकी मतदान केदो में जाकर अपना बहुमूल्य मतों का उपयोग को लेकर घर- घर घूम कर मतदान करने हेतु अपील की।

# सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र ने 62 लाख टन कोयला उत्पादन कर रचा इतिहास

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** सीसीएल बरका सयाल क्षेत्र ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में रिकॉर्ड 62 लाख टन कोयला उत्पादन कर इतिहास रच दिया है। यह पिछले वर्ष की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है। हालांकि सीसीएल बरकासयाल को 65 लाख टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य दिया गया था। वहीं इस सर्वाधिक कोयला उत्पादन में सीसीएल बरकासयाल की बिरसा परियोजना ने 42 लाख टन और उरीमारी परियोजना ने 8लाख टन एवं सयाल डी परियोजना ने 10.10 लाख टन व भुरकुंडा परियोजना ने 1.50 लाख टन कोयला उत्पादन कर अपना योगदान दिया। वहीं सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र ने कोयला प्रेषण में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। बता दें कि सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र ने वित्तीय वर्ष में 115 क्यूबिक मीटर ओबीआर के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है। वहीं वित्तीय वर्ष 2024-25 में सीसीएल बरकासयाल



क्षेत्र को 85 लाख टन कोयला उत्पादन करने का लक्ष्य दिया गया है। जिसमें बिरसा परियोजना को 45 लाख टन और उरीमारी परियोजना को 15 लाख टन एवं सयाल डी परियोजना को 12 लाख टन व भुरकुंडा परियोजना को 8 लाख टन कोयला उत्पादन करना है। वहीं दूसरी ओर सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र की सयाल डी परियोजना ने अपने चुनौतियों का सामना करते हुए वित्तीय वर्ष 2023-24 में 10 लाख टन कोयला उत्पादन कर एक एतिहासिक उपलब्धि अपने नाम कर ली है। वहीं सयाल डी परियोजना ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में 1.68 लाख टन कोयला उत्पादन किया। बता दें कि सयाल डी परियोजना को वित्तीय वर्ष 2023-24 में 5 लाख टन कोयला उत्पादन करने का लक्ष्य दिया गया था जोकि सयाल डी परियोजना ने अपने लक्ष्य का दो सौ प्रतिशत हासिल कर लिया। इस उपलब्धि पर बरकासयाल महाप्रबंधक अजय सिंह ने कहा कि यह उत्कृष्ट प्रदर्शन आर ए माइनिंग कंपनी को नये शिरे से दिये गये अनुबंध के निष्पादन के लिए हमारी सावधानी पूर्वक योजना का प्रमाण है। हम सभी इस दृढ़ संकल्प की इसी भावना को आगे बढ़ायेंगे और आने वाले वित्तीय वर्ष 2024-25 में और भी ऊंचे मानक स्थापित करेंगे। वहीं श्री सिंह ने यह भी कहा कि हमारे सभी मजदूर, अधिकारी, विस्थापित एवं श्रमिक संगठन के प्रतिनिधियो का भरपूर सहयोग रहा है। इसके लिए उन्होंने सभी को बधाई दी एवं आभार व्यक्त किया।

## सयाल डी परियोजना में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मजदूरों को सम्मानित किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** रामगढ़ जिले के सयाल डी परियोजना में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मजदूरों को सम्मानित किया गया, सीसीएल महाप्रबंधक अजय सिंह ने कहा सयाल परियोजना में मजदूरों के महत्वपूर्ण योगदान से दस लाख टन से ज्यादा का कोल उत्पादन किया है, जबकि इस बार का मिनिमम टारगेट पांच लाख का था, लेकिन दस लाख टन का उत्पादन हुआ है जिसका आज अंतिम दिन है। इसी उपलक्ष्य में रविवार को परियोजना पदाधिकारी सुबोध कुमार और मैनेजर अशरत खान द्वारा आर ए माइनिंग, एस एमपीएल दोनों प्रोजेक्ट के उत्कृष्ट कार्य करने वाले मजदूर को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उरीमारी और बिरसा पीओ सहित ट्रेड यूनियन के सुखदेव प्रसाद और ग्रामीण भी मौजूद थे ।इस मौके पर परियोजना पदाधिकारी सुबोध कुमार ने जीएम अजय सिंह का जमकर तारीफ करते हुए कहा काफी विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए जीएम सर के मार्गदर्शन में सयाल परियोजना में यह दोनों प्रोजेक्ट का शुरू किया गया है।

# भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए अनमोल सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट में मिलन समारोह का आयोजन रामगढ के एक होटल में आयोजित किया गया।आयोजन कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव के नेतृत्व में किया गया । जिसमे मंच संचालन ऋषिकेश सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन मिथलेश मंडल ने किया सीतल सिंह के साथ महिला मोर्चा ने स्वागत सभी का तिलक लगाकर किया। इस कार्यक्रम मुख्य रूप से जिसमें विभिन्न दलों को छोड़ कर झामुमो,राजद , कोंग्रेस के रहे नेता , कार्यकर्ता शामिल हुऐ । रामगढ़ कैंट के पूर्व उपाध्यक्ष सरदार अनमोल सिंह एवं ज्ञान महिला समिति के संस्थापक विनोद जायसवाल के सहित सैकड़ों वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उनके नाम है सुनील मालाकार पूर्व जेएमएम अध्यक्ष, रतन कुमार, रविंद्र तिवारी, चंद्रहंस मित्तल, प्रसाद अग्रवाल



प्रसाद, प्रदीप कुमार शर्मा , रवि प्रसाद, सुनील शाह, शंभू साह, संतोष कुमार, सुरेन्द्र प्रसाद, कुनाल नायक, अभिषेक गुप्ता राजीव कुमार सह, संजीव कुमार, राजेश प्रसाद गुप्ता लखेंदर पासवान, कंटोमेंट कर्मचारी अध्यक्ष अमर दीप सिंह सैनी गुरुद्वारा प्रधान चोपड़ा साहब, पापिनदर सिंह , सहित कई महिलाएं भी सदस्यता ग्रहण की। सैकड़ो की संख्या में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए कार्यकर्ताओं को बधाई शुभकामनाएं भाजपा मनीष जायसवाल ने दी और कहा कि आप सभी के समर्थन से चुनाव जीतेंगे। वही आदित्य साहू ने 2014 से हुए देश में बदलाव और उन्नति को समझाया कि मोदी जी देश विकासशील भारत बनाने में लगे हुए हैं। मौके पर मुख्य रूप से हजारीबाग लोकसभा भाजपा के सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल भाजपा प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू , हजारीबाग लोकसभा के चुनाव प्रभारी शशि भूषण भगत , लोकसभा सह संयोजक रंणजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, भाजपा रामगढ़ जिला के सदस्य का प्रमुख रंजीत सिन्हा , जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता,जिला महामंत्री रंजन सिंह , मंत्री दिलीप सिंह, वसुध तिवारी, रमेश वर्मा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी , वरिष्ठ नेता रंजीत पांडे , कैंट मंडल के पालक डां संजय सिंह , विजय जयसवाल , पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, अमरेंद्र गुप्त, पूर्व मंडल अध्यक्ष शिवकुमार महतो,मंडल महामंत्री ऋषिकेश सिंह, मीडिया के प्रभारी भीम सेन चौहान, राजिव रंजन, आईटी सेल प्रभारी प्रवीण कुमार सोनू, धिरज साहू रोबिन गुप्ता,ब्रजेश पाठक सुसानत पांडे ,उपस्थित रहे।

## सरहुल पूजा को विधिवत् संपन्न एवं सफल संचालन को लेकर हुई कमेटी गठित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** झारखंड के प्राकृतिक पर्व सरहुल पुजा की तैयारी को लेकर रामगढ़ नगर परिषद के वार्ड संख्या 10 अंतर्गत फुलसराय उपस्वास्थ केंद्र के समीप सरहुल पूजा समिति, फूलसराय के तत्वाधान में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता तजेंद्र राम एवं संचालन कजरु बेदिया ने किया। बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरहुल पुजा धूमधाम से मनाने को लेकर पुनः पूजा समिति का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से मुख्य संरक्षक रवि साहु,अध्यक्ष सुनील बेदिया,सचिव जोगेंद्र बेदिया,कोषाध्यक्ष चंद्रनाथ बेदिया,महादेव बेदिया,सहदेव गोप, उपाध्यक्ष दीपक बेदिया, राजेश बेदिया,उपसचिव राजू बेदिया,हरेंद्र , संयोजक किसटो बेदिया, कमलेश बेदिया,छोटन बेदिया,परवक्ता कजरू बेदिया, रामदेव बेदिया,मीडिया प्रभारी विकाश, अरुण साव,रविन्द्र साव,पुजारी राजु मुंडा, राजेंद्र बेदिया , शिवनारायण बेदिया, संरक्षक तिजलाल बेदिया, गोविंद बेदिया, फूलचंद बेदिया, सीतन बेदिया, सलहाकर तजेंद्र बेदिया, शिवनारायण साहु, शिवनारायण बेदिया, उमेश,शिवचंद,सुरेंद्र साव, संजय बेदिया को बनाया गया। साथ ही सरहुल पूजा महिला कमेटी का भी गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष के रूप में रेखा देवी,उपाध्यक्ष पूनम देवी, सोनी देवी,सचिव पिंकी देवी, संगीता देवी कोषाध्यक्ष रूबंती देवी, अंजली देवी, के साथ साथ कई



महिला सदस्यो को भी जोड़ा गया है। वही बैठक के पश्चात पूजा समिति के मुख्य संरक्षक रवि साहु ने कहा की हमारे गांव में होने वाले सरहुल पर्व की पूरे रामगढ़ जिले में एक अलग ही पहचान है, जिस तरह से विगत कई वर्षों से सरहुल पूजा हमारे गांव में मनाया जा रहा है ओ अपने आप में प्रशंसनीय है, ओर यह सबके सहयोग से ही हो पाया है , आपलोगो ने जिस आशा ओर उम्मीद के साथ मुझे यह महती दायित्व सौंपा है उसे मैं पूरी निष्ठा से पूरा करूंगा चूंकि सरहुल पर्व हम झारखंडियों की पहचान है यह एक ऐसा पर्व है जो प्रकृति संरक्षण का संदेश देता है मेरी पुरी कोशिश होगी कि इस बार की पूजा काफी धूमधाम से हो. वही पूजा समिती के नवमानोनित अध्यक्ष सुनील बेदिया ने कहा की जिस उम्मीद से ग्रामीणों ने यह जिम्मेवारी मुझे सौंपी है उसमे खरा उतरने का कार्य करूंगा ओर पुरी भव्य तरीके से सरहुल पूजा हमारे गांव में मनाया जाए यह कोशिश रहेगी।

## स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उत्कृष योगदान के लिए रामगढ़ शाखा पुरस्कृत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन का राष्ट्रीय अधिवेशन गिरिडीह जिला अंतर्गत पारसनाथ में स्थित गुणायतन परिसर में दिनांक 29 एवं 30 मार्च को संपन्न हुआ । सम्मेलन में पूरे भारतवर्ष की सभी शाखाओं की करीब 800-900 सदस्यों ने अपनी भागीदारी प्रदान की ।सम्मेलन के अंतर्गत कई प्रकार के कार्यक्रम में जैसे सभी वरिष्ठ पदाधिकारी ने विगत वर्षो के कार्यक्रमों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया तथा आगामी सत्र में विभिन्न शाखाओं द्वारा किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। समिति की बहनों द्वारा विभिन्न विषयों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया । समिति की वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्षा मीरा बथवाल ने अपने कार्यकाल के कार्यो का ब्योरा प्रस्तुत किया एवं नई अध्यक्षा अंजू सरावगी को पदभार ग्रहण करवाते हुए उनके नेतृत्व में सम्मेलन के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में रामगढ़ शाखा की तरफ से पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षा अरुणा जैन , वर्तमान अध्यक्षा निशा जैन , सचिव सिंपल बरेलिया नम्रता जैन ,विनीता गोयंका ,सरिता अग्रवाल, शारदा अग्रवाल एवं नैना मेवाड ने अपनी भागीदारी प्रदान की । कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुए रामगढ़ शाखा के अध्यक्षा निशा जैन ने बताया कि सम्मेलन में रामगढ़ शाखा द्वारा किए जा रहे जन कल्याण के कार्यो की जमकर सराहना की गई तथा रामगढ़ शाखा को लोगों के स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान करने के लिए पुरस्कृत किया गया श्रीमती जैन ने बताया उक्त प्रोत्साहन के लिए समिति की सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई प्रदान की है।

## माउंट एवेरेस्ट लर्निग फॉउंडेशन पिछले दस साल से स्कूली शिक्षा पर कर रही है शोध



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के महाप्रबंधक बिनोद कुमार ने स्किल्स ऑन व्हील्स ई-रिक्सा को हरी झंडी दिखा कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए कहा की संस्था के इस सार्थक प्रयास से कंप्यूटर शिक्षा से वंचित बच्चों को एक नई दिशा मिलेगा और वह खुद को तैयार कर सकेंगे। ई-रिक्सा में मोबाइल कंप्यूटर लैब बनाया गया है जो स्किल्स ऑन व्हील्स ई-रिक्सा छः ग्रामीण सरकारी स्कूल में कंप्यूटर एवम डिजिटल शिक्षा देगी।सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड रजरप्पा क्षेत्र के उन छः ऐसे स्कूलों को चयन किया जा रहा है जो अब तक कंप्यूटर शिक्षा से वंचित हैं। यह प्रोजेक्ट के कार्यान्वयन एजेंसी स्कूलाजियम माउन्ट एवेरेस्ट लर्निंग फाउंडेशन है। माउन्ट एवेरेस्ट लर्निंग फाउंडेशन पिछले दस सालों से झारखण्ड में स्कूली शिक्षा में शोध कर रही है। स्कूलाजियम का एक मुख्य उद्देश्य कौशल विकास से आधारित शिक्षा को विकसित करना है।जिसे माउन्ट एवेरेस्ट पब्लिक स्कूल में बच्चों के पठन-पाठन में उपयोग में लाया जाता है।स्कूलाजियम चितरपुर, रामगढ़ स्थित शिक्षा में शोध का प्रयोगशाला है।इस कार्यक्रम में परियोजना पदाधिकारी यू एन प्रसाद, स्टाफ अधिकारी (कार्मिक) मनोज कुमार, स्टाफ अधिकारी (उत्खनन) शंभू रजक, स्टाफ अधिकारी (योजना) एस के सिन्हा, सीएसआर अधिकारी आशीष झा, स्कूलाजियम के डायरेक्टर साजिद हुसैन, माउन्ट प्राचार्य जीतेंद्र कुमार सिंह, स्किल्स ऑन व्हील्स के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर दिनेश कुमार, सतीश कुमार, अरशद उल्लाह समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में विकास से दिलाऊंगा अलग पहचान : चंद्रप्रकाश चौधरी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि अपने संसदीय क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना हमारी प्राथमिकता है। क्षेत्रवासियों की सुविधा को देखते हुए पिछले पांच साल में गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में विकास के अनेकों कार्य किए गए हैं और जनता के सहयोग से विकास का यह सिलसिला आगे भी अनवरत जारी रहेगा। उपरोक्त बातें सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने रविवार को रजरप्पा मंदिर प्रक्षेत्र में गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के गिरिडीह सदर, सिरसिया एवं सीओडीह के लोगों से मुलाकात करने के दौरान कही। इस दौरान लोगों ने सांसद को क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया और गिरिडीह से पुनः एनडीए प्रत्याशी बनाए जाने पर उन्हें बधाई दी। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने लोगों की बातों को गंभीरतापूर्वक सुना और अपनी ओर से हरसंभव सहयोग करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों के हर सुख-दुख में साथ रहता हूं और आगे भी यह अटूट रिश्ता कायम रहेगा। आपलोग अपना स्नेह बनाएं रखें, आपसबों के सहयोग से आने वाले समय में गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र को अलग पहचान दिलाऊंगा। इस अवसर पर विनोद बर्मन, मनोज बर्मन, प्रमोद स्वर्णकार, सुबोध बर्मन, पंचम, मंटू, सतीश, गणेश महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

## रोबोटिक्स कोर्स से छात्रों को मिलेगा नवाचारी शिक्षा की जानकारी : रितेश केसरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** प्रखंड स्थित ग्रामीण बैंक के सामने संस्कार इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों का वार्षिक परीक्षाफल वितरण किया गया। विद्यालय के निर्देशक रितेश केसरी ने सभी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज बड़ी खुशी का दिन है कि सभी छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन कार्ड प्रमाणपत्र सभी छात्र के अभिभावकों तक पहुंच रहा है। हमे गर्व है कि छात्रों ने न केवल अच्छे अंक प्राप्त किए हैं बल्कि उन्होंने सामाजिक, सांस्कृतिक और खेल जगत में भी उत्कृष्टता प्रदर्शित किया है। यह परीक्षाफल विद्यालय के शिक्षक और छात्रों का एक वर्षो की परिश्रम का मूल्यांकन है। इस मूल्यांकन से विद्यालय और अभिभावकों को पता चलता है कि एक वर्ष में छात्र ने क्या सीखा। ÷हमें गर्व है कि हमारे स्कूल ने जिले में पहला स्कूल बनकर उभरा



है जो रोबोटिक्स की शिक्षा भी प्रदान करेगा। इस साल, हमारे स्कूल में सीनियर क्लासेज (क्लास 1 से 5) के छात्रों के लिए रोबोटिक्स कोर्स शुरू हो चुका है। इससे छात्रों को नवाचारी तकनीकों का परिचय होगा और उन्हें अधिक समर्थ, सोचने की क्षमता मिलेगी। हमारे छात्रों के भविष्य के लिए विद्यालय एक और कदम आगे रहेगी।

## श्री श्री रामनवमी महासमिति की हुई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** शनिवार संध्या साहू धर्मशाला के सभागार में श्री श्री रामनवमी महासमिति रामगढ़ जिले की बैठक संपन्न हुई।दीपक मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित इस अहम बैठक में प्रमुख पदाधिकारियों ने आगामी 9 अप्रैल को मंगला जुलूस और शोभा यात्रा लेकर 17 अप्रैल को प्रमुख झाकियों को सम्मानित करने तक को लेकर चर्चा हुई। बैठक में दीपक मिश्रा कहा की जिले के प्रत्येक गांव में शोभा यात्रा निकालने को लेकर जनजागरण कार्यक्रम जारी है जिससे कार्यक्रम को भव्यता के साथ संपन्न किया जा सके। बैठक के दौरान संरक्षक के रूप में जगदीश शर्मा, बद्री विश्वकर्मा, वसूध तिवारी,विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में दैनिक जागरण से परिवार से वरिष्ट पत्रकार दिलीप सिंह,एवं सचिव के दायित्वों हेतु धीरज साहू,सौरव नारायण सिंह एवम सुजीत सोनकर के नामों की घोषणा की गई। उक्त बातों की जानकारी देते हुए महासमिति के मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी ने बताया की इस अहम बैठक में मुख्य संरक्षक राजेश ठाकुर, महामंत्री, संतोष नायक, उपाध्यक्ष ब्रजेश पाठक, बीजू गोयनका, विनय शर्मा, सचिन चंदेवंशी, कोषाध्यक्ष रूपेश कुशवाहा, कार्यालय प्रमुख मनोज सिंह, शौरव नारायण सिंह, अंकित सिंह, धीरज साव इत्यादि पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने पर अपने विचार रखें।

## अवैध शराब एंव नशीले पदार्थो के विरूद्ध विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉ बिमल कुमार के निर्देशानुसार अगामी निर्वाचन चुनाव 2024 के मद्देनजर रामगढ़ जिला में अवैध शराब के विरूद्ध लगातार चलाए जा रहे सतत अभियान के तहत् रविवार को रामगढ़ जिले के विभिन्न थाना / ओ0पी0 क्षेत्र अन्तर्गत टीम गठित कर अवैध शराब एंव नशीले पदार्थो के विरूद्ध विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमें क्रमशः गोला थाना अंतर्गत करीब 200 किलो जावा महुआ, बासल थाना अंतर्गत करीब 200 किलो जावा महुआ, कुज्जु ओ0पी0 अंतर्गत करीब 400 किलो जावा महुआ, भदानीनगर ओ0पी0 अंतर्गत करीब 40 किलो जावा महुआ, बरकाकाना ओ0पी0 अंतर्गत करीब 40 किलो जावा महुआ एवं अवैध शराब के निर्माण हेतु संचालित विभिन्न भट्टियों को विनष्ट किया गया।

# 6 वर्षीय नन्हा रोजेदार रुषान ने रखा पहला रोजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** इस्लाम धर्म का पवित्र माह रमजान चल रहा है। लोग अकीदत के साथ इबादत मे समय गुज़ार रहें हैं और रोजा रख रहें है। वहीं रोजा रखने के मामले मे छोटे बच्चे भी बड़ों से पिछे नही हैं। इसी क्रम मे रहमतगंज के रहने वाले सैफ अख्तर के 6 वर्षीय पुत्र रुषान सरफराज ने अपने जीवन का पहला रोजा रख, सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। बच्चे की इस ज़ज़्बे की सभी ने तारीफें की। घर के लोग भी काफी खुश दिखे और बच्चे को ढेरों दुआएं दी। वहीं नन्हा रोजेदार रुषान ने बताया की उसे अपने घर वालों को देख रोजा रखने की प्रेरणा मिली। और आज वो रोजा रख कर काफी खुश है।

# गिरिडीह पुलिस ने कुख्यात आरोपी मिथलेश मंडल व तीन अपराधियों को किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** रविवार को गिरिडीह ज़िले के नक्सली कांड का कुख्यात आरोपी मिथलेश मंडल और इनके तीन साथी को गिरिडीह पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। वही पपरवाटांड स्थित डीसी ऑफिस कार्यालय से प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी एसपी दीपक कुमार शर्मा ने दी। मिथलेश मंडल इन दिनों डकैती की घटना को अंजाम दे रहा था। नया गिरोह भी गठित कर चुका था और एक घर में डकैती भी कर चुका था। एसपी ने बताया कि 19 मार्च की रात को ताराटांड थाना इलाके के पिंडरिया नवादा गांव निवासी हेमलाल मंडल के घर डकैती हुई थी। एक दर्जन से अधिक अपराधियों ने बकरा व्यवसायी हेमलाल मंडल के घर धावा बोला था और लगभग पांच लाख की डकैती की थी। एसपी ने बताया कि इस घटना के बाद सदर एसडीपीओ बिनोद रवानी को त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। वहीं गांडेय इंस्पेक्टर कमाल खान के नेतृत्व में ताराटांड थाना प्रभारी मुकेश पंडित, अहिल्यापुर थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह, गांडेय थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह, अनुसंधानकर्ता सुशांत कुमार चिरंजीवी के साथ टेक्निकल सेल की टीम ने अनुसंधान प्रारम्भ किया। इस छानबीन में यह साफ हुआ कि जेल से जमानत पर बाहर नक्सली मिथलेश मंडल ने नया गिरोह बनाया है, उसने ही इस घटना को अंजाम दिया है। जिसके बाद पुलिस ने पुख्ता जानकारी मिलने के बाद विशेष टीम ने मिथलेश का गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी कई नक्सली कांड का आरोपी रहा है। मिथलेश मंडल इन दिनों डकैती की घटना को अंजाम दे रहा था।

# लाखों का गांजा बरामद



**तिसरी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह के तिसरी थाना पुलिस ने पुलिस कप्तान एसपी दीपक कुमार शर्मा को मिले गुप्त सूचना के आधार पर रविवार को थाना इलाके के कलवा नदी के समीप धनेश्वर साहू के घर पर छापेमारी कर बड़े पैमाने पर नशीला पदार्थ करीब ढाई किलो गांजा और दो लाख 31 हज़ार 530 रूपये नगद राशि जब्त करने में सफलता पाया। छापेमारी की कारवाई रविवार की सुबह हुआ, जिसमे धनेश्वर साहू और उसके बेटे को तिसरी थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान एसडीपीओ नीरज सिंह निर्देष पर थाना प्रभारी संजय नायक के नेतृत्व में टीम गठन कर कारवाई किया गया मिली जानकारी के अनुसार आरोपी पिता पुत्र धनेश्वर साहू और उसके बेटे घर से नशीला पदार्थ गांजा का अवैध कारोबार किया करते थे। और इसकी सूचना जब एसपी को मिला, तो एसपी ने एसडीपीओ और थाना प्रभारी को आरोपी पिता पुत्र के घर में छापेमारी का निर्देश दिया। इसके बाद कारवाई हुआ, और घर से 2 किलो 400 ग्राम गांजा के साथ दो लाख 31 हज़ार 530 रूपये नगद राशि जब्त किया गया। जानकारी के अनुशार घर से जब्त दो लाख रुपए भी इसी गांजे के कारोबार से जुड़ा हुआ था। जिसे जब्त किया गया। फिलहाल तिसरी थाना पुलिस दोनो आरोपी बाप बेटे को जेल भेजने की प्रक्रिया में जुटी हुई है।

# रोजगार के लिए दिल्ली गई फुलवार की किशोरी की हुआ मौत

## अर्थाभाव में दिल्ली में ही किया जायेगा अंतिम संस्कार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कतरास :** फुलवार निवासी अरुण बाउरी की पुत्री काजल कुमारी (15) की मौत दिल्ली में हो गयी। काजल कुमारी रोजगार के लिए दिल्ली गयी थी। सूचना मिलने पर बस्ती में मातम है। मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतका का मामा सुनील बाउरी ने बताया कि सात माह पूर्व काजल काम करने दिल्ली गयी थी। बीते कल उसकी मौत की खबर आई। काजल की बड़ी बहन व जीजा दिल्ली में ही रहते हैं। उन्ही लोगों के संग कार्य करने की बात कह कर काजल दिल्ली गयी थी। लोगों ने मृतका के परिजनों को मुआवजा दिलाने की मांग की है। आर्थिक तंगी के कारण शव का दिल्ली में ही अंतिम संस्कार किया जायेगा।

# सरिया के प्रिंस ने नवोदय विद्यालय नामांकन परीक्षा में लहराया परचम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरिया :** सरिया प्रखंड के कोयरीडीह निवासी जय प्रकाश कु वर्मा के पुत्र प्रिंस राज ने अपने लग्न, अथक परिश्रम से पीएम नवोदय विद्यालय गांडेय के लिए सफलता हासिल किया है,इसके पहले प्रिंस ने सैनिक स्कूल की परीक्षा में भी सफलता हासिल किया है इस सफलता का श्रेय प्रिंस ने रामशंकर ठाकुर, शिक्षाविद रमेश पाण्डेय संचालक सफलता कोचिंग सेंटर एवं दीपक राम मार्गदर्शन कोचिंग केंद्र मोकमो एवं विजय वर्मा, विनोद वर्मा को देते हुवे कहा की सही मार्गदर्शन, कठिन परिश्रम और माता पिता के आशीर्वाद से ये सफलता मिली है वही

इस सफलता पर लोगों ने शुभकामनायें दिया जिसमें रामपति प्रसाद( पूर्व प्रमुख )सरिया,मनोज महतो सांसद प्रतिनिधि, रामदेव ठाकुर, रंजन कुमार, अमित आनंद, रामशंकर ठाकुर, रमेश पाण्डेय, राजेश कुमार, बालेश्वर साव, विकास वर्मा, पवन पाण्डेय समेत सैकड़ों लोग शामिल है।

# पुराना बाजार के 13 दुकानों में लगी भीषण आग लाखों रूपये का सामान जल कर राख



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** पुराना बाजार में आग का कहर एक बार फिर देखने को मिला। अहले सुबह लगी आग ने लगभग 13 दुकानों को अपनी आगोश में ले लिया और देखते ही देखते कुछ ही मिनटों में जल कर सब खाक हो गया। पुराना बाजार जामा मस्जिद के समीप लगी यह भयावह आग इतनी तेजी से भड़की की किसी को कुछ समझने का मौका ही नही मिला। इस आग की चपेट में कपड़ा, घड़ी समेत अन्य दुकाने थी, जो मिनटों में खाक हो गया। आग कैसे लगी इसके कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। घटना को लेकर मिली जानकारी के मुताबिक जिस वक्त आग लगी वहां कोई भी मौजूद नहीं था। सभी अपनी अपनी दुकानें बंद कर अपने घर चले गए थे की रविवार की सुबह आग ने अपना तांडव दिखाना शुरू कर दिया। घटना को लेकर दुकानदारों ने बताया कि 13 दुकानों में आग लगी। सभी दुकान चश्मा, घड़ी बेल्ट और कपड़े की हैं। सुबह का समय होने के कारण सभी अपने अपने घरों में थे की आग लगने की जानकारी मिली। सभी लोग घटनास्थल पर पहुंचे। उसके बाद घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। जिसके बाद फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच आग बुझाने में लग गए। घंटों कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक करीब 13 दुकानें जल कर खाक हो चुकी थी।

एक अनुमान के मुताबिक लगभग करीब तीस लाख रूपये की संपत्ति के नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। ईद का त्योहार आने वाला था, इसको लेकर दुकानदारों ने माल स्टॉक कर रखा था। इस घटना से दुकानदारों के चेहरे पर मायूसी साफ झलक रही थी। गनीमत थी की बड़ी घटना नहीं घटी, क्योंकि यहां तीन सौ से अधिक दुकानें थी। आग अगर फैलती तो कई दुकानें जद में आ सकती थी। फिलहाल मामला क्या है इसको लेकर जांच की जा रही है।

# रेल संरक्षा आयुक्त ने किया नई दोहरीकरण लाइन का निरीक्षण



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूर्वी सर्किल कोलकाता के रेल संरक्षा आयुक्त सुवोमोय मित्रा ने पूर्व मध्य रेलवे में धनबाद मंडल के रेनुकुट और जोगीडीह स्टेशनों के बीच नई दोहरीकरण लाइन का निरीक्षण किया। इस दौरान रेनुकुट और जोगीडीह स्टेशनों के बीच दोहरीकरण लाइन का मोटर ट्रॉली निरीक्षण एवं गति परीक्षण किया गया। इस अवसर पर धनबाद मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा एवं मंडल के अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# आदिवासियों द्वारा बाहा मिलन समारोह का भव्य आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** पश्चिमी टुंडी के नवाटांड गांव में बाहा मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया जिसमें सभी आदिवासी भाई बहनों ने जामताड़ा से आये गुरु बाबा लास्कर सोरेन का चरण धोकर एवं आदिवासी गीत नृत्य प्रस्तुत कर भव्य स्वागत किया।

बताया जाता है कि जाताखूंटी मुखिया प्रतिनिधि शक्ति हेंब्रम के नेतृत्व में बाहा मिलन समारोह के आयोजन पर सभी अतिथियों को चरण स्पर्श कर स्वागत किया एवं उनके स्वागत में विभिन्न क्षेत्रों से आये आदिवासी भाई बहनों के द्वारा नृत्य एवं स्वागत गीत प्रस्तुत कर मंत्रमुग्ध कर दिया। इस आयोजन को देखने के लिए ग्रामीणों का हुजूम उमड़ पड़ा। इस मिलन समारोह में मुख्य अतिथि जिला परिषद क्षेत्र संख्या 4 की मीना हेंब्रम, मोनिका देवी, अध्यक्ष बिनोद कुमार मुर्मू, शक्ति हेंब्रम, प्रदीप मुर्मू,शनिचर हेंब्रम, सुरेन्द्र सोरेन, ठाकुर सोरेन, सुनील टुडू समेत मांझी हड़ाम,नाईकी हड़ाम उपस्थित थे।

# पति-पत्नी दोनों के बीच फोन पर अनबन होने के बाद पत्नी ने लगाई फांसी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** राजधनवार प्रखंड अंतर्गत बरजो में शीला देवी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, यह घटना रविवार की है, इसके शव का पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया।बताया गया कि रंजीत विश्वकर्मा की पत्नी शीला देवी का मायका परसन के गंगापुर में है। इसके पति बाहर में काम करते है।बताया गया कि पति पत्नि में फोन पर कुछ अनबन हुई और शनिवार रात में इसने अचानक फांसी लगा ली जब सुबह रविवार परिजन आवाज लगाने लगे तो दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद दरवाजा तोड़ा गया। तब सभी को पता चला कि उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना के बाद इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दी गई। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर इसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।



## स्कॉर्पियो चालक से करीब ग्यारह हजार रुपए की छीनताई

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद जिला के बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा थाना क्षेत्र के एनएच 32 में गाड़ी चालक से छीनताई और मार पीट करने का मलाला सामने आया है। भुक्त भोगी स्कार्पियो चालक अनवर आलम जो बरकी बस्ती महुदा थाना क्षेत्र का रहने वाला है। उन्होंने महुदा थाना को लिखे आवेदन में कहा है की मैं खरखरी में स्कार्पियो गाड़ी चालक का काम करता हु। मैं शनिवार की रात को घर आ रहा था तभी एक हिंदुस्तान ढाबा के सामने 100 मीटर की दूरी पर कुछ अज्ञात लड़को ने मुझे रोक कर मारपीट किया उसके बाद मेरा पूरा पगार दस हजार नौ सो रुपया छीन लिया गया। इस संबंध में उचित करवाई की मांग किया है।

## दवा दुकान से लाखों रुपए लेकर चोर हुए फरार

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहर के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत धैया में चोरों ने एक बार फिर पुलिस को खुली चुनौती दे दिया है। जहां चोरों ने बीती रात को एक दवा दुकान को अपना निशाना बनाया। जहां चोरों ने दुकान का शटर काट कर लाखों रुपए लेकर फरार हो गए हैं। घटना के संबंध में बताया जाता है कि धैया स्थित प्रभातम मॉल के समीप हेल्थ एन होम नामक दवा दुकान में चोरों ने देर रात दुकान का शटर काट कर लाखों रुपए और सीसीटीवी लेकर चंपत हो गए हैं। जिसकी सूचना दुकान संचालक को रविवार की सुबह लगी। मामले की सूचना मिलने पर दुकान संचालक मौके पर पहुंचा। जिसके बाद दुकान संचालक ने मामले की जानकारी सदर थाना को दिया। मामले की जानकारी मिलने पर सदर थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुट गई है।

# साड़ी के सहारे फंदे से लटका मिला युवक का शव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** झरिया थाना क्षेत्र के चार नंबर के रहने वाले देबू रवानी का 22 वर्षीय भगिना रवि कुमार राम का शव शाम झरिया पुलिस ने बरामद किया है। घटना के संबंध में मृतक के मामा देबू रवानी ने बताया कि शनिवार की सुबह जरुरी काम से हमारा पूरा परिवार झरिया के भूतगड़िया अपने साढ़ू के यहां गए थे। तीन बजे वापिस लौटे तो देखा कि आवास का दरवाजा अंदर से बंद था।काफी आवाज लगाने पर भी जब दरवाजा नहीं खुला तो एक छोटी बच्ची को किसी प्रकार खिड़कीनुमा रास्ते के सहारे घर के अंदर घुसाया। बच्ची ने अंदर से गेट को खोला तो देखा कि रवि साड़ी के फंदे के सहारे लटका हुआ है। आनन फानन में उसे उतार कर धनबाद के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक रवि के मामा देबू रवानी ने बताया कि मामले की जानकारी झरिया पुलिस को दी गई। वही झरिया थाना के एसआइ ए मुंडू ने बताया की सूचना मिलने पर घटना स्थल पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कारवाई की जाएगी। वही स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक रवि कुमार रवानी का पूरा परिवार कागेशर गांव, जमुई जिला (बिहार) में रहता है। रवि पिछले चार पांच साल से अपने मामा देबू के पास झरिया में ही रहता था। मामा के साथ फेरी के धंधे में हाथ बटाटा था। वही रवि की मौत की खबर पाकर उसके पिता अभिनंदन राम, मां पूजा देवी जमुई से झरिया के लिए निकल गए है और देर रात झरिया आने की संभावना है।

# एकाएक आये तूफान से घर समेत बकरी शेड को किया क्षतिग्रस्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिरनी :** बीती आधी रात को आए तेज तूफान ने जहां कई घर के दीवारों, एस्बेस्टर समेत पेड़ पौधों को क्षतिग्रस्त तोड़ मरोड़ कर रख दिया, वहीं प्रखंड क्षेत्र के ग्राम गुड़ीटाँड निवासी कुर्बान अंसारी, जमाल अन्सारी के घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। आपको बता दें कि रात्रि को आए अचानक तूफ़ान ने इस तरह का क्षति पहुचाया है।कभी भरपाई नहीं किया जा सकता है। इन्होंने ने बताया कि छत में लगा एस्बेस्टर उठा दिया साथ ही साथ कलीम अन्सारी का बकरा शेड का नुकसान पहुचाया है। सुबह जब देखा तो सब इधर उधर बिखरा हुआ था।

# भाजपा से कोडरमा व जमुआ विधानसभा युवाओं का भला होने वाला नहीं है : हाजरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** भाजपा के केंद्र सरकार से युवाओं का भला होने वाला नहीं है। यह सरकार युवाओं को बेरोजगार बनाकर ही दम लेंगे। उक्त बातें अनु जाति प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष देवानंद हाजरा ने रविवार को देवरी प्रखंड अंतर्गत तिलकडीह पंचायत के दुधपनिया मोड़ में बैठक कों सम्बोधित करते हुए कहा। हाजरा ने कहा कि देश में आज इमरजेंसी जैसी स्थिति उत्पन्न हो गया है। इससे निपटने के लिए युवा वर्ग को आगे आना होगा तभी देश और लोकतंत्र बचेगा। बेरोजगारी के कारण युवा पढ़-लिख कर भी कुछ नहीं कर पा रहे हैं। केंद्र सरकार देश के युवा की बेरोजगार बात नहीं करते हैं। केवल मन की बात करते हैं। हाजरा ने कहा कि जमुआ विधानसभा क्षेत्र एक डिग्री कालेज नहीं है। भाजपा के विधायक सिर्फ मंदिर -मस्जिद की बात करते हैं। सांसद और विधायक मंदिर की निर्माण के लिए नहीं चुने जाते हैं। जनता उन्हें क्षेत्र में विकास कार्य कराने के लिए चुनते हैं। बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए संतोष बास्के ने कहा कि जन प्रतिनिधि के अपेक्षा के कारण देवरी प्रखंड से उतरी क्षेत्र का विकास नहीं हुआ है। प्रखंड मुख्यालय से उतरी क्षेत्र की जनता आज भी विकास को लेकर चिंतित हैं। झारखंड और बिहार की सीमा से सटे चकाई विधानसभा क्षेत्र में बहुत विकास हुआ है।

# बीजेपी के लोकसभा उम्मीदवार ढुल्लू महतो पर गैंगस्टर प्रिंस खान से धमकी दिलवाने का आरोप, थाने में दर्ज हूआ मामला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** शनिवार को गैंगस्टर प्रिंस खान का धमकी भरा एक ऑडियो वायरल हुआ था, जिसमें प्रिंस खान ने मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल और जमशेदपुर पूर्वी विधायक सरयू राय को धमकी दी थी। मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सह व्यवसायी कृष्णा अग्रवाल ने प्रिंस खान से मिले धमकी के बाद बरवाअड्डा थाने में लिखित शिकायत दर्ज की है। इसमें उन्होंने धनबाद लोकसभा भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के इशारे पर गैंगस्टर प्रिंस खान द्वारा धमकी देने का आरोप लगाया है। बरवा अड्डा थाना की पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने सुरक्षा को लेकर कृष्णा अग्रवाल को बॉडीगार्ड भी उपलब्ध कराया है. शनिवार को गैंगस्टर प्रिंस खान का ऑडियो वायरल हुआ था। वायरल ऑडियो में मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल और जमशेदपुर पूर्वी विधायक सरयू राय को बुरा परिणाम भुगतने का धमकी दी थी। कृष्णा अग्रवाल ने अपने संगठन के पैड पर बाबूलाल मरांडी को एक पत्र लिखा था, जिसमें उन्होंने ढुल्लू महतो को बीजेपी का उम्मीदवार बनाए जाने पर आपत्ती जताई थी। ढुल्लू महतो और कृष्णा अग्रवाल के बीच हुई फोन पर बातचीत की ऑडियो भी वायरल हुई थी। इस ऑडियो के वायरल होने के बाद जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय धनबाद पहुंचे थे। उनके द्वारा ढुल्लू महतो के खिलाफ जमकर हमला बोला गया था। सरयू राय ने निर्दलीय चुनाव लड़ने की बात भी कही। धनबाद पहुंचने पर उन्होंने ढुल्लू की उम्मीदवारी पर भाजपा पर कई सवाल खड़ा किए। वहीं, इस मामले को लेकर एसपी एचपी जनार्दन ने कहा कि कृष्ण अग्रवाल के शिकायत पर ढुल्लू महतो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि मामले में जांच पड़ताल की जा रही है।

संक्षिप्त खबरें

### जलडेगा के लम्बोई में हुई पारा शिक्षक की पत्थर से कूच कर हत्या

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जलडेगा :** जलडेगा प्रखंड के लम्बोई पंचायत अंतर्गत करमापानी बागेटोली निवासी उत्क्रमित प्राथमिक अभियान विद्यालय करमापानी बागेटोली के पारा शिक्षक तुरलेन लुगून पिता फिलमोन लुगून उम्र लगभग 45 वर्ष की अज्ञात अपराधियों ने शनिवार रात्रि पथर से कूच कर हत्या कर दी, मिली जानकारी के अनुसार शनिवार रात्रि में मृतक को घर से बुलाया गया और घर से थोड़ी दूर ले जा कर रास्ते में हत्या कर अपराधी भाग निकले, रविवार सुबह ग्रामीणों द्वारा करमापानी कुरकुरा जाने वाले रास्ते पर शव को देखा गया, जिसके बाद परिजनों को खबर किया गया, तथा घटना की सुचना थाना प्रभारी जलडेगा शशि शंकर सिंह को दिया गया, थाना प्रभारी सुचना उपरान्त पुलिस जवानों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे एवं शव कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया, थाना प्रभारी शशि शंकर सिंह ने बताया कि रात दो बजे करीब की घटना बताई जा रही है।

## भाजपा का लक्ष्य 400 पर को पूरा करने में मातृशक्ति का बड़ी भूमिका होगी : बबीता वर्मा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** रविवार को भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की कार्य समिति बैठक जिला अध्यक्ष कलावती देवी की अध्यक्षता में भाजपा जिला कार्यालय बक्शीडिपा में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती सिंह भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, सामेला भगत, बबीता वर्मा रेनू तिर्की और भारती सिन्हा शामिल थी। बैठक को संबोधित करते हुए आरती सिंह ने कहा कि महिला महाजन संपर्क अभियान में भाजपा महिला विशेष जिम्मेवारी है। भाजपा की सरकार मोदी जी के नेतृत्व में लगातार महिलाओं को सशक्त करने के लिए कई ऐसे कदम उठाए हैं जिसका सीधा-सीधा लाभ हम सभी माता एवं बहनों को मिला है। आज मोदी जी के नेतृत्व महिलाओं समान अवसर प्राप्त हो इसके लिए महिला आरक्षण की व्यवस्था, महिलाओं के लिए प्रेरणा बनी द्रौपदी मुर्मू जी को राष्ट्रपति बनाया। वही झारखंड में गठबंधन के लोगों को अच्छा नहीं लगा और कई ऐसे शब्दों से महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी संबोधित किया जिसे माता बहनों के सम्मान में नहीं बोल सकते। झारखंड में लगातार घटनाएं हो रही हैं महिलाएं असुरक्षित हैं । बबीता वर्मा ने कहा कि हम सभी बहनें मिलकर भारतीय जनता पार्टी की द्वारा निर्धारित 400 लक्ष्यों को पूरा करने में मातृशक्ति का बड़ी भूमिका होगी। जो सम्मान पिछले कई दशक पहले प्राप्त होने चाहिए थे वह मोदी जी के कार्यकाल में प्राप्त हुआ है उनकी दैनिक जीवन की जरूरत को ख्याल रखते हुए सर पर छत की व्यवस्था स्वच्छता एवं स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए शौचालय गैस सम्मान निधि स्वास्थ्य बीमा के लिए आयुष्मान भारत की व्यवस्था जैसे असंख्य योजनाओं का लाभ जो महिलाओं के नाम पर हैं। वही जब भाजपा की सरकार हमारे प्रदेश में थी तब 50 डेसिमल तक की जमीन रजिस्ट्री महिलाओं के नाम मात्र 1 में हो रही थी। मौके पर उपस्थित पूनम देवी आशा देवी, ईशा कुमारी, ममता देवी, जयश्री उरांव, सरिता देवी, संगीता देवी, सरस्वती देवी, बिंदिया देवी, सुमन देवी, पूजा देवी, पुन्नू देवी, प्रमिला उरांव, मनीता उरांव, जयंती देवी, जानकी देवी, आशा देवी, खुशबू देवी, बुद्धन देवी, दुर्गावती देवी, राखी पांडेय, मानती देवी, आरती रजक अन्य उपस्थित थे।

## झुण्ड से बिछड़े दो अलग-अलग हाथियों के आने से लोग हो रहें हैं भयभीत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** जलडेगा प्रखण्ड के विभिन्न हाथी प्रभावित गांवों में दो अलग अलग हाथियों के आने से ग्रामीण भयभीत हैं। बताते चलें कि पिछले एक माह से एक हाथी का तांडव जलडेगा, बांसजोर और बानो प्रखण्ड के विभिन्न हाथी प्रभावित गांवों को अपना निशाना बनाया हुआ है। हर दिन न जाने कितना घर और जान माल का नुकसान हो रहा है। इस हाथी द्वारा शुक्रवार रात को ओड़गा पहाड़ टोली में पितरूस जोजो, जेवियर जोजो, सनिका जोजो और जुलयुस जोजो का घर को तोड़ कर घर में रखे अनाज को खा गया और कई घरेलु सामान भी बर्बाद हो गया। अनाज खाने के बाद सुबह ओड़गा माड़ाबुरू पहाड़ की ओर चला गया जिसे शनिवार दोपहर 1 बजे उसी पहाड़ में लोगों के द्वारा हाथी को देखा गया। पुनः शनिवार रात को वही टोली आकर बिलासी जोजो, सुनिल जोजो और पावल जोजो का घर को निशाना बनाया। घर को ध्वस्त कर अनाज खाया और सुबह 4 बजे वही पहाड़ की ओर चला गया। ओड़गा पहाड़ टोली के ग्रामीण कहते हैं कि हमें वन



विभाग या प्रखण्ड प्रशासन की ओर से किसी प्रकार की कोई राहत सामग्री उपलब्ध नहीं कराई गई है। अब जलडेगा प्रखण्ड के पश्चिमी दिशा से शनिवार को और एक हाथी के आने से ग्रामीणों में असहनीय चिंता है। ये हाथी जलडेगा के टिकरा, मामाभागिना होते हुए शनिवार शाम तक लमडेगा पंचायत के राजस्व ग्राम सेमेरिया आर सी चर्च टोली पहुंच कर एग्नेस जोजो का घर को ध्वस्त कर लगभग एक घंटा धान खाया। वहां से फिर लमडेगा डांड़पानी जाकर जाईरस सुरिन का घर को ध्वस्त कर धान, चावल और गेहूं को खा गया। इतना ही नहीं घर पर डेगची में पका हुआ खाना को भी खा कर डेगची खाली कर दिया कई घरेलु सामान भी बर्बाद हो गया। डांड़पानी के बाद लमडेगा होते हुए बांसजोर प्रखंड के कोमबाकेरा पंचायत का राजस्व ग्राम रोबगा हरदा कोचा टोली निवासी विजय पूर्ति का घर को अपना निशाना बनाया और घर में रखे अनाज को खा गया। कोमबाकेरा पंचायत उपमुखिया तुरतान सुरिन का कहना है कि विजय पूर्ति का घर इतना अधिक क्षतिग्रस्त हुआ कि अब जल्द विभाग द्वारा सहयोग नहीं मिलने पर रहने लायक नहीं है और घर में जो चावल था पूरा खा गया। खाने से लेकर घर सब खत्म हो गया। रोबगा के बाद बनजोगा पोढ़ोझरिया पहुंच कर समुएल तोपनो का खेत में लगे धान को बर्बाद किया फिर वहां से बनजोगा दुलमी टोली आज सुबह 4:30 बजे बेंजामिन तोपनो के घर के पास पहुंचा था जिसका पांव निशान भी है। वहां से किधर चला गया किसी को किसी प्रकार का कोई जानकारी नहीं है। पीड़ित परिवार इतना चिंतित हैं कि अपना दुःख को एक दूसरे को बताने के पहले आंखों से आंसु पानी गिर रहा है। बहुत कोई कुछ नहीं कह पा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र के लोग सर में कफन बांध कर रहने को विवश हैं कि कब किसकी जान चली जाए।

## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 35 लोगों ने अपना स्वास्थ्य का जांच करवा कर हुए लाभावित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 94 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पनिशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 35 लोगों ने अपना स्वास्थ्य का जांच करवा कर लाभान्वित हुए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा स्वस्थ जीवन के लिए नियमित रूप से सुबह-सुबह योगाभ्यास करें जिससे शरीर स्वस्थ के साथ-साथ फुर्तीला रहेगा,और कहा कि मानव का सेवा करना ही हम सभी का पहला धर्म है। डॉ कुमुद ने कहा की लोगों को समय-समय पर अपना स्वास्थ्य चेकअप कराते रहना चाहिए और अभी बदलते मौसम पर अपने स्वास्थ्य के प्रति खास ध्यान देने की आवश्यकता है। सहसचिव संजय चौधरी ने कहा कि 1 जून 2022 से निरंतर चल रहे प्रत्येक सप्ताह स्वास्थ्य शिविर में लोग आकर अपना चेकअप करा कर संतुष्ट हैं, यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को एक घंटे के लिए लगाई जाती है, लोगों ने शुगर, बी.पी., ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए, डॉक्टर से परामर्श भी लिए। आज शिविर में, जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, संजय चौधरी, सुबोध महतो, नीरज मित्तल, अतुल सर्राफ, अशोक अग्रवाल, अनिल साहू, तपेश्वर अग्रवाल, गुड्डू साहू, नरेंद्र गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, नारायण साहू, देवनारायण प्रसाद, रुपेश चौधरी, अंजलि सर्राफ, श्वेता मित्तल, मीना देवी, माधुरी देवी, अनूप महतो, विकास अग्रवाल, मनी देवी, राजू अग्रवाल, राजकुमार महतो, उदय कास्यंकार, डोमन चंद्र कर्मकार, सुरेंद्र साहू, चंपा देवी, प्रभु दयाल साहू, तारा राय, सत्यम सर्राफ, सोनिया पोद्दार आदि थे।

## राज्यसभा सांसद समीर उरांव ने राधाकृष्ण की पूजा कर क्षेत्र में समृद्धि की कामना की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 31 मार्च रविवार को डोलमेला उत्सव शांतिशांतिपूर्वक संपन्न हो गया। इस मौके पर 30 मार्च को मेलाताड़ मे पुरोहित शशिकान्त त्रिपाठी जी के द्वारा भगवान राधाकृष्ण जी के मुर्ति मे यजमान अनुज कुमार साहू को विधि विधान से पुजा अर्चना करवाया वही उक्त मौके पर भाजपा के 2024 के लोकसभा प्रत्याशी राज्यसभा सांसद समीर उराँव ने माण्डर विधानसभा की तुफानी जनसंपर्क अभियान से होकर कार्यक्रमस्थल पहूँचकर भगवान राधाकृष्ण की मुर्ति मे किया पुजाअर्चना वही दुर-दराज से आये संगीत सुनने जनता से मिल लिया आशीर्वाद, गणमान्य लोगों ने गुलदस्ता, अंगवस्त्र, व माला पहनाकर समीर उराँव का किया



जोरदार स्वागत। विदित है कि उक्त मेला के अवसर पर आयोजन समिति की और से झूमे झारखंड म्युज़िकल ग्रुप की और से कलाकारों के द्वारा पूरी रात गीत संगीत कार्यक्रम आयोजन की व्यवस्था भी की गई थी,लेकिन 30 मार्च की मध्यरात्रि मौसम की अचानक करवट लेने से जोरदार आंधी, वारिस, ओलापात से कार्यक्रम को आयोजन समिति के द्वारा स्थगित करना पड़ा,वही इस कार्यक्रम के निमित अंचल व थाना प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इन्तजाम किया गया था। मौके पर आयोजन समिति के विपिन सिंह, विकास कुमार, गौतम साहू, बुधुवा उराँव, संजय महतो, रवि प्रजापति, संजय साहू, के अलावा कार्यक्रम मे भाजपा निवर्तमान जिलाध्यक्ष राजमोहन राम, सुरज मोहन साहू, विशेश्वर प्रसाद दीन, विवेक प्रजापति, मनोज साहू, जितवाहन महतो, राधेश्याम साहू, इत्यादि अनेको गणमान्य लोग कार्यक्रम स्थल मे मौजूद थे।

## ध्वजारोहण कर श्री रामनवमी पूजा का श्री राम भक्तो के द्वारा किया गया आगाज



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 30 मार्च शनिवार को कैरो रामनवमी मेला तांड़ मे श्री राम भक्त हनुमान की ध्वज की किया गया ध्वजारोहण। इस अवसर पर आचार्य नारद पांडे के द्वारा विधि विधान पुर्वक मर्यादापुरषोत्तम प्रभू श्री रामचंद्र की पुजा अर्चना रामनवमी मेला तांड़ सनातन धर्म मंच के समीप किया गया। विदित है कि चैत्र कृष्ण पक्ष पंचमी तिथि को परम्परा के अनुरुप विधि विधान से पुजा अर्चना कर पंचमी तिथि को ही रामनवमी पुजा का आगाज श्री रामभक्त हनुमान का ध्वज लगाकर ध्वजारोहण किये जाने की परम्परा वर्षो से चली आ रही है, उसी के निमित निवर्तमान महाबीर मंडल के अध्यक्ष विवेक प्रजापति की अध्यक्षता मे किया गया ध्वजारोहण तत्पश्चात प्रसाद भी किया गया वितरण। मौके पर उपरोक्त के अलावा विशेश्वर प्रसाद दीन, सुरज मोहन साहू, राजेन्द्र सोनी, जीतवाहन महतो, सुरेन्द्र साहू, राजु सोनी, गंगा प्रसाद साहू, इत्यादि अनेको रामभक्त ध्वजारोहण कार्यक्रम मे उपस्थित थे।

## सुखदेव भगत को लोहरदगा से सांसद बनाने का कार्य करेगी युवा कांग्रेस : आफताब आलम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** लोहरदगा लोकसभा स्तरीय लोहरदगा में जिला युवा कांग्रेस का बैठक हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी जिला अध्यक्ष गुलाम जिलानी ने किया। बैठक में बतौर अतिथि युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला प्रभारी आफ़ताब आलम ने कहा कि युवा कांग्रेस का जिला कमिटी प्रखंड एवं पंचायत कमिटी के कार्यकर्ता की मदद से प्रत्येक घर तक पहुँच कर पांच न्याय,जैसे किसान न्याय, युवा न्याय, नारी न्याय, हिस्सेदारी न्याय, श्रमिक न्याय जो राहुल गांधी जी का नारा है उसे पहुचाने का कार्य करेंगे। साथ ही प्रत्येक बूथ में एक महिला कार्यकर्ता बनाने का कार्य करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि ये चुनाव संविधान और देश बचाने का चुनाव है युवा इस बार INDIA गठबंधन को वोट करेगी। कार्यक्रम में मौजूद युवा कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव अभिनव सिद्धार्थ ने कहा कि हम सभी को लेकर चुनाव में जाएंगे और हरेक बूथ में कार्यकर्ता मुस्तैदी से खड़ा होकर वोटिंग कराएगा। वहीं प्रदेश महासचिव फहद खान ने कहा कि सिर्फ 40 दिन बचे हैं हरेक कार्यकर्ता प्रत्याशी बन कर कार्य करें जीत निश्चित होगी। वहीं सह प्रभारी पिया बर्मन ने कहा कि हम महिलाओं को जोड़ कर लोहरदग्गा लोकसभा को मजबूत करेंगे महिलाओं की राजनीति में भागीदारी अवश्य होनी चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष, विधानसभा अध्यक्ष, प्रखण्ड अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष मौजूद थे।

## पीडीजे सह डालसा अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर पाल को दी गई भावभीनी विदाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** लोहरदगा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर पाल का आज 31 मार्च 2024 को सिविल कोर्ट परिसर में भावभीनी विदाई दी गई। वे 2 वर्ष 4 माह 10 दिनों तक लोहरदगा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं डालसा के अध्यक्ष रहते हुए आज सेवा निवृत हो गए। उन्होंने कुल 28 वर्ष 3 माह 15 दिनों तक न्यायिक सेवा दी। बेतिया, पश्चिम चंपारण में 16 दिसंबर 1995 को सेवा में योगदान देने की पश्चात आज 31 मार्च, 2024 को उन्होंने अपना चार्ज प्रथम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अखिलेश तिवारी को पीडीजे का प्रभार सौंपा। इस अवसर पर सभी न्यायिक पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। पीडीजे कार्यालय कक्ष में अपराह्न में चार्ज दिया। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय श्री सुभाष, प्रथम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अखिलेश तिवारी, तृतीय जिला न्यायाधीश अरविंद कुमार, वरीय सिविल जज अर्चना कुमारी, सीजीएम डॉक्टर चंदन, डालसा सचिव राजेश कुमार, प्रधान मजिस्ट्रेट जूविनाइल जस्टिस बोर्ड पूजा कुमारी लाल, अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी सह निबंधक सिविल कोर्ट राज कल्याण एवं न्यायिक दंडाधिकारी सुचिता निधि तिगगा उपस्थित रहीं। झारखंड उच्च न्यायालय ने लोहरदगा के अगले पीडीजे सह डालसा अध्यक्ष के रूप में अरविंद कुमार पांडेय का चयन किया है। वे अगले सप्ताह तक लोहरदगा पीडीजे के रूप में अपना योगदान देंगे।

## भारतीय नववर्ष मनाने को लेकर की गई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** रविवार को जिला कार्यालय में विश्व हिन्दू परिषद् के जिलाध्यक्ष कौशलराज सिंहदेव जी की अध्यक्षता में जिला बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रांतीय अधिकारीयों की उपस्थिति रही। बैठक में सेवा, सांगठनात्मक एवं आगामी कार्यक्रम को धरातल पर उतारने हेतु विशेष रूप से चर्चा कर योजना बनाई गई, जिसमें विशेष रूप से नगर सहित पुरे जिला में विश्व हिन्दू परिषद् के बैनर तले भारतीय नववर्ष धूमधाम मनाई जायेगी।पुरे जिले में रामोत्सव नव वर्ष प्रतिपदा से श्री हनुमान जन्मोत्सव तक मनाई जायेगी एवं श्री हनुमान जन्मोत्सव भी धूमधाम से मनाई जायेगी। तत्पश्चात बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती पुरे जिले मनाने की योजना बनी। इस अवसर पर सभी प्रखंडो से दायित्ववान अधिकारीयों की उपस्थिति रही, उन्होंने अपने क्षेत्र की समस्याओं को बैठक में रख आनेवाले कार्यक्रम को पंचायत से लेकर ग्राम स्तर मनाने के लिए प्रखंड और पंचायत में बैठक कर सभी को जागरूक करने की बात रखी। बैठक में विशेष रूप से उपस्थित प्रांतीय अधिकारी और जिला पालक कुलदीप सिंह ने अपने मार्गदर्शन में कहा की हमने एक बाधा को पार कर लिया है और वह है हमारे प्रभु श्रीराम जी का मंदिर, जो हमारे और हमारे राष्ट्र के गौरव की बात है।हमको यहीं नहीं रुकना है भविष्य में हमारे सामने अनेक चुनोतियाँ हैं और उनको पार करने अनेक बधाएँ भी आनेवाली है पर हमें संगठित होकर डटकर उन बढ़ाओं को हराना, सभी दायित्ववान कार्यकर्त्ता अपने दायित्व का पालन ईमानदारी पूर्वक करें।

## लक्ष्य लेकर पढ़ाई व कार्य करें सफलता आपकी कदम चूमेगी : अवनीश चंद्र झा




**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र स्थित जिला के जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना में वार्षिक परीक्षा फल वितरण सह अभिभावक शिक्षक काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम आयोजन से पूर्व छात्राओं द्वारा सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत कर तथा प्रचार्य एवं तिथियों के द्वारा दिप प्रज्वलन कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। छात्र छात्राओं को प्राचार्य अवनीश चन्द्र झा ने सम्बोधित करते हुए कहा की मेहनत करें सकारात्मक फल मिलेगा कोई भी कार्य मे सफलता प्राप्त करने के लिये परिश्रम के साथ मेहनत करना आवश्यक होता है। आप सभी लोग लक्ष्य लेकर पढ़ाई और कार्य करें सफलता आपकी कदम चूमेगी इसमें संदेह नही है। वही अभिभावकों से अनुरोध करते हुए निवेदन किया कि बच्चे बच्चियों का भविष्य निर्माण में शिक्षकों का सहयोग करें जिसे नवोदय विद्यायल में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं का भविष्य संवर सकेगा साथ ही कहा कि जब आप बच्चों को लेकर विद्यालय आते हैं तो शिक्षक शिक्षिकाओं से भी मुलाकात कर बच्चे की पढ़ाई व रहन सहन के बारे में जानकारी लें वही अभिभावक शिक्षक काउंसलिंग में जिला के सभी सातो प्रखंड से सत्र 2024-25 के लिये महिला व पुरुष सदस्य का चुनाव किया गया। तथा कार्यक्रम के पश्चात षष्ठ, सप्तम, अष्टम, नवम और ग्यारहवीं कक्षा में कक्षावार प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर धनंजय कुमार, रमेश उपाध्याय, कुमुद प्रसाद, अरुण नागलोत, सूरज पाण्डेय, आरती विश्वकर्मा, सुनील कुमार, सिमा जायसवाल सहित अभिभावक व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### जय श्री राम समिति ने संगठन विस्तार एवं नववर्ष विक्रम संवत् को लेकर की बैठक

## संगठन की मजबूती ही हम सब के परिवार की सुरक्षा की गारंटी बनेगी : अनिल उरांव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** कूडू प्रखंड के टाटी मंदिर प्रांगण में जय श्रीराम समिति की बैठक संजय चौधरी की अध्यक्षता में की गई। आयोजित बैठक में जिला संरक्षक अजय सोनी, जिला संचालन समिति सदस्य अनिल उरांव, नगर अध्यक्ष दीपक साहू, नगर कार्यकारी अध्यक्ष ज्योति भगत, प्रखंड प्रभारी शुभम कुमार उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से संगठन विस्तार एवं नववर्ष विक्रम संवत् को लेकर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से संरक्षक-लाल विकास नाथ शाहदेव, संजय चौधरी प्रखंड अध्यक्ष-दीपक पासवान कार्यकारी अध्यक्ष-मिंकु राम महामंत्री-हंसवीर कुमार उपाध्यक्ष-शुभम लोहरा संगठन मंत्री विक्की पासवान को बनाया गया साथ ही पंचायत का भी विस्तार किया गया। जिसमें कुडू पंचायत अध्यक्ष-अमन कुमार टाटी पंचायत अध्यक्ष- राहुल साहू सलगी पंचायत अध्यक्ष-आलोक कुमार जिंगी पंचायत अध्यक्ष-अंकुर लाल सहदेव ककडगड़ पंचायत अध्यक्ष-अमित सिंह हेंजला पंचायत अध्यक्ष-अजय साहू कोलसिमरी पंचायत अध्यक्ष-मिथलेश कुमार उडमुडू बारीढीह पंचायत अध्यक्ष-दिलीप महतो जिमा पंचायत अध्यक्ष-अक्षय कुमार लावागाए पंचायत अध्यक्ष अनुज श्रीवास्तव पंडरा पंचायत अध्यक्ष-पवन साहू को बनाया गया। जिला संचालन समिति सदस्य अनिल उरांव ने कहा एक दिन हर व्यक्ति को संगठन से जुड़ना होगा संगठन की मजबूती ही हम सब के परिवार की सुरक्षा की गारंटी बनेगी। आने वाला 9 अप्रैल नए साल का उमंग एवं उत्सव लेकर आ रही है हम सब उस उत्सव में शामिल होकर नव वर्ष की बधाई दे और भव्य शोभा यात्रा निकले ऐसा प्रयास करें साथ ही प्रखंड कमेटी एवं पंचायत के नवनिर्वाचित पदाधिकारीयो को बधाई दी। नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष दीपक पासवान ने कहा नववर्ष के उपलक्ष पर पूरे कुडू प्रखंड से लोहरदगा शोभायात्रा में हजारों हजार की संख्या में लोग शामिल होंगे। इसकी जोर-जोर से तैयारी हो रही है। अध्यक्षता कर रहे हैं संजय चौधरी ने कहा इस बार का नववर्ष जय श्रीराम समिति के नेतृत्व में ऐतिहासिक होगा आगे कहा शोभा यात्रा में सरना सनातन की एकजुटता दिखे इसलिए सभी लोगों से अपील है अधिक से अधिक संख्या में शामिल हो। मौके पर अजय पाहन, नंदलाल यादव, वशिष्ठ पासवान, करण पासवान, देव कुमार साहू, परमानंद प्रसाद, रितेश सिंह, राजा साहू, शुभम कुमार, सूरज साहू, राहुल कुमार, निखिल कुमार, अरुण पासवान, जनार्दन मांझी, शेख लोहरा, मनोज कुमार, अशोक यादव प्रकाश यादव समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### मृत्यु पर विजय का पर्व है ईस्टर : विधायक भूषण बाड़ा

## जिलेभर में धूमधाम से मना ईस्टर, चर्च एवं कब्रिस्तान में जुटे मसीही विश्वासी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** सिमडेगा जिले में रविवार को ईस्टर का त्योहार धूमधाम एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। मौके पर मसीही धर्मावलम्बी विशेष प्रार्थना के लिए विभिन्न चर्चों और कब्रिस्तानों में शामिल हुए। सोगड़ा चर्च, संत अन्ना महागिरजाघर, पिथरा चर्च, बनाबिरा चर्च सहित जिले के अन्य सभी चर्चों के साथ-साथ जीईएल मतावलंबियों के विभिन्न कब्रिस्तानों में विश्वासियों ने पहुंचकर विशेष प्रार्थना की। सोगड़ा चर्च में संत मेंरीज के रेक्टर फा पीयूष खलखो की अगुवाई में मिस्सा बलिदान चढ़ाया गया। उनका सहयोग फा प्रदीप तिर्की ने किया। फा पीयूष ने विश्वासियों को ईस्टर की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मृत्य अंत नहीं, बल्कि नए जीवन की शुरुआत है। मौके पर सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा और जिप सदस्य जोसिमा खाखा भी उपस्थित थे। विधायक भूषण बाड़ा ने भी



लोगों को ईस्टर की बधाई एवं शुभकामना दी। विधायक ने कहा कि ईस्टर मृत्यु पर विजय का पर्व है। यह पर्व हमें बताता है कि जीवन है तो मृत्यु भी है और मृत्यु के बाद भी एक नया जीवन है। विधायक ने कहा कि प्रभु येसु को शूली पर चढ़ा दी गई थी। आज के दिन वे जी उठे थे। जी उठने के बाद उन्होंने उन लोगों को माफ कर दिया, जिन्होंने उन्हें शूली पर चढ़ाया था। शांति, बलिदान, दया और क्षमा के प्रतिमूर्ति प्रभू येशु ने मानव कल्याण के लिए इस धरती पर आए और लोगों को मानवता का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि लोगों को भी क्षमाशील होने की जरुरत है। क्षमा हमें महान बनाता है। हमें सबके प्रति समान भाव रखना चाहिए। लोगों को एक दूसरे के प्रति सम्मान का भाव रखना चाहिए। अपने आस पड़ोस में लोगों के साथ सदव्यवहार रखना चाहिए। अच्छे गुणों को आत्मसात करना चाहिए।

**प्रभु येसु की तरह क्षमाशील बनें : जोसिमा खाखा**

विधायक भूषण बाड़ा अपने पैतृक निवास सोगड़ा में भी ईस्टर का पर्व धूमधाम से मनाया। मौके पर प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने भी लोगों को बधाई दी है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि ईश्वर पर हमेशा विश्वास रखें। उन्होंने विश्वासियों से प्रभु येसु की तरह क्षमाशील बनने के लिए प्रेरित किया। दया और प्रेम को जीवन में स्थान देने का लिया संकल्प । इधर जिले के अन्य सभी चर्च में ईसाइ समुदाय के लोगों ने प्रभु येशु से प्रार्थना कर अपने पापों के लिए क्षमा मांगी। दया और प्रेम को जीवन में स्थान देने का संकल्प लिया। इसके अलावा अलग-अलग कब्रिस्तानों में पहुंचकर उन्होंने कब्रों को सजाया और वहां मोमबत्तियां भी जलाई। साथ ही प्रार्थना भी की। लोग अपने पूरे परिवार के साथ कब्रिस्तान भी पहुंचे। कब्र को बहुत खूबसूरती से सजाया गया।

## चलते चलते एक नजर

### बिहार की हॉट सीट पूर्णिया पर सियासी जंग जारी

**पूर्णिया.** पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र से पूर्व सांसद पप्पू यादव ने चुनावी मैदान में खड़े रहकर कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ा दी हैं. कांग्रेस ने आधिकारिक तौर पर या तय कर दिया है कि पप्पू यादव पूर्णिया से उनकी पार्टी के प्रत्याशी नहीं है. बिहार कांग्रेस के प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने संकेत दिए हैं की पार्टी उनको बाहर का रास्ता भी दिखा सकती है. लेकिन, इन धमकियों से बेपरवाह पप्पू यादव ने घोषणा कर दी है कि वह 2 अप्रैल को पूर्णिया लोकसभा संसदीय क्षेत्र से नामांकन दाखिल करेंगे.कांग्रेस के बिहार मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने कहा कि अगर पप्पू यादव इसके बावजूद पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के फैसले पर अडिग रहते हैं तो पार्टी उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी. वहीं दूसरी तरफ पप्पू यादव ने खुद को जनता का प्रतिनिधित्व बताकर नामांकन दाखिल करने का ऐलान कर दिया है. जाहिर सी बात है अगर पप्पू यादव पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के फैसले पर कायम रहते हैं तो राजद प्रत्याशी बीमा भारती की मुश्किलें बढ़ेंगी. उधर इस मामले उधर मसले पर कांग्रेस के राष्ट्रीय स्तर का कोई नेता कुछ बोलने को तैयार नहीं है. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश सिंह भी पप्पू यादव से जुड़े सवालों को लेकर मीडिया के सामने आने से बच रहे हैं. पप्पू यादव ने कहा है कि मैं महागठबंधन की मजबूती का पक्षधर हूं. लेकिन, पूर्णिया से फ्रेंडली फाइट करना चाहता हूं. प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव पहले ही कह चुके हैं कि पप्पू यादव का मामला उनकी पार्टी का मामला नहीं है. यह कांग्रेस को जानना और समझना होगा. तेजस्वी यादव ने कहा है कि राजद का समझौता कांग्रेस से है ना कि पप्पू यादव से. कुल मिलाकर जो राजनीतिक परिदृश्य उभरकर सामने आ रहा है. उसमें पूर्णिया लोकसभा चुनाव दिलचस्प होता जा रहा है. आने वाले दिनों में तय हो जाएगा कि पप्पू यादव पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र सही हर हाल में चुनाव लड़ेंगे. लेकिन, उसके पहले कांग्रेस उनके खिलाफ एक्शन लेगी यह भी तय माना जा रहा है.

### मराठा समाज को एकजुट करने की तैयारी, जून में मराठाओं की होगी बड़ी सभा

**मुंबई :** मराठा समाज की ओर से जून महीने में बीड़ जिले के नारायण गढ़ में 900 एकड़ जमीन पर मराठाओं की बड़ी सभा किए जाने का निर्णय लिया गया है। इस सभा में बड़ी संख्या में मराठाओं के इकट्ठा होने की संभावना है। इस सभा की तैयारी का निर्देश मराठा नेता मनोज जारांगे ने मराठा समाज को दिया है। मनोज जारांगे ने कहा कि उनका राजनीति में कोई इरादा नहीं है, लेकिन मराठा समाज को यह ध्यान देना चाहिए कि उनका भला कौन कर सकता है। उन्होंने बीड़ जिले में जून महीने में होने वाली सभा की तैयारी का निर्देश दिया है। सभा स्थल से हर 100 मीटर की दूरी पर रोशनी का इंतजाम, हर 100 मीटर पर पानी की टंकी और 100 मीटर पर फूड स्टॉल का इंतजाम किया जाएगा। इतना ही नहीं, हर सौ मीटर पर एक अस्पताल होगा। सभा स्थल पर 500 बिस्तरों वाला अस्थायी आईसीयू अस्पताल होगा, ताकि मराठा भाइयों को सभा स्थल पर स्वास्थ्य सेवा मिल सके। सभा में आने वाले मराठाओं के वाहनों की पार्किंग की भी व्यवस्था की जाएगी। सभा की तैयारियों को लेकर जालना जिले में मनोज जारांगे ने शनिवार को मराठा नेताओं के साथ बैठक की।

## पलामू चेंबर का चाय पर चर्चा कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

# महिलाओं को वोट के लिए प्रोत्साहित करें : वीडी राम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर:** पलामू चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वाधान में मेदनीनगर शहरी क्षेत्र में वोट का प्रतिशत बढ़ाने के लिए ÷चाय पर चर्चा कार्यक्रम का गांधी उद्यान से चेंबर द्वारा सुबह 6 बजे मॉर्निंग वॉक के साथ चाय पीते हुए शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के मुकाबले शहरी क्षेत्र में वोटिंग प्रतिशत काफी कम है। जिसके चलते टोटल वोट प्रतिशत गिर जाता है, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए अच्छे संकेत नहीं है। श्री शंकर ने कहा कि शहरी क्षेत्र में बुद्धिजीवी लोग ज्यादा रहते हैं। जिन्हें अच्छे गलत प्रत्याशी की परख होती है, वैसे लोग मतदान नहीं करेंगे या अपने अगल-बगल वाले को वोट करने के लिए प्रोत्साहित नहीं करेंगे। उनकी थोड़ी सी लापरवाही एक बड़े निर्णय को बदल सकता है। जो समाज हित में नहीं होगा। इसका पूरा प्रभाव क्षेत्र के डेवलपमेंट पर पड़ता है। श्री शंकर ने बताया कि शहरी क्षेत्र में वोटिंग प्रतिशत को बढ़ाने के लिए चेंबर बहुत जल्द प्रशासन के साथ बैठक कर एक निर्णय लेगा कि जो लोग वोट देने के बाद बुथ पर लगे सेल्फी पॉइंट में फोटो खिंचवाएंगे। उस फोटो को दिखाने पर 2 दिन तक शहर के कई रेस्टोरेंट में 20 प्रतिशत

**शहरी क्षेत्र में मतदान बढ़ाना लक्ष्य : आनंद शंकर**



डिस्काउंट, ऑटोमोबाइल में विशेष गिफ्ट,मॉल में विशेष ऑफर, सोना चांदी के मेकिंग चार्ज में डिस्काउंट इत्यादि कई ऑफर भी लेकर आएगा। जिसकी सहमति व्यवसाईयों ने दी है द्य चाय पर चर्चा कार्यक्रम में कई प्रशासनिक एवं शहर के आइकॉन को बारी बारी मुख्य अतिथि के रूप में सुबह-सुबह आधे घंटे के लिए आमंत्रित किया जाएगा। जो वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूक करेंगे और सबका सुझाव भी लेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद वीडी राम थे। जिन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कई अच्छे-अच्छे सुझाव दिए द्य बीडी राम ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में महिलाएं पहले वोट करती थी। इसलिए ग्रामीण क्षेत्र का वोट प्रतिशत ज्यादा होता था। और शहरी क्षेत्र में महिलाएं कामकाज तथा छुट्टी के उत्सव में लग जाती है। जो वोट करने तक नहीं जाते। जिसके चलते वोट प्रतिशत गिर जाता है। अगर सभी लोग माता बहनों को सुबह-सुबह पहले वोट दिला देंगे तो निश्चित रूप से वोट का प्रतिशत बढ़ जाएगा। कार्यक्रम का संचालन चेंबर सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल ने किया। चेंबर के उपाध्यक्ष कृष्ण अग्रवाल ने बताया कि यह कार्यक्रम चुनाव तक चलेगा। हम सभी कॉलोनी में एवं पब्लिक प्लेस में सुबह-सुबह बैठक करेंगे। जहां ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक किया जा सके।

## उत्तर बंगाल में भारी बारिश से लोगों की मौत, मुख्यमंत्री ने कहा- आदर्श संहिता के नियमों को मानते हुए देंगे मुआवजा



एजेंसी

**कोलकाता:** उत्तर बंगाल के कई जिलों में रविवार को तेज आंधी तूफान के साथ हुई भारी बारिश से जनजीवन को भारी क्षति हुई है। कई लोगों की मौत की सूचना मिल रही है, जबकि लगातार बारिश से सैकड़ों पेड़ उखड़ गए हैं। मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं और बिजली के खंभे भी टूट गए हैं। जलापूर्ति और बिजली आपूर्ति व्यवस्था बाधित हुई है। इसे लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दुख जाहिर किया है। उन्होंने कहा है कि उनकी सरकार चुनावी आदर्श आचार संहिता के नियमों को मानते हुए मुआवजा देगी।

माइक्रो ब्लॉगिंग साइट एक्स पर रविवार शाम ममता बनर्जी ने लिखा, यह जानकर दुख हुआ कि आज दोपहर अचानक भारी बारिश और तूफानी हवाएं जलपाईगुड़ी-मैनागुड़ी के कुछ इलाकों में आपदा लेकर आई, जिसमें मानव जीवन की हानि हुई है। कई लोग चोटिल हुए हैं, घरों को नुकसान पहुंचा है, पेड़ और बिजली के खंभे आदि उखड़ गए हैं। ममता ने आगे लिखा, जिला और ब्लॉक प्रशासन, पुलिस, डीएमजी और क्यूआरटी टीमें आपदा प्रबंधन कार्यों में जुट गई और राहत प्रदान की।

प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। जिला प्रशासन मौत के मामले में परिजनों और घायलों को नियमानुसार और एमसीसी का पालन करते हुए मुआवजा प्रदान करेगा। सीएम ने कहा है कि मैं प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी हूं और मुझे यकीन है कि जिला प्रशासन बचाव और राहत प्रदान करने के लिए सभी उपाय करना जारी रखेगा।

## इंडिया गठबंधन की रैली में सुनीता केजरीवाल ने पढ़ा सीएम का संदेश, कहा

# नया भारत बनाएंगे

एजेंसी

**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली में आयोजित इंडिया गठबंधन की रैली में मौजूद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने सीएम अरविंद केजरीवाल का संदेश पढ़ा। सुनीता केजरीवाल ने कहा कि आपके केजरीवाल शेर हैं। वे सच्चे देशभक्त इंसान हैं। केजरीवाल देश के लिए लड़ रहे हैं। केजरीवाल का संदेश पढ़ते हुए सुनीता ने बताया कि केजरीवाल ने कहा,आज भारत मां काफी दुख में हैं। जब सही इलाज नहीं मिलता। उनके बच्चे को भोजन नही मिलता, अच्छी शिक्षा नही मिलती तो भारत मां को दुख होता है। हम नया भारत बनाते हैं। जहा सभी को अच्छा इलाज, बेहतर शिक्षा, पूरी दुनिया से यह लोग आएंगे। एक ऐसा भारत बनाएंगे जहां सभी को



न्याय मिलेगा। 140 करोड़ लोगों से आह्वान करता हूं कि यदि इंडिया गठबंधन को मौका मिलता है तो ऐसा भारत बनाएंगे। सुनीता ने सीएम का संदेश पढ़ते हुए बताया कि केजरीवाल ने देश को छह गारंटी दी हैं। देशभर में 24 घंटे बिजली देंगे। पूरे देश में मुफ्त बिजली होगी। हर गांव में मोहल्ले में सरकारी स्कूल होंगे, मोहल्ला क्लिनीक बनवाएंगे। किसानों को एमएसपी की गारंटी देंगे। दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देंगे। स्वामीनाथ आयोग की सिफारिश को लागू करवाएंगे।केजरीवाल ने कहा कि मैं अपना वादा पांच साल में पूरा करूंगा।रैली में समाजवादी पार्टी के प्रमुख और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे व द्धह्रष्ठ्ठ गठबंधन के अन्य नेता मंच पर उपस्थित हैं। बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और राजद नेता तेजस्वी यादव, नेशनल कॉन्फ्रेंस प्रमुख फारूक अब्दुल्ला, पंजाब के सीएम भगवंत मान और अन्य भारतीय गठबंधन नेता दिल्ली के रामलीला मैदान में रैली में मौजूद रहे।

# मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए पहल करेंगे आनंद शंकर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** लोकसभा चुनाव की तैयारी में पूरा देश लगा हुआ है। विभिन्न राजनीतिक दल के नेता अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। इस चुनाव में अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए प्रत्याशी भी एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। ऐसे में पलामू जिला भी पीछे नहीं है। पलामू जिले में पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आनंद शंकर इस चुनाव में प्रत्याशी तो नहीं है लेकिन भारतीय जनता पार्टी के वे कद्दावर नेता हैं। इस नाते आनंद शंकर ने पलामू में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है। उनका कहना है कि मतदाताओं को जागरूक कर मतदान का प्रतिशत बढ़ाया जा सकता है। इसके लिए उन्होंने जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि पलामू जिला मुख्यालय मेदनी नगर में अधिकतम 50त्न मतदान होता है। उन्होंने कहा कि यहां 80त्न मतदान के लिए वे मतदाताओं को जागरूक करेंगे। पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आनंद शंकर ने कहा कि शहरी क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए वे खुद मतदाताओं के बीच जाएंगे और उन्हें मतदान करने



के लिए जागरूक करेंगे। मतदाताओं के बीच यह समझाया जाएगा की आपका मत बहुत ही बहुमूल्य है और आपका एकमत से देश का भविष्य बदलेगा। इसलिए देश का भविष्य बदलने के लिए और देश को उज्जवल बनाने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें। आनंद शंकर ने बताया कि इसके लिए वे एक ग्रुप तैयार करेंगे। वह ग्रुप घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करेगा। उन्होंने यह भी बताया कि हर रोज सुबह के समय मतदाताओं के बीच वे चाय पर चर्चा करेंगे। इस चर्चा के दौरान उन्हें मतदान के बारे में समझाया जाएगा। इसके अलावा भी मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कई हथकंडे अपनाने की बात उन्होंने कही। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 में मेदनीनगर का मतदान प्रतिशत पूरे राज्य में टॉप रहे, इसके लिए वह कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। आनंद शंकर ने कहा कि लोकतंत्र में मतदान का बहुत बड़ा महत्व है। यह एक राष्ट्रीय पर्व है और इस राष्ट्रीय पर्व में सभी को बढ़-चढ़कर अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस बार चुनाव भीषण गर्मी में होगा। ऐसे में लोगों को घर से निकाल कर उन्हें मतदान केदो तक ले जाना और फिर मतदान केदो से उन्हें घर तक पहुंचाना, यह एक बड़ी जवाब देही है। और इस जवाबदेही का निर्वाहन वे पूरे तन और मन से करेंगे। उन्होंने कहा कि वृद्ध मतदाताओं के लिए पहल करना सबसे जरूरी है। उन्होंने इसके लिए वाहन की व्यवस्था करने का भी मन बना रहे हैं। उनका कहना है कि वृद्ध मतदाताओं को किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं हो और वे मतदान केदो पर जाकर अपना मत भी डालें। इसके लिए मुकम्मल व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने आमजनों से भी अपील की है कि अपने गांव घर और टोला मोहल्ला में हर एक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें और जागरूक करें। क्योंकि मतदान हर एक व्यक्ति का अपना अधिकार है।

### मप्र में वंदे भारत एक्सप्रेस में लगी आग, ट्रेन से नीचे उतरे यात्री

**नरसिंहपुर/जबलपुर :** मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर रेलवे स्टेशन पर जैसे ही वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन रुकी, एकदम तेज चिंगारी आग में तब्दील हो गई। रेल के एक कोच में यह घटना घटी, जिसे तत्काल समय रहते काबू कर लिया गया। घटना इटारसी से जबलपुर जाते समय हुई है। फिलहाल तक घटना में जनहानि की जानकारी नहीं है। इस संबंध में अभी प्रारंभिक जानकारी मिली है। सूत्रों ने बताया कि वंदे भारत एक्सप्रेस के सी-5 कोच में विद्युतीय गतिरोध से (इलेक्ट्रिक शॉर्ट) के चलते यह आग भड़की थी, जिसे समय रहते तत्काल काबू में कर लिया गया। आग निकलते ही सभी यात्री ट्रेन से नीचे उतर गए थे। सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारी एवं कर्मचारी सी-5 कोच पर पहुंच गए थे और आग पर काबू पाया। अभी रेलवे की ओर से अधिकारिक बयान आना शेष है।

## छतरपुर विधानसभा के बूथ स्तरीय भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक पाटन में हुई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पाटन में छतरपुर विधानसभा के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक पाटन ब्लॉक रोड में आयोजित की गई। कार्यक्रम में पलामू लोकसभा चुनाव प्रभारी विनय लाल उपस्थित थे। मौके पर उन्होंने कहा की संगठन की ताकत बूथ का कार्यकर्ता हैं, जो घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचाता है। बूथ कार्यकर्ता वटवृक्ष है। उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करता है। सांसद व विधायक से ज्यादा प्रामाणिकता कार्यकर्ता की है। सांसद पलामू विष्णु दयाल राम ने कहा की कहा कि भाजपा की ताकत उसका बूथ का कार्यकर्ता है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता किसी भी संगठन की रीढ़ होते हैं। उनकी मेहनत से ही संगठन फलता-फूलता है। पलामू संसदीय क्षेत्र में भाजपा को और अधिक मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर



मेहनत करनी होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल एवं गतिशील नेतृत्व में देश तेजी से विकास ही राह पर आगे बढ़ रहा है।

केंद्र सरकार ने जनहित में कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं जिसे बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को घर पर तक पहुंचाने की जरूरत है।विधायक श्रीमती पुष्पा देवी ने कहा कि भाजपा में बूस्ट स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक का काम करने वाला कार्यकर्ता को समान भाव से देखा जाता है। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व सांसद मनोज कुमार, जिला उपाध्यक्ष अरविन्द सिंह, भोला सिंह, प्रमोद सिंह, अरूण दुबे,ईश्वरी पाण्डेय, पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, छतरपुर मंडल अध्यक्ष राम नरेश यादव, नौडीहा बाजार मंडल अध्यक्ष संतोष पाठक, लठेया मंडल अध्यक्ष प्रयाग विश्वकर्मा, मंडल अध्यक्ष किशुनपुर संतोष पाण्डेय, महिला मोर्चा पिंकी विश्वकर्मा, सुजाता सिंह, नीलिमा झा सहित बूथ स्तरीय कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## अभिभावकों के उम्मीदों पर खरा उतरेगी संत मरियम स्कूल : अविनाश देव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** जिले के सुप्रसिद्ध संत मरियम आवासीय विद्यालय अपने स्थापना काल से ही विद्यार्थियों के उत्कृष्टता हेतु कटिबद्ध है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ तकनीकी कौशल व अन्य गतिविधियों पर भी विशेष नजर रखती है, जो कि इस विद्यालय के बच्चे विभिन्न क्षेत्रों में अवल आकर विद्यालय के साथ-साथ जिले के नाम का भी परचम लहरा रहे हैं। यही कारण है कि विद्यालय में नए सत्र प्रारंभ होते ही अभिभावकों की भीड़ उमड़ने लगती है। विदित हो की इस विद्यालय में नामांकन हेतु अब तक तीन चरण में परीक्षा आयोजित हो चुकी है और अंतिम चरण में नामांकन के लिए रविवार को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें 200 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। जिसका रिजल्ट आगामी 3 अप्रैल 2024 दिन बुधवार को प्रकाशित किया जाएगा। इसके उपरांत मेरिट के अनुसार बच्चों का नामांकन लिया जाएगा।

मौके पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने अभीभावकों व परीक्षार्थियों की हौसला अफजाई एंव उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना करते हुए कहा जिस तरह से अभिभावक अपने बच्चों का नामांकन इस विद्यालय में जिस उम्मीद से करा रहे हैं। मैं उनके उम्मीदों पर खरा उतरने का काम करूंगा। इस विद्यालय के बच्चे शैक्षणिक ज्ञान के साथ- साथ उन्हें राष्ट्रवाद,समाजवाद आदर्शवाद, नैतिक मूल्य, सांस्कारिक ज्ञानों से परिपूर्ण करना बेहद आवश्यक है, जो की यह सभी गुण विद्यार्थियों के उत्कृष्ट व्यक्तित्व विकास के सहयोगी है। साथ ही साथ यह भी प्रयास रहेगा की इस विद्यालय के बच्चे परीक्षा में ही उत्तम नहीं बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में सर्वोत्तम स्थान प्राप्त कर अपने सपनों को उड़ान दे सकेंगे। साथ हीं इन्होंने कहा कि इस विद्यालय में नए सत्र की प्रारंभ 5 अप्रैल से हो रही है, जो कि बच्चे नए सिरे से जोश, जुनून और उमंग के साथ शिक्षा ग्रहण करेंगे और खासकर यह विद्यालय लड़को एवं लड़कियो के लिए बेहतर छात्रावास प्रदान कर देश के नव निर्माण में अपना योगदान दे रहा है।

### खत्म हुआ भारत-अमेरिका की तीनों सेनाओं का टाइगर ट्राइंफ अभ्यास

**नई दिल्ली :** भारत और अमेरिका की तीनों सेनाओं के बीच द्विपक्षीय अभ्यास 'टाइगर ट्राइंफ' विशाखापट्टनम में खत्म हो गया है। अभ्यास का समापन समारोह अमेरिकी जहाज यूएसएस समरसेट पर आयोजित किया गया। दोनों देशों के बीच मजबूत रणनीतिक साझेदारी के प्रतीक इस अभ्यास का उद्देश्य बहुराष्ट्रीय मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) संचालन शुरू करने में सर्वोत्तम प्रथाओं और मानक संचालन प्रक्रियाओं को साझा करना था। द्विपक्षीय अभ्यास 'टाइगर ट्राइंफ' का बंदरगाह चरण 18-25 मार्च को विशाखापट्टनम में हुआ, जिसमें प्री-सेल चर्चा, विषय वस्तु विशेषज्ञ विनिमय, खेल कार्यक्रम, जहाज बोर्डिंग अभ्यास और क्रॉस डेक दौरे शामिल थे। सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के हिस्से के रूप में भारत की जीवंत संस्कृति को प्रदर्शित करने वाला होली का त्योहार दोनों नौसेनाओं के कर्मियों ने 25 मार्च को एक साथ मनाया।

## बारामती में भाभी और ननद आमने-सामने

एजेंसी

**मुंबई :** महाराष्ट्र की बारामती सीट पर आगामी लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक मुकाबले का इंतजार है क्योंकि राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के दोनों गुटों के बीच अनोखा पवार बनाम पवार मुकाला देखने को मिलने वाला है. इसमें पार्टी के संरक्षक शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले, अजीत पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार के खिलाफ मैदान में हैं. पुणे का बारामती क्षेत्र पिछले कुछ सालों में कृषि, उद्योग और वाणिज्य में काफी विकसित हुआ है. दशकों से यह पवार परिवार का गढ़ रहा है और इस क्षेत्र ने परिवार की राजनीतिक कहानी हो भी आकार दिया है. इतना ही नहीं बारामती के परिवर्तन में भी पवार परिवार की अहम भूमिका रही है. बता दें कि शरद पवार इस सीट से पहली बार 1960 में चुनाव जीते थे.

### परिवार में फूट

बता दें कि शरद पवार और उनके भतीजे अजीत पवार के नेतृत्व में एनसीपी दो गुटों में बंट गई है और



इस वजह से बारामती में परिवार के बीच यह चुनावी मुकाबला होने वाला है. एनसीपी के संस्थापक गुट ने 54 वर्षीय सुप्रिया सुले को यहां से नामांकित किया है, जब्कि अजीत पवार के गुट ने सुले की भाभी 60 वर्षीय सुनेत्रा पवार को मैदान में उतारा है.पिछले साल 2 जुलाई को, अजित पवार ने आठ एनसीपी विधायकों के साथ एकनाथ शिंदे प्रशासन के साथ गठबंधन किया था, जिससे एनसीपी पार्टी के भीतर दरार पैदा हो गई थी. समाचार एजेंसी पीटीआई के हवाले से एक स्थानीय नेता मदन देवकते ने कहा,मतदाताओं और पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए दो पवारों के बीच चयन करना बहुत कठिन विकल्प होगा. यह एक ऐसा मुकाबला है जिसकी उन्होंने पिछले साल 2 जुलाई से पहले कभी कल्पना भी नहीं की होगी. 1960 के दशक से, बारामती लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र, जिसमें बारामती, इंदापुर, दौंड, पुरंदर, भोर और खडकवासला विधानसभा सीटें शामिल हैं, ने शरद पवार के गढ़ के रूप में काम किया है. अजीत पवार ने 1991 से विधायक के रूप में बारामती का प्रतिनिधित्व किया है और 2019 में 83 प्रतिशत वोट शेयर हासिल करके उन्होंने यहां से जीत भी हासिल की थी.

बारामती लोकसभा क्षेत्र में छह विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं= बारामती शहर, इंदापुर, दौंड, पुरंदर, भोर और खड़कवासला. इन क्षेत्रों में, भोर और पुरंदर पर कांग्रेस का प्रभाव है, जबकि बारामती और इंदापुर ने ऐतिहासिक रूप से (विभाजन से पहले) एनसीपी का पक्ष लिया है. दौंड और खड़कवासला में बीजेपी का प्रभाव है. 2019 के चुनावों में, सुप्रिया सुले ने एनसीपी के बैनर तले बारामती निर्वाचन क्षेत्र में अपनी लगातार तीसरी जीत हासिल की थी. सुनेत्रा पवार लोकसभा चुनाव लड़ने वाली अजित पवार के परिवार की दूसरी सदस्य हैं. 2019 में, अजीत के बेटे पार्थ ने पुणे जिले की मावल सीट से चुनाव लड़ा था लेकिन वह शिवसेना के श्रीरंग बार्ने से हार गए थे. सुनेत्रा पवार मराठवाड़ा के एक राजनीतिक रूप से सक्रिय परिवार से हैं. वह पूर्व मंत्री पदमसिंह पाटिल की बहन हैं, जो शुरू में कांग्रेस से थे लेकिन बाद में 1999 में शरद पवार की एनसीपी में शामिल हो गए थे.